करगिल में स्थापित होगा 10,000 लीटर का डेयरी प्लांट -12

वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति -12

ईरान के खिलाफ युद्ध 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया -13

व्यक्तिगत उपलब्धियों की बजाय टीम के लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करता हूं : भुवनेश्वर -14

आज का मौसम
36.0°
अधिकतम तापमान
23.0°
न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.31
सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 12:50 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शनिवार, 2 मई 2026, वर्ष 36, अंक 84, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

न्यूज ब्रीफ

अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट की मांग खारिज

नई दिल्ली : उच्चतम न्यायालय ने भाजपा नेताओं अनुराग ठाकुर और प्रवेश वर्मा के खिलाफ कथित नफरत फैलाने वाले भाषणों के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने अपने फैसले में कहा कि इन नेताओं के बयानों से कोई संज्ञेय अपराध नहीं बनता है।मामला : यह मामला 2020 में दिल्ली के शाहीन बाग में सीएए विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दिए गए भाषणों से जुड़ा है। माकपा नेता वृंदा करात और के. एम. तिवारी ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसने निचली अदालत द्वारा एफआईआर दर्ज करने से इनकार करने के निर्णय को सही ठहराया था। शीर्ष अदालत ने माना कि उच्च न्यायालय का आकलन सही था और इसमें हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है।

तेलंगाना: फार्मा फैक्ट्री में ब्लास्ट, एक कर्मचारी की मौत

हैदराबाद। नालगोंडा जिले में शुक्रवार को एक दवा फैक्ट्री में भीषण विस्फोट होने से 5 कर्मचारी झुलस गए और एक की मौत हो गई। हादसा चित्याल के पास स्थित प्लांट में उस समय हुआ जब कर्मचारी काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में विस्फोट का कारण संयंत्र में अत्यधिक दबाव बनना लग रहा है। जिस समय धमाका हुआ, प्लांट में कुल आठ लोग मौजूद थे। झुलसे हुए लोगों में से पांच कर्मचारी 10 से 15 प्रतिशत तक जले हैं।

मजदूरी नहीं देगा, तो सरकार काम तमाम करेगी : मुख्यमंत्री

शोषण या मजदूरी में कटौती बर्दाश्त नहीं, यूपी में विकसित होगा सख्त निगरानी तंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रमिकों के सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए दो टूक कहा कि काम किया है तो दाम भी मिलना चाहिए। अगर कोई मजदूरी नहीं देगा, तो सरकार उसका काम तमाम करेगी । उन्होंने कहा कि अब श्रमिकों के शोषण या मजदूरी में कटौती को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के आईजीपी में आयोजित "श्रमवीर गौरव समारोह 2026" में श्रमिक कल्याण एवं आधारभूत संरचना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास समेत उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों और अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और टैबलेट देकर सम्मानित करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार से जुड़े कई बड़े फैसलों और योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार हर श्रमिक परिवार को स्वास्थ्य सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब श्रमिक वर्ग सुरक्षित, सम्मानित और आत्मनिर्भर होगा। बताया कि 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराए जा चुके हैं। शेष 15.83 लाख श्रमिकों को भी जोड़ने का लक्ष्य है। कहा कि औसतन एक परिवार में पांच सदस्यों के आधार पर यह पहल 75 से 80 लाख लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा देगी, जबकि सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 1 करोड़ श्रमिक परिवारों (करीब 5 करोड़ लोगों) तक पहुंचाने का है।

लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' में अटल आवासीय विद्यालय वाराणसी के प्रधानाचार्य सत्येंद्र प्रताप सिंह को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

- 12.26 लाख निर्माण श्रमिकों को आयुष्मान सुविधा, 15.83 लाख को जल्द जोड़ा जाएगा

औद्योगिक विकास और श्रमिक हित साथ-साथ

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि उद्योग और श्रमिक एक-दूसरे के पूरक हैं और दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने चेताया कि जहां औद्योगिक अशांति होती है, वहां अंत में खंडहर के सिवाय कुछ नहीं बचता है। सरकार नए वेज बोर्ड के गठन के जरिए श्रमिकों के वेतन, बीमा और अन्य सुविधाओं को और बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों को भी 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा कवर देने की तैयारी है।

घूसखोरी के मामले में राजस्व निरीक्षक को सजा

अंबेडकरनगर। रिश्वतखोरी के एक मामले में राजस्व निरीक्षक राम जियावन शर्मा को सात साल कैद की सजा सुनाई गई है। एंटी करप्शन कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें उन पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। यह एंटी करप्शन कोर्ट की स्थापना के बाद आया पहला फैसला है। विशेष न्यायाधीश एंटी करप्शन कोर्ट रजत वर्मा ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि दोषी राम जियावन शर्मा जुर्माना अदा नहीं करते हैं, तो उन्हें 120 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियोजन अधिकारी कृष्ण चंद्र वर्मा ने बताया कि यह मामला अंबेडकरनगर जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र से संबंधित है। बरामदपुर गांव निवासी शिकायतकर्ता मनोज मिश्रा ने अपनी दादी की भूमि के बगल के चक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पैमाइश का अनुरोध किया था। इसी कार्य के लिए राजस्व निरीक्षक शर्मा ने उनसे 2000 रुपए की रिश्वत मांगी थी। मनोज मिश्रा ने 5 जून 2014 को उप जिलाधिकारी भीटी को प्रार्थना पत्र दिया था। उप जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को पुलिस टीम के साथ चक मार्ग की नाप करने का आदेश दिया। रिश्वत मांगे जाने पर मनोज मिश्रा ने एंटी करप्शन विभाग में शिकायत दर्ज कराई। टीम ने 25 जून 2014 को राजस्वत निरीक्षक को रिश्वत की धनराशि के साथ गिरफ्तार कर लिया था।

ऊर्जा संकट का बड़ा प्रहार

कमर्शियल सिलेंडर 993, पांच किलो वाला 261 रुपये महंगा

नई दिल्ली, एजेंसी/ अमृत विचार नेटवर्क

पश्चिम एशिया में गहराते युद्ध और सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट का सीधा असर अब भारतीय बाजार पर दिखने लगा है। शुक्रवार को सरकारी तेल कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 की ऐतिहासिक वृद्धि की घोषणा की, जिससे 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर का दाम 3,071.50 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसके साथ ही 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर के दाम भी 261 बढ़कर 810.50 हो गए हैं।

सरकार ने 33 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखा है, वहीं दूसरी ओर तेल कंपनियों पर वित्तीय दबाव खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें 50% बढ़ने के बावजूद खुदरा रेट न बढ़ने से कंपनियों को डीजल पर 18 और पेट्रोल पर 14 प्रति लीटर का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। इंडियन ऑयल ने स्पष्ट किया कि देश के 80% पेट्रोलियम उत्पादों, जो आम आदमी से जुड़े हैं, उनकी कीमतों में कोई बदलाव नहीं कर उन्हें सुरक्षित रखा गया है।

उत्पाद	नई कीमत (दिल्ली)	बढ़ोतरी
कमर्शियल गैस (19kg)	3,071.50	+ 993
छोटा सिलेंडर (5kg)	810.50	+ 261
थोक डीजल	149.00+	+ 12
पेट्रोल / घरेलू गैस	बदलाव नहीं	

- पश्चिम एशिया युद्ध से वैश्विक सप्लाई चेन ठप, 50% तक उछले कच्चे तेल के दाम
- सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए खुद सहा 18 प्रति लीटर तक का नुकसान

क्यों गहराया संकट?

होर्मुज की बंदी : वैश्विक तेल परिवहन का मुख्य मार्ग पिछले तीन महीनों से बाधित है।युद्ध का प्रभाव : पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने सप्लाई चेन को तोड़ दिया है।रणनीति : सरकार कीमतों में वृद्धि को 'चरणबद्ध' तरीके से लागू कर रही है ताकि अर्थव्यवस्था पर अचानक बोझ न पड़े।

एअरलाइंस को संजीवनी, दिल्ली के रेट स्थिर

विमानन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए घरेलू एटीएफ की दरें स्थिर रखी गई हैं। एअर इंडिया और इंडिगो जैसी कंपनियों ने पहले ही आगाह किया था कि लागत बढ़ने से उड़ानें अव्यवहारिक हो रही हैं। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 94.72 और डीजल 87.62 प्रति लीटर पर टिका हुआ है।

केरल में होटल संगठन की राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा

कोच्चि। केएचआरए ने वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में छह मई को राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा की है। प्रदेश अध्यक्ष जी. जयपाल ने कहा कि एलपीजी कीमतों में अनुचित बढ़ोतरी के विरोध में छह मई को राज्यभर के सभी होटल और रेस्तरां बंद रहेंगे।

रेस्तरां का खाना 15% तक हो सकता है महंगा

नई दिल्ली। एफएचआरएआई का दावा है कि वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमतों में हुई भारी बढ़ोतरी से होटल और रेस्तरां उद्योग पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, जिससे खाने-पीने की चीजों के दाम 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ने की आशंका है।

रियल एस्टेट कारोबारी ने 11वीं मंजिल से कूदकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गुडंबा के कुर्सी रोड स्थित जनेश्वर इन्क्लेव की 11वीं मंजिल से कूदकर रियल एस्टेट कारोबारी प्रबल जैन (31) ने जान दे दी। गुरुवार रात परिसर में उसके गिरने के बाद लोगों ने ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मौत की पुष्टि कर दी। उसने गुरुवार को हुए आरसीबी और गुजरात टाइटंस के आईपीएल मैच में लाखों रुपये सट्टे में लगाए थे। सुसाइड के पहले प्रबल ने पत्नी को कॉल कर सट्टे में हारने की बात बताई। पत्नी ने उसे समझाया, लेकिन उसने उनका फोन काट दिया। मोबाइल फोन कब्जे में लेते हुए पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सेशन बेटिंग इसमें सटोरिये हर बॉल, ओवर, या सेशन (10-15 ओवर) में बनने वाले रनों या विकेटों पर दांव लगाते हैं। प्रबल सेशन बेटिंग में काफी पैसे हार चुका था।

सीतापुर महमूदाबाद के मूल निवासी प्रबल जैन जनेश्वर इन्क्लेव में ओमप्रकाश श्रीवास्तव के फ्लैट डी-1102 में किराये पर रहते थे। साथ में पत्नी शिवानी जैन भी रहती थी। शिवानी इकाना स्टेडियम के पास स्थित फीनिक्स प्लासियो मॉल में फ्लोर मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। दोनों का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था।

--

मौके से एक सुसाइड नोट और दो मोबाइल मिला है। उसमें मैच में रुपये हारने की बात लिखी है। प्रबल ने पत्नी और परिवार से माफी मांगी है। बैंक स्टेटमेंट और परिवार की शिकायत के आधार पर जांच की जाएगी।

-अनिद्य विक्रम सिंह, एसीपी गाजीपुर

सरकार पर लगाया दस लाख का हर्जाना

बिना कारण गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट का सख्त रुख

विधि संवाददाता, लखनऊ

बिना कारण बताए एक व्यक्ति की गिरफ़्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाते हुए राज्य सरकार पर दस लाख रुपये का हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने हर्जाने की यह रकम चार सप्ताह में याची को देने का आदेश दिया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि इस रकम को सरकार जिम्मेदार अधिकारियों से वसूल सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने याची की गिरफ़्तारी को अवैध ठहराते हुए उसे तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

उक्त निर्णय न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने गिरफ्तार किए गए व्यक्ति मनोज कुमार की ओर से उसके पुत्र मुदित कुमार की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर पारित किया है। वहीं कोर्ट ने यह भी टिप्पणी की कि अपर मुख्य सचिव गृह ने अपने शपथ पत्र में यह स्पष्ट करने में असफल रहे कि याची को तीन माह से अवैध हिरासत में रखने के कारण राज्य सरकार पर क्यों न हर्जाना लगाया जाए। कोर्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा है कि गृह विभाग के सबसे बड़े अधिकारी का यह हाल है तो समझा जा सकता है कि प्रदेश के अन्य अफसर किस प्रकार काम कर रहे हैं। मामले में याची मनोज कुमार को 27 जनवरी 2026 को उन्नाव जिले के आसीवन थाने में दर्ज एक मुकदमे में गिरफ्तार किया गया था। याचिका में का आरोप लगाया गया कि गिरफ्तारी के समय याची को कारणों की जानकारी नहीं दी गई, जो संविधान के अनुच्छेद 21 व 22(1) का उल्लंघन है। न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के मिहिर राजेश शाह व डॉ. राजिंदर राजन मामलों में दिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि गिरफ्तारी के कारणों को लिखित रूप में बताना अनिवार्य संवैधानिक दायित्व है। कोर्ट ने पाया कि गिरफ्तारी प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं लिहाजा मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया रिमांड आदेश भी अवैध गिरफ्तारी पर आधारित होने के कारण बने रहने योग्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि याची को तीन माह से अधिक समय तक अवैध रूप से जेल में रखा गया, जो व्यक्तिगत स्वतंत्रता का गंभीर उल्लंघन है।

रोकी टोल वसूली : गंगा एक्सप्रेस-वे पर 15 दिन तक करें मुफ्त सफर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता को बड़ी सौगात देते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को वाणिज्यिक परिचालन की तारीख से पहले 15 दिनों तक टोल-मुक्त रखने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के इस फैसले के बाद अब यात्री बिना किसी शुल्क के प्रदेश के सबसे लंबे और अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे का अनुभव ले सकेंगे।

शुक्रवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपीडा ने निर्माण कंपनियों आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को तत्काल प्रभाव से 15 दिनों तक टोल संग्रह स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं।राजस्व की भरपाई करेगी सरकारपीपीपी मॉडल पर बने इस एक्सप्रेसवे में कंपनियों को 27 वर्षों तक टोल वसूली का अधिकार है। हालांकि, शुरुआती 15 दिनों में होने वाले राजस्व नुकसान की भरपाई राज्य सरकार या यूपीडा द्वारा अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी।

उप्र की अर्थव्यवस्था के लिए 'गेम चेंजर'मेरठ से प्रयागराज तक 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे को उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिए 'पासा पलटने वाला' माना जा रहा है। सरकार का उद्देश्य है कि टोल छूट के माध्यम से अधिक से अधिक लोग इसकी गुणवत्ता, गति और जन-सुविधाओं से सीधे रूबरू हो सकें। यूपीडा ने स्पष्ट किया है कि टोल-फ्री अवधि के दौरान भी परिचालन और रखरखाव से संबंधित सभी मानकों का सख्ती से पालन किया जाएगा।

- मुख्यमंत्री ने परिचालन शुरू होने से पहले दो हफ्ते टोल टैक्स वसूली पर लगाई रोक

मतगणना पर्यवेक्षकों पर छिड़ी कानूनी जंगः सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीएमसी

नई दिल्ली/कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के परिणामों से ठीक पहले 'मतगणना पर्यवेक्षकों' की नियुक्ति को लेकर घमासान तेज हो गया है। तृणमूल कांग्रेस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पार्टी ने चुनाव आयोग के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें मतगणना के लिए केवल केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों को ही पर्यवेक्षक और सहायक नियुक्त करने की बात कही गई है।

4 मई को होने वाली मतगणना को देखते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार को तत्काल सुनवाई के लिए एक स्पेशल बेंच का गठन किया है। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जोयमलया बागची की पीठ इस याचिका पर विचार करेगी। इससे पहले, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीएमसी की उस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसमें राज्य सरकार के कर्मियों को इस प्रक्रिया से बाहर रखने का विरोध किया गया था। उच्च न्यायालय ने माना था कि यह निर्णय निर्वाचन आयोग के विशेषाधिकार के अंतर्गत आता है और इसमें कोई अवैधता नहीं है। टीएमसी का कहना है कि राज्य के कर्मचारियों को पूरी तरह बाहर रखना और केवल केंद्रीय कर्मियों पर भरोसा करना निष्पक्षता पर सवाल उठाता है।

राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज कराने की याचिका खारिज

प्रयागराजः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह आदेश न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की पीठ ने सिमरन गुप्ता द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई के बाद दिया।

मामलाः याचिकाकर्ता ने राहुल गांधी द्वारा 15 जनवरी 2025 को कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन पर दिए गए बयान को 'देशद्रोही' बताते हुए संभल की अदालत में शिकायत की थी। निचली अदालत द्वारा अर्जी खारिज होने के बाद उन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया था। हाईकोर्ट ने 8 अप्रैल को सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा था, जिसे शुक्रवार को सुनाते हुए याचिका खारिज कर दी गई।

पहल | मई से श्रावस्ती में होगी शुरुआत, ग्राम पंचायत स्तर पर खुलेगी चौपाल

संध्या संवाद से गांव-गांव पहुंचेगी सरकार की बातें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः देवीपाटन मंडल में 'संध्या संवाद कार्यक्रम' की शुरुआत आठ मई से की जा रही है। इसकी शुरुआत श्रावस्ती की चयनित ग्राम पंचायत से होगी। जहां खुली चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जाएंगी, मौके पर ही उनका निस्तारण किया जाएगा। योगी सरकार इस मॉडल को सभी मंडलों में अपना सकती है।

देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि यह पहल मुख्यमंत्री के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही है।

कार्यक्रम के तहत गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर की ग्राम पंचायतों में संवाद स्थापित किया जाएगा, जिससे ग्रामीण सीधे प्रशासन से जुड़ सकें। कार्यक्रम के दौरान एक दिवसीय विशेष शिविर भी लगाया जाएगा, जहां पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा। प्रमाणपत्र वितरण भी उसी दिन किया जाएगा, ताकि लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

- मौके पर समाधान व लाभ वितरण, अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर

दोपहर तक जनसुनवाई, शाम को खुली चौपाल

आठ मई को श्रावस्ती में सुबह 10 से 12 बजे तक जनसुनवाई होगी। इसके बाद दोपहर 12 से 1 बजे तक कर्मचारियों और पेंशनरों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। दोपहर 2 से 4 बजे तक निर्माणाधीन और पूर्ण परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। शाम 5 से 7 बजे के बीच चयनित ग्राम पंचायत में "संध्या संवाद" के तहत खुली चौपाल आयोजित होगी। सरकार का मानना है कि इस पहल से न केवल योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि जमीनी समस्याओं की पहचान कर उनका त्वरित समाधान भी संभव होगा।

मौके पर रिकार्ड के साथ आएंगे अफसर

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ मौके पर उपस्थित रहें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को प्रमाणपत्र भी मौके पर ही वितरित किए जाएंगे, जिससे उन्हें बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। इस पहल को प्रशासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम माना जा रहा है, जिससे न केवल समस्याओं का त्वरित समाधान होगा बल्कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं की भी पहचान की जा सकेगी।

अन्य जिलों में भी लागू हो सकता मॉडल

संध्या संवाद कार्यक्रम को सफल होने पर प्रदेश के अन्य मंडलों और जिलों में भी लागू किया जा सकता है। ग्राम पंचायत स्तर पर सीधा संवाद स्थापित कर योजनाओं का लाभ देना शासन की प्राथमिकताओं को तेजी से पूरा करने में सहायक होगा। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी, शिकायतों का समयबद्ध समाधान होगा।

न्यूज ब्रीफ

'हायर एंड फायर' व्यवस्था से श्रमिकों में असुरक्षा बढ़ी

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि वर्तमान में आउटसोर्सिंग, दैनिक वेतन और 'हायर एंड फायर' जैसी व्यवस्थाओं ने श्रमिकों के जीवन में असुरक्षा बढ़ा दी है, जिससे उनके परिवार, शिक्षा और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा और मई दिवस के अवसर पर कहा कि गौतम बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर लोगों के जीवन को सुखी और समृद्ध बनाना ही सच्चा राजधर्म है। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों की जान-माल और मजहब की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, इसे ही बुद्ध के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया। मायावती ने कहा कि शिक्षा और आत्मविकास के माध्यम से ही देश महान बन सकता है।

बच्चों के हाथ में किताब हो, औजार नहीं : त्यागी

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर रालोद के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोकी त्यागी ने बाल श्रम को देश के भविष्य के साथ समझौता बताते हुए इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि "बच्चों के हाथों में औजार नहीं, बल्कि किताबें होनी चाहिए", ताकि वे शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में त्यागी ने न्यूनतम मजदूरी के सख्त अनुपालन पर जोर देते हुए कहा कि आज भी कई स्थानों पर श्रमिकों को उचित पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सरकार से बाल श्रम उन्मूलन के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर ने श्रमिकों के सम्मानजनक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया।

बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ में उमड़ा आस्था का सैलाब

अमृत विचार, लखनऊ : बुद्ध पूर्णिमा पर सारनाथ में आयोजित 'बौद्ध महोत्सव' में देश-विदेश से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान गौतम बुद्ध की पवित्र अस्थि धातु के दर्शन किए। इंटरनेशनल बौद्धिस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट, महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया और जम्बू द्वीप बुद्ध विहार के संयुक्त तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में भिक्षुओं, विद्यार्थियों और अनुयायियों की बड़ी भागीदारी रही।

अजय राय की तबीयत बिगड़ी, मेदांता में भर्ती

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की तबीयत शुक्रवार शाम अचानक बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में उन्हें तत्काल मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है, देर शाम उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। जहां, उनका इलाज चल रहा है। पार्टी प्रवक्ता अंशु अवस्थी के अनुसार, सोडियम स्तर कम होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष अपने आवास पर बेहोश हो गए, फिलहाल उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और विस्तृत मेडिकल जांच जारी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी हुई है।

पहले अंधेरा था, अब घर में उजाला...साझा की जिंदगी में बदलाव की कहानियां

श्रमवीर गौरव समारोह में सीएम से सम्मान पाकर भावुक हुए श्रमिक, मेधावी छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह, लाभार्थी बोले- जीवन में आया सकारात्मक बदलाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: 'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए सम्मान और भावनाओं का विशेष अवसर बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सम्मानित होकर श्रमिकों और मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया और खुशी जताई।

राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों और अटल आवासीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र और टैबलेट देकर सम्मानित किया। सीतापुर के श्रमिक मुन्नालाल सम्मान पाकर भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि पहले घर में अंधेरा रहता था और मिट्टी के तेल की डिबरी से काम चलता था, लेकिन अब बिजली, आवास और गैस कनेक्शन जैसी सुविधाएं मिल गई हैं।

'श्रमवीर गौरव समारोह-2026' के दौरान श्रमिकों और उनके मेधावी बच्चों को सम्मानित करने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री योगी, साथ में अन्य। अमृत विचार

समय पर मजदूरी से बदली जिंदगी

बरेली के आकाश, जो ओमैक्स मेट्रो सिटी, कल्ली पश्चिम (रायबरेली रोड) में मिस्त्री के साथ हेल्पर के रूप में कार्यरत हैं, ने बताया कि अब उन्हें समय पर मजदूरी मिलती है। इससे परिवार का भरण-पोषण सुचारु हुआ है और आर्थिक स्थिति में सुधार आया है।

महिला श्रमिकों ने जताया आभार

लखनऊ की श्रमिक प्यारी और सरस्वती ने कहा कि अब उन्हें काम के साथ आवश्यक सुविधाएं और समय पर भुगतान मिल रहा है, जिससे उनका जीवन पहले की तुलना में बेहतर हुआ है।

छात्रों ने जताया गर्व, संजोए सपने

समारोह में अटल आवासीय विद्यालयों के कक्षा-10 के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रा अभिलाषा ने कहा कि मुख्यमंत्री से सम्मान पाना उनके लिए गर्व का क्षण है और वह आगे चलकर डॉक्टर बनना चाहती हैं।

सम्मान से बढ़ा उत्साह : प्रधानाचार्य

अटल आवासीय विद्यालय प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल कांत मिश्रा और वाराणसी के प्रधानाचार्य सत्येंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह का सम्मान शिक्षकों और छात्रों दोनों का उत्साह बढ़ाता है।

ढिलाई बर्दाश्त नहीं, 30 मई तक डी-सिल्टिंग पूरी करें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने पेयजल, सिंचाई और राहत प्रबंधन को लेकर दिए सख्त निर्देश

- सूखा आशंका के बीच अलर्ट मोड में सरकार, हर जिले में 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश
- किसानों के हित सर्वोपरि, टेल एंड तक पानी पहुंचाने और वैकल्पिक इंतजाम पुख्ता करने पर जोर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: भीषण गर्मी और सामान्य से कम वर्षा की आशंका को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशभर में पेयजल, सिंचाई और राहत प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी और सभी विभाग अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें। 30 मई तक हर हाल में डी-सिल्टिंग पूरी करें।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में कहीं भी पेयजल संकट नहीं होना चाहिए। पाइप्ड जल योजनाओं के साथ टैंकर जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं पूरी तरह तैयार रखी जाएं। साथ ही शासन से लेकर जनपद स्तर तक 24×7 कंट्रोल रूम सक्रिय रहें और नियमित सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव और डीजीपी तक पहुंचती रहे।

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए नहरों, तालाबों और पोखरों की डी-सिल्टिंग 30 मई तक हर हाल में पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे न केवल जल संचयन बढ़ेगा, बल्कि सिंचाई व्यवस्था भी मजबूत होगी। तालाबों से निकली मिट्टी को प्रजापति समाज और पारंपरिक कुम्हार शिल्पकारों को निःशुल्क उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया है, ताकि जल संरक्षण के साथ आजीविका के अवसर भी सृजित हों। गर्मी से बचाव के लिए अस्पतालों में हीट स्ट्रोक और लू से निपटने की तैयारियां मजबूत करने के निर्देश दिए गए हैं।

अपने आवास पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

सूखा घोषित करने की तैयारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व में सूखा प्रभावित रहे 18 जिलों में विशेष निगरानी रखने और 15 जून से 30 जुलाई के बीच स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए। आवश्यकता पड़ने पर समयबद्ध तरीके से सूखा घोषित करने और राहत कार्य शुरू करने को कहा गया है।

किसानों के लिए विशेष निर्देश

किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी नलकूपों को क्रियाशील रखने, समय पर मरम्मत और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टेल फीडिंग के जरिए अंतिम छोर तक सिंचाई पानी पहुंचाने पर विशेष जोर दिया, ताकि किसी भी क्षेत्र में पानी की कमी न हो। अनुदानित बीज वितरण, फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है।

एमबीए छात्र ने यमुना नदी में कूदकर दी जान

संवाददाता, प्रतापगढ़

अमृत विचार : मानधाता के गाजीपुर गांव निवासी सीआरपीएफ जवान विजय प्रताप सिंह सपरिवार प्रयागराज के शांतिपुरम में रहते हैं। उनका इकलौता बेटा 21 वर्षीय अंश प्रताप सिंह वहां रहकर एमबीए की पढ़ाई करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अंश गुरुवार दोपहर बाद नए यमुना पुल पर पहुंचा। उसने अपनी बाइक पुल पर खड़ी की और अचानक नदी में कूद गया।

घटना देखकर आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। कीडगंज पुलिस और जल पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। गोताखोरों की मदद से लगातार तलाश अभियान चलाया गया। घंटों की मशक्कत के बाद अंश का शव नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके से छात्र की बाइक और मोबाइल फोन कब्जे में ले लिया है। शुरुआती जांच में आत्महत्या की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। परिजनों ने भी कोई कारण नहीं बताया है, हालांकि चर्चा रही कि अंश पिछले कुछ दिनों से गुमसुम रहता था। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

कार्यालय उपजिलाधिकारी सलोन, जनपद-रायबरेली

पत्रांक 943/रा.नि. (कार्या.)-सेवा समाप्ति/2026 दिनांक: 24 अप्रैल, 2026

नोटिस

श्री आशीष विक्रम सिंह
निलम्बित लेखपाल, तहसील- सलोन।
म0नं0-एम.आई.जी.-54
आर.डी.ए. मोहल्ला इन्दिरा नगर
तहसील- सदर, जनपद- रायबरेली।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 15.09.2022 को निलम्बित करते हुए दिनांक 30.09.2022 को जारी आरोप पत्र दिनांक 05.12.2023 को आपने प्राप्त किया। दिनांक 18.12.2023 को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर आप द्वारा एक सप्ताह का अवसर मांगा गया। दिनांक 18.12.2023 से दिनांक 25.02.2026 तक आरोप पत्र का जवाब जांच अधिकारी/नायब तहसीलदार सलोन के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया। ऐसी दशा में 15 दिन का अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए पुनः सूचित किया जाता है कि समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर अपना स्पष्टीकरण जांच अधिकारी/नायब तहसीलदार सलोन के माध्यम से अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में कार्य दिवस पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। जवाब/स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में समझा जायेगा कि आप को उपुर्यक्त विषय में कुछ नहीं कहना है। तदोपरान्त आपको लेखपाल पद की सेवा से समाप्ति करने की कार्यवाही कर दी जायेगी।

उपजिलाधिकारी
सलोन, रायबरेली।

UP-250768 दिनांक 01.05.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा में लगाई पुण्य की डुबकी

कुंडा (प्रतापगढ़): बैशाख पूर्णिमा को ही बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। श्रद्धा, आस्था के नजरिए से दोनों पूर्णिमा का विशेष महत्व है। शुक्रवार को दोहरी पूर्णिमा पर लाभ पाने को श्रद्धालुओं की भीड़ गुरुवार शाम से ही गंगा घाटों पर पहुंचने लगी। आधी रात के बाद से ही श्रद्धालु हर हर गंगे के जयकारे संग गंगा की धारा में डुबकी लगाने लगे। गंगा स्नान पूजन के बाद यजमानों ने ब्राह्मणों को दान दक्षिणा दिया। गरीबों,असहायों को अन्नदान, वस्त्रदान, द्रब्यदान देकर घर परिवार के कुशलता की कामना किया। गंगा पूजन के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ मानिकपुर में सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी देवी,बाबा हौदेश्वरनाथ धाम पर जुटी।

याद किए गए श्रमिक चेतना के प्रतीक स्व. रघुवीर,उनकी कृति का हुआ लोकार्पण

कृति लाल सितारा का लोकार्पण करते अतिथिगण।

प्रतापगढ़ अमृत विचार : श्रमिकों के अंतर्राष्ट्रीय त्योहार मई दिवस पर शुक्रवार को श्रमिक चेतना के प्रतीक स्व.रघुवीर सिंह पवन को याद किया गया। जिला पंचायत सभागार में उनकी कृति लाल सितारा का समारोह पूर्वक लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि प्रगतिशील शायर जमुना प्रसाद उपाध्याय ने रघुवीर सिंह पवन के व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ. शक्ति कुमार पांडेय, वरिष्ठ साहित्यकार राजमूर्ति सिंह सौरभ,डॉ.राजेंद्र राज, डॉ.अनुज नागेंद्र, शोभनाथ फैजाबादी,आचार्य अनीस देहाती,जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल के अध्यक्ष हेमंत नंदन ओझा,महामंत्री नारेंद्र प्रसाद मिश्र,जितेंद्र पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अतिथियों ने प्रकाशन के लिए अनुज प्रकाशन का आभार व्यक्त किया। अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.दुर्गा प्रसाद ओझा एवं संचालन सुनील प्रभाकर ने किया। अंत में कर्मचारी नेता इंद्रमणि मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कर्मचारी नेता लाल बहादुर तिवारी,डॉ. दयाराम मौर्य रत्न,निर्झर प्रतापगढ़ी,गजेंद्र सिंह विकट,आफताब जौनपुरी, मुर्तजा जाफरी,बीपी त्रिपाठी,रवि प्रकाश सिंह,राजमणि पांडेय,निर्भय प्रताप सिंह, मनोज समेत बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए

बुद्ध की शिक्षाओं और उनके द्वारा बताए मार्ग का प्रदर्शन करते बच्चे।

प्रतापगढ़, अमृत विचार : संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। छात्रों ने गौतम बुद्ध की शिक्षाओं और उनके द्वारा बताए गए मार्ग का विभिन्न रचनात्मक तरीकों से प्रदर्शन किया। दीप प्रज्ज्वलन कर निदेशक रंजन सिंह शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आज पवित्र स्मृति का दिन है। हमें भगवान बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। छात्र – छात्राओं ने तन शुद्ध है,मन बुद्ध है और मन बुद्धम शरणम् बोले पर गीत एवं नाट्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। महात्मा बुद्ध की वेशभूषा में छात्र उमंग यादव ने अहिंसा का संदेश दिया। समृद्धि,तान्या,शगुन, अपूर्वा,नंदिनी,आराध्या,सुरभि,वंशिका,समीक्षा ,विद्यांशी आदि ने समूह नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।युवराज,रुद्र, यशवीर,आयुष,यश, रिषभ, दिव्यांश, अक्षत,प्रियेश ने बुद्ध के उपदेशों की प्रभावी प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल समीना अख्तर ने प्रेरक उद्बोधन दिया। संचालन गुंजन सिन्हा एवं शुभी अली ने किया। इस दौरान प्रकाश त्रिपाठी,अविनाश सिंह, गोविंद प्रताप सिंह, लक्ष्मी देवी,जीत लाल पटेल,विनोद मौर्य आदि मौजूद रहे।

बॉथ टब में मासूम और तालाब में डूबने से बालक की मौत

प्रतापगढ़ अमृत विचार : नगर पंचायत मानधाता में थाने के पीछे सलमान का 01 वर्षीय पुत्र अरमान खेलते खेलते नहाने के टब में गिर पड़ा। उसी में उसकी मौत हो गई। घटना के समय उसकी मां रसोई में खाना बना रही थी,दादा घर के बाहर बैठे थे। जब घर वालों की नजर पड़ी तो बच्चे की मौत हो चुकी थी।मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घर वालों ने आनन फानन में शव को दफना दिया। मृतक का पिता मुम्बई में रिक्शा चला कर परिवार का भरण पोषण करता है। मासूम की मां,बड़ी बहन तीन वर्षीय बुशरा सहित परिजन रो रो कर बेहाल रहे।एसओ मानधाता अरविन्द कुमार सिंह ने घटना की जानकारी से अनभिज्ञता जताई। वहीं आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव निवासी विमल मिश्र की पत्नी विभा अपने 10 साल के बेटे अनिकेत के साथ 28 अप्रैल को मायके में चंद्रकेश तिवारी के घर आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आई थीं। शुक्रवार दोपहर अनिकेत अपने मौसेरे भाई अनमोल और गांव के अन्य बच्चों के साथ करीब के भरोखन गांव स्थित तालाब में नहाने चला गया। नहाने के दौरान अनिकेत गहरे पानी में डूब गया। एक और बच्चा डूबने लगा लेकिन उसे बचा लिया गया। साथ में नहा रहे बच्चों के चिल्लाने पर आसपास के लोगों ने करीब 20 मिनट बाद उसे तालाब से बाहर निकाला। तुरंत उसे सीएचसी पट्टी ले जाया गया। वहां डॉ. नीरज सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल हैं। सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम SAYEED AHMAD से बदलकर SAYEED AHMAD SIDDIQUI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SHAMSUL HUDA SIDDIQUI ADD-PLOT NO -72 ADIL NAGAR SHANKAR PURWA VIKAS NAGAR DIST-LUCKNOW-226022-(U.P.)

सूचना

मैं चन्द्रभान सिंह पुत्र फतेह बहादुर सिंह नि. ग्रा. पूरे अमान सिंह म. जलालपुर धई, पो. लोधवामऊ, पर./तह. सदर, जिला रायबरेली का हूँ। मैं पहले चन्द्रभान के नाम जाना जाता था। अब मैं चन्द्रभान सिंह के नाम से जाना जाता हूं। दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

सूचना

मैं **अशोक कुमार पुत्र श्री जगमोहन प्रसाद व संतोष कुमारी पत्नी अशोक कुमार निवासींगण ग्राम बडनापुर पोस्ट व थांना कोतवाली मोहम्मदपुर खाला तहसील फतेहपुर जिला बाराबंकी,** अपने सबसे बड़े लडके अनिकेत आजाद व उसकी पत्नी अंशिका शर्मा व सबसे छोटे पुत्र आयुश शर्मा के गलत चाल-चलन के कारण अपने उपरोक्त दोनों पुत्र व बहू को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे है। उपरोक्त द्वारा वाद-विवाद, लेन देन, या किसी प्रकार का कोई कृत्य यदि दोनो पुत्र या बहू करते है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगें। मेरा किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नही है। ना तो किसी प्रकार का को वास्ता व सरोकार रहेगा।

आवश्यकता

पी0आर0 मेमोरियल डिग्री कॉलेज, पता-नूरपुर बेहटा, किसान पथ, मल्हौर, लखनऊ में बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 में 05 असि0 प्रो0, प्राचार्य-1 एवं बी0ए0 हेतु (अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी, इतिहास, साइकोलाजी) प्रत्येक विषय में एक-एक असि0प्रो0 की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी सम्पर्क करें। मो0- 9076710004, 9076710002। नोट-योग्यता व वेतनमान यू0जी0सी0/ ल0वि0वि0 के अनुसार।

सूचना

मैने अपने (माइनर) पुत्र अरूस कनौजिया का नाम बदलकर कार्तिक कनौजिया रख लिया है। भविष्य मे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **कार्तिक कनौजिया** S/0-**अन्नू** 545/ 211K **पुराना महानगर जिला-लखनऊ उ0प्र0**

सूचना

सूचित हो कि मै **महेश दत्त तिवारी पुत्र स्व. राधिका प्रसाद तिवारी ग्राम भदुआ तरहर पोस्ट-फिरोजपुर तरहर थाना-कोतवाली देहात जिला-गोण्डा** का निवासी हूं। कपिलदेव, रामदेव, वासुदेव, ऋषिदेव व मुक्तिदेव यह पांचो मेरे पुत्र नहीं हैं और न ही मेरा इन लोगों से कोई सम्बन्ध है। इनके द्वारा पिता के रुप में मेरा नाम इस्तेमाल करना अवैध व गैरकानूनी होगा।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील मितौली ब्लाक बेहजम की न्याय पंचायत नीमगांव की ग्राम पंचायत किशनपुर में प्रस्तावित बहुउद्देशीय मत्स्य जीवी सहकारी समिति के गठन हेतु प्रथम बैठक दिनांक 4 मई 2026 प्राथमिक विद्यालय माझा नगर में आयोजित की जा रही है इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें रेशमा पांडे ,ग्राम पंचायत किशनपुर ब्लाक बेहजम, तहसील मितौली जिला लखीमपुर खीरी
मोबाइल नंबर 94506 87059

सूचना

मैंने अपना नाम AKLIM से बदल कर MOHD AKLEEM रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:DILSHAD KHAN R/O: 7 ,UMMADJOT GONDA UTTAR PRADESH-271123

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग
निविदा सूचना सं. 20/2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का विवरण:** सी.से.इंजी./कार्य/भोजीपुरा के अंतर्गत एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (देवरनिया, पंतनगर 1 एवं 2 प्लेटफॉर्म) पर प्लेटफॉर्म को हाई लेवल तक उठाना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,84,81,835.61; **बयाना राशि (₹में):** ₹19,69,700/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 माह। **क्र.सं. 2. कार्य का विवरण:** वमइं/ मुख्यालय/ इज्जतनगर अनुभाग के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग को समाप्त करने के लिए लेवल क्रॉसिंग के स्थान पर आर.ओ.बी./आर.यू.बी. के निर्माण हेतु फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वे एवं डी.पी.आर. की तैयारी।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹3,52,12,799/-; **बयाना राशि (₹में):** ₹7,04,300/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 08 माह। **क्र.सं. 3. कार्य का विवरण: 1).** इज्जतनगर मंडल के एनएसजी-5 स्टेशनों पर प्लेटफार्म को हाई लेवल तक उठाना। **2).** इज्जतनगर मंडल के फर्रुखाबाद-कासगंज अनुभाग में एनएसजी-6 स्टेशनों (हरसिंगपुर गोबा- प्लेटफॉर्म 1 एवं 2, कम्पिल रोड-प्लेटफॉर्म 2) पर प्लेटफार्म को हाई लेवल तक उठाना। **3).** इज्जतनगर मंडल में फर्रुखाबाद स्टेशनों पर रेल लेवल प्लेटफॉर्म को हाई लेवल प्लेटफॉर्म तक विस्तारित करना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹18,71,29,945.98; **बयाना राशि (₹में):** ₹37,42,600/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 4. कार्य का विवरण: 1).** कानपुर अनवरगंज-मथुरा अनुभाग (मंधाना जंक्शन, जसोदा एवं कमालगंज) में प्लेटफार्मो को मीडियम लेवल से हाई लेवल तक उठाना। **2).** इज्जतनगर मंडल के सी.से.ई./कार्य/ कन्नौज के अंतर्गत एनएसजी-6 स्टेशनों (खुदागंज प्लेटफॉर्म नंबर 1 एवं 2, अरौल मकनपुर प्लेटफॉर्म नंबर 2) पर प्लेटफॉर्म को हाई लेवल तक उठाना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹21,03,08,105.41; **बयाना राशि (₹ में):** ₹42,06,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 5. कार्य का विवरण: (1).** इज्जतनगर मंडल के कासगंज-मथुरा अनुभाग में एनएसजी-6 स्टेशनों (अगसौली- प्लेटफॉर्म 2, मारहरा- प्लेटफॉर्म 2 एवं रति का नगला-प्लेटफॉर्म 2) पर प्लेटफार्म को हाई लेवल तक उठाना। **(2).** इज्जतनगर मंडल के सी.से.ई./कार्य/ कासगंज के अंतर्गत एनएसजी-6 स्टेशनों (कासगंज सिटी) पर प्लेटफॉर्म को हाई लेवल तक उठाना।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹16,78,12,855.74; **बयाना राशि (₹में):** ₹33,56,300/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 6. कार्य का विवरण:** कानपुर अनवरगंज-मथुरा अनुभाग में स्वीकृत ट्रैक नवीनीकरण कार्यों के अंतर्गत इन-सीटू ग्लूड ज्वॉइंट्स का प्रावधान। **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹1,26,55,484.58; **बयाना राशि (₹में):** ₹2,53,200/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 12 माह। **क्र.सं. 7. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समइं/पीलीभीत अनुभाग में एन.एस.जी.-6 स्टेशनों (शाहबाज नगर, नौरिया हुसैनपुर, मझोला पकड़िया, बनबसा) पर एफ.ओ.बी. में छत सहित रैंप का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹7,39,00,005.06; **बयाना राशि (₹में):** ₹14,78,000/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **क्र.सं. 8. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे में वमइं/I/इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत इंटरलॉक्ड एलसी गेट नंबर 2 (पीलीभीत-नौरिया हुसैनपुर), 3 (पीलीभीत-नौरिया हुसैनपुर), 11 (नौरिया हुसैनपुर-मझोला पकड़िया), 12 (नौरिया हुसैनपुर-मझोला पकड़िया), 10 (गूलरभोज-बाजपुर), 34 (हेमपुर इस्माईल-बाजपुर), 41 (हेमपुर इस्माईल-काशीपुर) एवं 42 (हेमपुर इस्माईल-काशीपुर) (कुल = 08 नग) पर एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग का निर्माण।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹1,50,74,229.89; **बयाना राशि (₹में):** ₹3,01,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **क्र.सं. 9. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के वमइं/I/इज्जतनगर अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले (लालकुआँ, काशीपुर, खटीमा, वनबसा, मझोला पकड़िया, बाजपुर एवं पीपलसाना) स्टेशनों पर हाई लेवल प्लेटफार्म का विस्तार।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,54,75,974.81; **बयाना राशि (₹में):** ₹19,09,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 09 माह। **क्र.सं. 10. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के वमइं/I/इज्जतनगर अनुभाग के अधिकार क्षेत्र में आने वाले एनएसजी के 6 स्टेशनों (बाजपुर, खटीमा, रामनगर, रोसनपुर एवं पीपलसाना) पर एफओबी में छत सहित रैंप का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹9,23,03,759.34; **बयाना राशि (₹में):** ₹18,46,100/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **क्र.सं. 11. कार्य का विवरण:** पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल के समइं/ काशीपुर अनुभाग में समपारों को समाप्त करने के उद्देश्य से 56 एलसी के स्थान पर आर.ओ.बी./आर.यू.बी. के निर्माण हेतु फिजिबिलिटी स्टडी, सर्वेक्षण, जियो-टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन और डी.पी.आर. की तैयारी।; **अनुमानित लागत(₹ में):** ₹3,23,26,509.60; **बयाना राशि (₹में):** ₹6,46,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य; **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 06 माह। **1.** क्रम सं. 1 से 6 की ई-निविदा **दिनांक 25.05.2026 को 15:00 बजे** तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** क्रम सं. 7 से 11 की ई-निविदा **दिनांक 26.05.2026 को 15:00 बजे** तक ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। **3.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)
मुजाधि/डब्ल्यू-68 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

न्यूज ब्रीफ

युवती को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

हैदरगढ़, बाराबंकी: कोतवाली क्षेत्र में एक युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। भाई ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह नौकरी के सिलसिले में बाहर रहता है। घर पर मां व बीस वर्षीय बहन रहती थी। दो दिन पहले बहन सब्जी लेने टिकारामन बाजार गई पर लौट कर नहीं आई। आरोप लगाया मुसाहिर खाना थाना क्षेत्र का एक युवक उसकी बहन से बिना उसकी मर्जी के मोबाइल पर बात करता था वही बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

नाका सतरिख के निकट से बाइक चोरी

बाराबंकी, अमृत विचार: नगर कोतवाली क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित दिलीप कुमार मौर्य 28 अप्रैल को नाका सतरिख चौराहे स्थित सिंह कॉम्प्लेक्स के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर सामान लेने अंदर गए थे। जब वह करीब 11 बजे वापस लौटे तो उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। पीड़ित ने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की। जब कॉम्प्लेक्स के बाहर लगे कैमरे की फुटेज देखी गई तो उसमें एक व्यक्ति मोटरसाइकिल ले जाते हुए दिखाई दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तहसील से उपकरण और तार चोरी

फतेहपुर, बाराबंकी: कस्बे में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। कोतवाली से चन्द कदमों की दूरी पर स्थित तहसील में बने वकीलों के चैम्बर से इलेक्ट्रिनिक उपकरणों व तार की चोरी कर ली गई। बार संघ के महामंत्री मनीष कुमार श्रीवास्तव के अनुसार शुक्रवार की बीती रात अज्ञात चोर वरिष्ठ अधिवक्ता शीतला प्रसाद श्रीवास्तव के पास बने टीनशेड में हुई वायरिंग के तारों को उखाड़ ले गये और पंखों के खोलने का भी नाकाम प्रयास किया। उनका कहना है यह तीसरी घटना है। इससे पहले बार सभागार के बरामद में चोर बिजली के तार व बोर्ड इत्यादि सामान चोरी कर ले गये थे।

शादी समारोह से किशोर हुआ लापता

देवा, बाराबंकी: थाना क्षेत्र में एक 14 वर्षीय किशोर शादी समारोह से लापता हो गया। ग्राम सालेहनगर निवासी देवी पाल रामसुरेश ने तहरीर देकर पुत्र विवेक यादव के गुम होने की सूचना दर्ज कराई। बताया 29 अप्रैल की रात गांव में बृजमोहन तिवारी के यहां शादी थी जिसमें देवी का पुत्र विवेक यादव शाम करीब 8 बजे गया था। परिजनों के मुताबिक, रात लगभग 12 बजे तक विवेक को समारोह स्थल पर आर्केस्ट्रा के पास देखा गया, लेकिन इसके बाद वह अचानक लापता हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तीन दिन से अंधेरे में डूबे हैं गांव, परेशानी

हैदरगढ़, बाराबंकी: क्षेत्र के अलीपुर मजरे चौबिसी और भैरमपुर गांव में बुधवार को आई तेज आंधी-तूफान ने विद्युत व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया था। लगातार तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अलीपुर मजरे चौबिसी गांव में विद्युत उपकेंद्र सुखेहा से आपूर्ति होती है, जहां आंधी के दौरान कई पोल और ट्रांसफार्मर गिर गए। ग्रामीण आर.बी. सिंह ने बताया कि लगातार शिकायत के बावजूद विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे और फोन भी रिसीव नहीं किया जा रहा है। वहीं भैरमपुर निवासी विवेकानंद शास्त्री ने बताया कि तेज आंधी में लगभग सात बिजली के पोल टूटकर गिर गए और ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गया है।

विकास कार्यों में तेजी लाएं अफसर: डीएम

गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, स्कूल में गंदगी मिलने पर जताई नाराजगी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

अमृत विचार: जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने शुक्रवार को विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सबसे पहले कंधईपुर स्थित गौ आश्रय स्थल पहुंचकर उन्होंने भूसा, हरा चारा व साइलेज की उपलब्धता देखी और व्यवस्थाएं निरंतर बनाए रखने को कहा। साथ ही गौवंशों को गुड़-चना खिलाकर संरक्षण का संदेश दिया। सनौली में निर्माणाधीन बृहद गौ संरक्षण केंद्र का निरीक्षण कर 15 दिन में हैंडओवर व संचालन शुरू कराने, साथ ही वृक्षारोपण व अन्य सुविधाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए। इसके बाद वह विकासखंड बनीकोडर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय पहुंचे। जहां साफ-सफाई व्यवस्था खराब मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई गई। उन्होंने छात्राओं की कंप्यूटर दक्षता भी जांची और शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया। डीएम ने नव निर्मित छात्रावास व एकेडमिक ब्लॉक में फिनिशिंग कार्य बेहतर करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम रामसनेहीघाट अनुराग सिंह और नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी मौजूद रहे। इसके बाद मंडी सफदरगंज में गेहूं खरीद की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रत्येक किसान की उपज खरीद सुनिश्चित करने और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण कर दिशा-निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

कोटवाधाम में दर्शन-पूजन करते डीएम। अमृत विचार

भूसा दान दाता को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते डीएम। अमृत विचार

डीएम ने भूसा दानदाताओं को किया सम्मानित

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: गौशालाओं के लिए भूसा दान अभियान तेज है। राजस्व कर्मी गांव-गांव जाकर किसानों को प्रेरित कर रहे हैं, जिससे प्रशासन और समाजसेवियों के सहयोग से गौशालाओं में भूसे का पर्याप्त स्टॉक किया जा रहा है। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज व तहसीलदार बालेंद्र भूषण वर्मा ने औलिया लालपुर गौशाला में एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भूसा पहुंचाकर अभियान को गति दी। एसडीएम ने बताया कि गौशालाओं में भूसा, पानी व चारे की व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है और लेखपालों को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। 'गो सेवा-पुण्य संचय' अभियान के तहत 50-50 क्विंटल भूसा दान करने वाले समाजसेवी पुष्पेन्द्र शुक्ला (अंशू), नीलेन्द्र बख्श दास और सीतादेवी पीजी कॉलेज को डीएम ईशान प्रताप सिंह द्वारा प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशंसा पत्र पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार के भी हस्ताक्षर हैं। प्रशासन ने अपील की है कि गर्मी में गौवंशों के लिए चारे की कमी न हो, इसके लिए आमजन 'गो सेवा-पुण्य संचय' अभियान से जुड़कर भूसा व हरा चारा दान करें।

बैसाखी पूर्णिमा मेले में उमड़ी भक्तों की भीड़

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी: श्री कोटवाधाम मेला में बैसाखी पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। गोंडा, बहराइच, सीतापुर और अयोध्या सहित कई जनपदों से आए श्रद्धालुओं ने बड़े बाबा जगजीवन दास साहेब के दर्शन कर प्रसाद अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा तथा बदोसराय कोतवाल राम अवतार राम सहित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। जिलाधिकारी ने कोटवाधाम में प्रस्तावित लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा, सफाई, पेयजल, प्रकाश और पार्किंग व्यवस्था को और बेहतर करने पर जोर दिया। इस अवसर पर बड़ी गद्दी के महंत नीलेन्द्र बख्श दास ने जिलाधिकारी का स्वागत कर बड़े बाबा की तस्वीर एवं शॉल भेंट किया। डीएम ने बताया कि मेला शांतिपूर्ण व सुव्यवस्थित रूप से चल रहा है और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसी माह काम पूरा करने के निर्देश

बाराबंकी, अमृत विचार: शहर स्थित केडी सिंह बाबू स्टेडियम का निरीक्षण कर डीएम ने राजकीय निर्माण निगम को इस माह मैदान का कार्य हर हाल में पूरा कर जनता के लिए खोलने का निर्देश दिया। शेष कार्य भी गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूर्ण करने को कहा गया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

चार घरों को निशाना बना लाखों की चोरी

बाराबंकी, अमृत विचार: अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अज्ञात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पार कर दी। इनमें तीन घटनाएं एक ही गांव में आस पास बने तीन घरों में हुई। बड्डूपुर क्षेत्र के ग्राम सिपहिया मजरे हिदायतपुर सिपाह निवासी सचिन सिंह दुबई में नौकरी करते हैं, जब 29 अप्रैल को वह अपने घर लौटे तो देखा कि पूरे मकान के सभी कमरों में ताले लगे थे, लेकिन उनके कमरे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो उनकी पत्नी के सोने-चांदी के जेवर गायब थे। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। दूसरी घटना थाना कोतवाली देवा क्षेत्र के ग्राम मुन्नूपुरवा मजरे पवैयाबाद की है, जहां 22 अप्रैल की रात करीब 2:45 बजे अज्ञात चोरों ने एक ही गांव के कई घरों में धावा बोल दिया। चोरों ने आकाश रावत के घर से करीब 30 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर, आलोक वर्मा के घर से मंगलसूत्र, अंगूठियां, पायल समेत करीब 25 हजार रुपये नकद तथा विपिन कुमार के घर से पायजेब, बिछिया, झुमकी और करीब 11 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ितों ने थाने में तहरीर दी। पुलिस द्वारा सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

अक्षय ने 94 प्रतिशत अंक पाकर बढ़ाया मान

बाराबंकी, अमृत विचार: इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन बोर्ड द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा 2026 के परिणाम में रामनगर तहसील क्षेत्र के महादेवा ग्राम निवासी अक्षय अवस्थी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अक्षय मॉडर्न एकेडमी स्कूल लखनऊ के छात्र हैं और उन्होंने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की। उनके पिता बाबू हनुमंत अवस्थी पेशे से अध्यापक हैं और वर्तमान में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ रामनगर ब्लॉक के अध्यक्ष भी हैं। अक्षय का लक्ष्य नीट परीक्षा पास कर डॉक्टर बनना और समाज की सेवा करना है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

बुद्ध पूर्णिमा पर सांसद ने किया मूर्ति का अनावरण

मूर्ति का अनावरण करते सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार: बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सांसद तनुज पुनिया ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर भगवान बुद्ध के उपदेशों को याद किया और लोगों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित बुद्ध विहार, तहसील फतेहपुर के रसूलपुर में भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन शांति, अहिंसा और आत्मज्ञान की अद्भुत यात्रा है। उन्होंने बताया कि बुद्ध ने पीपल वृक्ष के नीचे ध्यान साधना कर ज्ञान प्राप्त किया, सारनाथ में पहला उपदेश दिया और 45 वर्षों तक धर्म का प्रचार किया। सांसद ने आगे कहा कि मनुष्य अपने विचारों से निर्मित होता है, जैसा वह सोचता है वैसा ही बन जाता है। उन्होंने भगवान बुद्ध के जीवन संदेश को आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में फतेहपुर ब्लॉक अध्यक्ष विजय बहादुर वर्मा, आदर्श पटेल, हरीश वर्मा, सुग्रीव वर्मा और जुग्गीलाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

दो स्थानों पर मिले अज्ञात वृद्धा व युवक के शव

त्रिवेदीगंज, देवा: लोनीकटरा थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन पर एक वृद्ध महिला का तो माती थाना क्षेत्र में सड़क किनारे युवक का शव पड़ा मिला। दोनों की ही पहचान नहीं की जा सकी है। मौत की वजह हादसा बताई जा रही। लखनऊ सुल्तानपुर रेलखंड पर शुक्रवार सुबह करीब सात बजे जलालपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक किनारे एक महिला का शव मिला। शव के पास ही घास से भरी गठरी मिली। सूचना पर पहुंची लोनीकटरा थाना पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की पर सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि शव की पहचान न हो पाने पर पीएम के लिए भेजा गया है। मृतका के दाहिने हाथ पर गोदने में दयाराम की पत्नी लिखा हुआ और मोर बना हुआ है। पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर माती थाना क्षेत्र में कैथी मंदिर के पास सड़क पर एक 40 साल के युवक का शव मिला।

महर्षि पाराशर गुरुकुलम का हुआ शिलान्यास

शिलान्यास के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

रामनगर, बाराबंकी: मल्लापुर महादेवा में महर्षि पाराशर ज्योतिष संस्थान न्यास द्वारा संचालित महर्षि पाराशर गुरुकुलम के निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम वैदिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न हुआ। संचालन संस्थापक ज्योतिषाचार्य पं. राकेश पाण्डेय के नेतृत्व में वैदिक वटुकों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा गुरुकुलम का उद्देश्य सनातन परंपरा को सुदृढ़ करना, वैदिक शिक्षा के साथ आधुनिक ज्ञान का समन्वय स्थापित करना तथा गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से वैदिक ज्ञान का प्रसार करना है। मुख्य अतिथि संस्था के संरक्षक पं. अयोध्या पाण्डेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राम बाबू द्विवेदी, अशोक शुक्ला, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्षा प्रिया पाण्डेय, तारकेश्वर पाण्डेय, विभा, पुतू सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेखर, पप्पू सिंह तथा जिला पंचायत के पूर्व सदस्य अवध राम यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

हत्या प्रकरण में सगे भाइयों को उम्रकैद, मां बरी

बाराबंकी, अमृत विचार: महिला की पीट पीटकर हत्या के प्रकरण में न्यायालय ने दो सगे भाईयों को आजीवन कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि इनकी मां को बरी कर दिया गया। इसके साथ ही दोनों कोअर्थदण्ड अदा करने का भी आदेश दिया गया है। थाना फतेहपुर पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में भादवि के तहत पंजीकृत हत्या, जानलेवा हमला आदि के मुकदमे में अभियुक्त राकेश व मुकेश पुत्र स्व. भारत प्रसाद निवासी खासीसरांय थाना फतेहपुर को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-एक द्वारा दोषसिद्ध करार दिया गया। कोर्ट ने सगे भाईयों को आजीवन कठोर कारावास व 17-17 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। इसी क्रम में न्यायालय ने अभियुक्ता रामदुलारी पत्नी भारत प्रसाद को दोषमुक्त कर दिया। संक्षिप्त विवरण के अनुसार 25 अगस्त 2022 को वादी राजेन्द्र पुत्र श्रीराम निवासी खासी सराय थाना फतेहपुर ने अभियुक्त राकेश पुत्र भारत प्रसाद, मुकेश पुत्र भारत प्रसाद, रामदुलारी पत्नी भारत प्रसाद निवासी खासीसराय के विरूद्ध वादी की पत्नी को मारपीट कर हत्या कर देने के सम्बन्ध में तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना फतेहपुर पर हत्या आदि धाराओं में मामला दर्ज किया गया। तत्कालीन विवेचक एसएचओ अनिल कुमार पाण्डेय द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तगण के विरुद्ध कोर्ट में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

शालीमार में हाई प्रोफाइल चोरी पर रहस्य गहराया

बाराबंकी, अमृत विचार: शालीमार पैराडाइज आवासीय परिसर में ठेकेदार के घर से चोरी के दूसरे दिन पुलिस की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। पुलिस यह तो मान रही कि किसी करीबी ने ही चोरी को अंजाम दिया है। बताते चलें कि देवरिया जिले के अहरौली क्षेत्र के ठेकेदार अजय बघेल शालीमार पैराडाइज में किराए के विला में रहते हैं। वह गत 9 अप्रैल को परिवार के साथ गोरखपुर स्थित दूसरे घर गए हुए थे। गुरुवार की दोपहर वह शालीमार लौटे और अंदर जाने पर आलमारी के लाकर टूटे व कीमती सामान गायब मिला। गायब सामान में एक करोड़ के जेवर, एक लाख रुपये नकद व लाइसेंसी पिस्टल शामिल थी। इस हाईप्रोफाइल चोरी की खबर आग की तरह फैली और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर सीओ सिटी संगम कुमार व क्राइम ब्रांच टीम भी पहुंची और गहन निरीक्षण हुआ। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। यह भी पता चला कि अजय बघेल ने अपने चालक को घर की चाबी दी हुई थी। सुरक्षा के लिहाज से इस हाईटेक इलाके में इतनी बड़ी घटना सुरक्षा इंतजामों पर सवालिया निशान लगा रही। उधर पुलिस को सीसीटीवी की पड़ताल से भी कोई सुराग नहीं मिला है।

कार्यक्रम में संबोधित करते राज्यमंत्री। अमृत विचार

विकास कार्यों का किया शिलान्यास

रामसनेहीघाट, बाराबंकी: नगर पंचायत दरियाबाद स्थित श्री शीतला माता मंदिर परिसर में शुक्रवार को जनहित से जुड़े विकास कार्यों का मुख्य अतिथि राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने शिलान्यास किया गया। करीब 1.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कार्यों में श्रद्धालुओं के लिए विश्रामालय, शेड और बेहतर प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी, जिससे मंदिर आने वाले भक्तों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार का संकल्प आस्था का सम्मान, जनता की सेवा और क्षेत्र का निरंतर विकास है। इन कार्यों से न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत भी मजबूत होगी। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट। अमृत विचार

छह माह से दर्जनों स्ट्रीट लाइटें बंद

रामसनेहीघाट, बाराबंकी: भिटरिया-हैदरगढ़ रोड पर नायरा पेट्रोल पंप से इंडियन पेट्रोल पंप तक पिछले करीब छह माह से चार दर्जन से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे रात में अंधेरा छाया रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार अंधेरे के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है, साथ ही दुर्घटनाओं और आपराधिक घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। कई बार शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी, चेयरमैन डॉ ज्ञान प्रकाश यादव और सभासद शिव बरन यादव ने अब तक इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया, जिससे लोगों में आक्रोश है।


यूपी बोर्ड टॉपर अंशिका वर्मा को सम्मानित करते व्यापारी। अमृत विचार

यूपी बोर्ड टॉपर्स का व्यापार मंडल ने किया सम्मान

बाराबंकी, अमृत विचार: यूपी बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका वर्मा, द्वितीय स्थान पर आईं अदिति वर्मा और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा परी वर्मा का व्यापारियों ने उनके घर पहुंचकर भव्य सम्मान किया। जैदपुर के ग्राम अंदका निवासी अंशिका वर्मा, बरियारपुर की अदिति वर्मा और मौथरी की परी वर्मा को जन व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल-मालाएं पहनाकर स्कूल बैग व शिक्षा सामग्री भेंट की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के प्रदेश महामंत्री रोहिताश्व दीक्षित ने किया। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि पूरे जनपद के लिए गौरव की बात है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय वर्मा, जिला उपाध्यक्ष हसन अब्बास, जिला प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, हिमांशु अवस्थी, राजा वर्मा, सोमनाथ चौहान, रंजीत कुमार, अम्बरीष वर्मा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुस्तक विमोचन के दौरान मौजूद प्रबंधक व अन्य। अमृत विचार

पुस्तक 'कृषि कोष' का विमोचन

रामनगर, बाराबंकी: कांती महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक मृदा विज्ञान डॉ. ऋषभ सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'कृषि कोष' का विमोचन किया गया। यह पुस्तक कुशल पब्लिकेशन एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स द्वारा प्रकाशित है। कार्यक्रम में प्रबंधक इंजीनियर राष्ट्र भूषण सिंह, प्रिंसिपल प्रफुल्लिता सिंह, एडमिन सौरभ मिश्रा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने डॉ. सिंह को बधाई देते हुए इसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। प्रबंधक राष्ट्र भूषण सिंह ने कहा कि यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं टीजीटी, पीजीटी, एसटीए, एजीटीए व यूपीसीएटीईटी (कृषि) की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी और कृषि विषय के गहन अध्ययन में मार्गदर्शक बनेगी। महाविद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि 'कृषि कोष' कृषि शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए विद्यार्थियों को सफलता दिलाने में सहायक सिद्ध होगी। विमोचन अवसर पर महाविद्यालय में उत्साह का माहौल रहा।

मानसिक अवसाद से ग्रस्त युवक ने लगाई फांसी

फतेहपुर, बाराबंकी: नगर पंचायत के देवखरिया वार्ड में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव उसी के घर मे फंदे पर लटका मिला। मानसिक अवसाद में बताया जा रहा मृतक गांव के बाहर गुमटी में नाईगिरी का काम करता था। जानकारी के अनुसार देवखरिया में हरिशंकर शर्मा थवईगिरी का काम करते हैं। उनके तीन पुत्रों में बड़ा शिवम मजदूर पेशा है। मंझला शुभम नाईगिरी का काम करता था जबकि छोटा नितिन पढ़ाई कर रहा है। शुभम काफी दिनों मानसिक रूप से परेशान था, जिसका इलाज चल रहा था। रोज की तरह वह घर के कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे उसकी मां रामबेटी ने कमरे की छत में रस्सी के फंदे पर शुभम का शव झूलता देखा। उसकी चीख पुकार सुन कर घर के लोग दौड़े तो घर में कोहराम मच गया। खबर फैलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। आशंका है कि मानसिक परेशानी से परेशान शुभम ने जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

प्रताड़ना से आहत होकर विवाहिता ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

रामनगर, बाराबंकी: शुक्रवार सुबह एक विवाहिता का शव रेल पटरी पर पड़ा मिला। मायके पक्ष का आरोप है कि दहेज को लेकर प्रताड़ना के बाद गुरुवार रात मारपीट कर उसे भगा दिया गया। आशंका है कि कलह से ऊबकर विवाहिता ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस को दी गई तहरीर में ससुरालियों पर आरोप लगाए गए हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम थाल कला निवासी राहुल चौहान की 24 वर्षीय पत्नी रेनू का शव शुक्रवार सुबह ससुराल से तीन किमी दूर साधारणपुर गांव के पास रेल पटरी किनारे क्षत विक्षत दशा में मिला। मृतका के पति राहुल ने ससुराल में घटना की सूचना दी तो विवाहिता के मायके पक्ष से खबर मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। मृतका के भाई नीरज का आरोप है कि उसकी बहन रेनू को दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि एक दिन पहले उसके साथ मारपीट की गई थी। परिजनों द्वारा समझाने के बावजूद स्थिति नहीं सुधरी और गुरुवार रात में फिर मारपीट की गई और रात में ही उसे घर से निकाल दिया गया। जिसके बाद उसका शव रेल पटरी पर पड़ा मिला। मायके पक्ष ने घटना के लिए ससुराल पक्ष को जिम्मेदार बताते हुए थाने में तहरीर दी। कोतवाल अरुण प्रताप सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

छात्रा को प्रमाण-पत्र देते क्लब अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

रोटरी क्लब ने आयोजित किया सम्मान समारोह

बाराबंकी, अमृत विचार: मई दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर रोटरी क्लब ने असैनी रोड स्थित ममता गर्ल्स डिग्री कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया। रोटरी क्लब द्वारा संचालित दिलासा क्लिनिक में शैक्षणिक भ्रमण करने वाली मनोविज्ञान विभाग की 7 छात्राओं सुनयना देवी, संध्या धीमान, प्रिंशी, सपना कुमारी, समृद्धि मिश्रा, जीनत खातून एवं निशा चौहान को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश मोहन ने बताया कि रोटरी क्लब महिलाओं के सशक्तीकरण को सम्मान दिलाने के लिए प्रयासरत है। डीजीआरएच डॉ. सुधीर वर्मा ने रोटरी इंटरनेशनल के सात प्रमुख फोकस क्षेत्रों की जानकारी देते हुए विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। क्लब सचिव डॉ. विमल बैसवार व सचिव-निर्वाचित राजेश अरोड़ा 'बब्बू' ने भी शिक्षा के साथ समाज सेवा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक ज्योति कश्यप सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने रोटरी क्लब बाराबंकी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

लोकेशन बदल रहे अपहरण के दो आरोपी

सूरतगंज, बाराबंकी: किशोरी को भगाकर ले जाने वाले युवकों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया लेकिन लोकेशन बदलने की वजह से पुलिस उन्हे चौथे दिन भी तलाश नहीं कर सकी। आरोपियों के गैर समुदाय के होने से आक्रोश व्याप्त है। कुशीनगर का मूल निवासी एक व्यक्ति परिवार संग मोहम्मदपुर खाला थाना अंतर्गत कस्बे में किराए पर रहकर मेहनत मजदूरी करता है। 26 अप्रैल की शाम वह एक शादी समारोह में गया था। घर वापस आने पर उसकी बेटी गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसकी बेटी को अपहृत करने में कस्बे के श्वाले और लखनऊ के अरबाज का हाथ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी बरामद भी कर ली लेकिन आरोपियों को पकड़ने में विफल रही। मामला गैर समुदाय से जोड़ होने के चलते परिजनों व कस्बावासियों में रोष व्याप्त है।

प्रदर्शन करते आक्रोशित लोग। अमृत विचार

दर्जी का शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन

रामसनेहीघाट, बाराबंकी: कोतवाली क्षेत्र में दुकान खाली कराने को लेकर हुई मारपीट में घायल दर्जी की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया, जिससे यातायात बाधित रहा। हालांकि पुलिस के आश्वासन पर परिजन वापस लौट गए। जानकारी के अनुसार ग्राम गाजीपुर मजरे जहमतिया का पुरवा निवासी श्याम यादव कुटी गांव में किराए की दुकान पर सिलाई का काम कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों का आरोप है कि 15 अप्रैल की शाम दुकान मालिक मोनू यादव अपने साथियों अनिल और अमन के साथ दुकान पर पहुंचे और श्याम यादव पर दुकान खाली करने का दबाव बनाने लगे। श्याम के थोड़ी मोहलत मांगने पर आरोपियों ने कथित रूप से उन्हें जबरन दुकान से बाहर खींचकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। लोगों की मदद से पहले नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वहां उपचार के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गई।

हादसों में मां-बेटी गंभीर बुजुर्ग समेत चार घायल

बाराबंकी, अमृत विचार: शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में आठ लोग घायल हो गए। एक हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुआ, जबकि दूसरा फतेहपुर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटने से हुआ। घायलों में मां बेटी की हालत गंभीर बताई जा रही। पहली घटना लोनीकटरा थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 26.3 किमी के पास हाथी का पुरवा और शिवनाम गांव के निकट दोपहर ढाई बजे हुई। लखनऊ से सवारियां लेकर आजमगढ़ जा रही अर्टिगा कार पहले से खड़ी कार से पीछे से टकरा गई, जिससे वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गया। यूपीडा टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य किया। मामूली घायल यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद रवाना किया गया, जबकि गंभीर रूप से अंबेडकरनगर के चंद्रेश निषाद की पत्नी प्रेमकला व बेटी प्रिया को सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

न्यूज ब्रीफ

मेगा ब्लॉक में डाले गए 40 एचबीम स्लीपर

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : रेलवे पुल की डाउन लाइन पर मरम्मत कार्य तेजी से जारी है। शुक्रवार को सुबह से शाम तक आठ घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर 40 एचबीम स्लीपर सफलतापूर्वक डाले गए। इससे पुल की मजबूती बढ़ाने के कार्य को गति मिली है। जानकारी के अनुसार सुबह 9:45 बजे से शाम 5:45 बजे तक मेगा ब्लॉक लिया गया। इस दौरान रेलकर्मियों ने पहले जर्जर ट्रफ की लोहे की चादरों को गैस कटर से काटकर हटाया और उनकी जगह नई प्लेटें लगाई। इसके बाद एचबीम स्लीपर बिछाने का कार्य शुरू किया गया, जिसे निर्धारित समय के भीतर पूरा कर लिया गया। कार्य के दौरान डाउन लाइन पर ब्लॉक रहा, जबकि अप लाइन से ट्रेनों का संचालन सामान्य रूप से जारी रहा।

सीएम से की कब्जा करने व धमकी देने की शिकायत

गंजमुरादाबाद उन्नाव, अमृत विचार : एक किसान ने गांव के दबंगों के विरुद्ध पुस्तैनी भूमि पर जबरन कब्जा करने व जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर रूरी निवासी उमाकांत पुत्र भिखारी लाल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित शिकायती पत्र में कहा कि उसके हिस्से की पुस्तैनी जमीन पर गांव के दबंग लोग जबरन कब्जा कर रहे हैं। विरोध करने पर वे जानमाल की धमकी दे रहे हैं। उसका आरोप है कि अवैध कब्जेदारों द्वारा उस पर लाइसेंसी असलहा भी तान दिया गया। शिकायती पत्र देने पर पुलिस ने उसके विरुद्ध ही शांतिभंग की कार्यवाही कर दी।

सड़क हादसे में घायल शिक्षक ने तोड़ा दम

उन्नाव, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बता दें कि शहर के पीडी नगर मोहल्ला निवासी सर्वेश (58) पुत्र स्व. सयनदास वर्मा शहर के एक प्राथमिक विद्यालय में अध्यापक थे। 3 दिन पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर घायल हुए थे। सिर में आई चोट के कारण उन्हें जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया था। लेकिन परिजनों ने उन्हें कानपुर के एक न्यूरो सर्जन की देखरेख में निजी अस्पताल ने भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने सदर कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। इस पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों सौंपा है।

प्रज्ञा बुद्ध विहार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा का पर्व

- जिले भर में जगह-जगह आयोजित किए गए कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: आवास विकास कालोनी के वाजिदपुर उर्फ राजेपुर स्थित प्रज्ञा बुद्ध विहार एवं शिक्षण संस्थान में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें सैकड़ों बौद्ध अनुयायियों ने तथागत बुद्ध के शांति व करुणा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शुभारंभ मुख्य आयोजक व संस्थान संस्थापक भन्ते शान्तिरक्षित ने किया। उन्होंने तथागत बुद्ध एवं आधुनिक भारत के निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद जनसमूह को त्रिशरण व पंचशील ग्रहण कराया। अध्यक्षता भन्ते बोधिरत्न ने की। मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस डॉ. बीपी अशोक ने कहा कि प्राचीन काल में बौद्ध धर्म पूरे एशिया में वैभवशाली था। जिस प्रकार सम्राट अशोक ने बुद्ध के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया आज हमें भी उसी समर्पण के साथ उनकी शिक्षाओं को प्रचारित करने की जरूरत है। इसमें हरीश कुमार, आरएन रावत, डॉ. एसके वर्मा, पूर्व विधायक सुंदर लाल कुरील, सदर विधायक पंकज गुप्ता व चेयरमैन पति भानू मिश्रा ने भी विचार रखे। संचालन विमल आजाद भारतीय ने किया। इस दौरान अमर बहादुर, शिवबालक, राम सरोज, संतोष गौतम, सौरभ राज भारती, शिवपाल गौतम, रामखिलावन, शिवाकांत, उमेश रावत, रामेश्वर भारती आदि मौजूद रहे।

भगवान बुद्ध को नमन करते लोग।

पूजन करते सदर विधायक, धर्माचार्य एएल बौद्ध।

भगवान बुद्ध की वंदना करते पदाधिकारी।

भगवान बुद्ध की जयंती मनाते लोग।

बुद्ध की विचारधारा पर चलने वाले सभी देश विकसित व पल्लवित हैं: एएल बौद्ध

उन्नाव : बुद्ध पूर्णिमा पर समारोह सम्राट अशोक शांति उपवन बुद्ध विहार गौतम बुद्ध नगर गदन खेड़ा में हर्ष उल्लास के वातावरण में मना। सर्वप्रथम बौद्ध भिक्षु सम्यक बोद्धि एवं भंते देवानंद द्वारा बुद्धम शरणम् गच्छामि धम्म शरणम् गच्छामि संघ शरणम् गच्छामि, बुद्ध वंदना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि बुद्ध धर्म के पवित्र चिन्ह को भारत राष्ट्र ने अपनाया। भारत के राष्ट्रीय ध्वज में भगवान बुद्ध का पवित्र का धर्म चक्र है। उन्होंने बुद्ध विहार के विकास के लिए पूरा सहयोग देने की घोषणा की। बौद्ध धर्माचार्य एएल बौद्ध ने कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति व महापरिनिर्वाण का यही दिन है। समिति अध्यक्ष जगन्नाथ बौद्ध ने सदर विधायक को भगवान बुद्ध की प्रतिमा भेंट की। समारोह में प्रमुख रूप से भिक्षु सम्यक बोधी, भंते देवानंद, हरिशंकर भाई पटेल, प्रियंका कुशवाहा, स्वीटी कुशवाहा, बिंदा प्रसाद, सुधीर कुशवाहा, अनिल कुशवाहा, श्रीपाल यादव, उमाशंकर मिश्रा, रामलाल प्रजापति, ब्रजकिशोर, रविंद्र कुमार, रामशंकर आदि मौजूद रहे।

बुद्ध विहार में हर्षोल्लास से मनी बुद्ध पूर्णिमा, हुए सांस्कृतिक आयोजन

शुक्लागंज, उन्नाव : शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सीताराम कॉलोनी स्थित पंचशील बौद्ध विहार में 20वां बौद्ध धम्म देशना, पारिवारिक मिलन एवं सहभोज कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भगवान बुद्ध की वंदना की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पण और प्रार्थना से हुई। जहां उद्घाटन भन्ते शांतिरक्षित, मुख्य अतिथि धीरेन्द्र सिंह सचान, आर आर जैसवार, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे पहुंचे। इसके बाद पंचशील बुद्ध विहार संस्थान के अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम ने बुद्ध के अष्टांगिक मार्ग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अष्टांगिक मार्ग ज्ञान, संकल्प, वचन, कर्म, आजीव, व्यायाम, स्मृति और समाधि मनुष्य को दुखों से मुक्ति का सम्यक मार्ग दिखाता है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। अंत में खीर का प्रसाद वितरित किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया। कार्यक्रम देर रात तक चला और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम राकेश बौद्ध, राजकिशोर भारती एवं टीम ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे, पूरन दादा, जगजीवन नेता, डीसी गौतम, मुकेश गौतम, सतीश गौतम, आलोक कुमार, राजेन्द्र गौतम, अमन गौतम, पुत्तनलाल, जेजे लाल मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुद्ध पूर्णिमा पर किया माल्यार्पण, लिया संकल्प

नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में इंदिरा नगर में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मिष्ठान वितरण भी किया गया। कांग्रेस के मयंक बाजपेयी ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। उन्होंने बताया कि बुद्ध का जन्म लुंबिनी (नेपाल) में हुआ और उन्होंने गया में पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त किया। बुद्ध ने चार आर्य सत्य और अष्टांगिक मार्ग के जरिए अहिंसा और करुणा का संदेश दिया। कार्यक्रम में बाबूलाल गुप्ता, महेश मिश्रा, संजय सिंह, विश्वनाथ दास, ऋषभ गुप्ता, मनोज गुप्ता, पिंटू तिवारी, रज्जन गौतम, ठाकुर प्रसाद, राम प्रकाश गौड़, राम आसरे गौतम, रमेश चंद्र गुप्ता और धनीराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई बुद्ध जयंती

बांगरमऊ, उन्नाव : नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान गौतम बुद्ध की जयंती श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनी। विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर बुद्ध के शांति व अहिंसा के संदेश को याद किया। मोहल्ला कस्बा टोला स्थित मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा आयोजित समारोह में पदाधिकारियों ने बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। समिति अध्यक्ष अनीता कुशवाहा ने कहा कि बुद्ध के करुणा व सत्य के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। इसमें उपाध्यक्ष धर्मराज कुशवाहा व अनिल कुशवाहा आदि भी रहे। वहीं, समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सलीमुर्रहमान ने बुद्ध को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सिद्धार्थ से बुद्ध बनने का उनका सफर त्याग व मानव कल्याण का प्रतीक है। उन्होंने बुद्ध के मध्यम मार्ग व समानता के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। समापन शांति व सद्भाव बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ। नगर के प्रेमगंज, गढ़ी, पन्नी टोला और सिद्धार्थ नगर के अलावा हयात नगर, भौरा जामड, कल्लू खेड़ा और नेवल जैसे गांवों में भी बुद्ध जयंती मनाई गई।

मारपीट कर युवक पर चाकू से हमला, पति-पत्नी पर रिपोर्ट

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनोहर नगर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया गया। आरोप है कि दबंगों ने पहले गालीगलौज की और विरोध करने पर मारपीट कर धारदार हथियार से वार कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। मनोहर नगर निवासी आवेश ने बताया कि गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर पर मौजूद था। तभी मोहल्ले के इकबाल और उसकी पत्नी वहां पहुंचे और अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। शोर-शराबा सुनकर घर के अन्य सदस्य भी बाहर आ गए, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई और मामला मारपीट में बदल गया। आरोप है कि इसी दौरान इकबाल और उसकी पत्नी ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे अवेश के सिर में गंभीर चोट आई। घटना के दौरान चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। आरोपित जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घायलावस्था में वह गंगाघाट कोतवाली पहुंचा। जहां पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। जिस पर पुलिस ने इकबाल और उसकी पत्नी सुहाना के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम खेड़ा गांव में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार दोपहर कांशीराम खेड़ा निवासी अंजनी (25) पत्नी बृजेश गौतम की हालत अचानक गंभीर हो गई। आनन-फानन परिजन उसे एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के दो बेटे सौरव (8), कन्हैया (3) व सृष्टि (5) है। पति बृजेश शादी में बैंड बजाने का काम करता है। अंजनी की मौत पर परिजन रो-रोकर बेहाल हैं। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि महिला की मौत संदिग्ध परिस्थिति में हुई है। मायके पक्ष से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

भूमि विवाद में पिता को बांका से काट डाला

रिश्तों का कत्ल: छोटे बेटे की तहरीर पर पुलिस ने हत्यारोपी बेटे को पकड़ कर जेल भेजा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार: सोहरामऊ थानाक्षेत्र के बगहा मुस्तफाबाद गांव में जमीन बेचने से नाराज बड़े बेटे ने बांका से ताबड़तोड़ हमला कर पिता को मौत के घाट उतार दिया। सनसनी खेज वारदात से लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस ने छोटे बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर हत्या आरोपी को पकड़ के जेल भेजा है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव बगहा मुस्तफाबाद में गंगाप्रसाद (53) पुत्र छत्रपाल ने करीब 1 साल पहले अपनी एक बीघा 6 बिसुआ जमीन बेची थी। उसके 4 बेटों में धर्मेंद्र, महेंद्र, जितेंद्र व नरेंद्र हैं। बड़ा बेटा धर्मेंद्र ससुराल में रहता है। अन्य तीनों बेटे पिता के साथ रहते है। उस समय जमीन बिकने की जानकारी धर्मेंद्र को नहीं लगी थी। पिता ने 3 बेटों को ही उनके हिस्से का रुपया दिया था। इससे वह नाराज था। इधर गंगाप्रसाद ने 1 बिसुआ जमीन फिर बेचने का गांव के एक व्यक्ति से सौदा किया। इसकी जानकारी पर धर्मेंद्र 1 सप्ताह पूर्व ससुराल से गांव आ गया। गुरुवार को बैनामा होने की जानकारी पर वह छोटे भाई महेंद्र के साथ तहसील पहुंचा और स्टांप फाड़ दिए। रात को जब सभी भाई एकत्र हुये तो घर में इसे लेकर विवाद हुआ। देररात तक शराब पीने के बाद पिता से भी काफी कहासुनी हुई। जब सभी सोने चले गये तो देररात धर्मेंद्र ने सोते समय बांका से पिता की गर्दन, सिर व चेहरे में ताबड़तोड़ 4-5 वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता की हत्या की सूचना अपने भाइयों को देकर वह वहां से भाग निकला। बताते हैं कि अन्य भाइयों के शोर मचाने पर ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव मोर्चरी भेजा। छोटे बेटे जितेंद्र ने बड़े भाई पर पिता की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया। सीओ तेज बहादुर सिंह ने बताया कि जमीनी विवाद में बेटे ने पिता की हत्या की थी। एसओ अरविंद पांडेय ने फोर्स के साथ दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया है।

गंगाप्रसाद का फाइल फोटो

पुलिस गिरफ्त में पिता का हत्यारा बेटा।

रेडक्रॉस सोसायटी के सभापति बने अमित मिश्रा और मनीष सेंगर सचिव

उन्नाव, अमृत विचार : इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा में 10 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। इन निर्वाचित सदस्यों के बीच 4 पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया जिला चिकित्सालय के सभागार में हुई। इसमें आपसी सहमति के आधार व्यापारी नेता अमित मिश्रा सभापति, संजय सिंह चौहान फौजी उपसभापति, मनीष सिंह सेंगर सचिव व दूसरी बार हर्ष तिवारी कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने गए। प्रदेश कमेटी के उप सभापति व पर्यवेक्षक अमरनाथ मिश्रा ने निर्विवाद चुनाव सम्पन्न कराते हुए सभी के दायित्वों से परिचय कराया। पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी घनश्याम मीना के प्रतिनिधि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, अवैतनिक सचिव डॉ. विवेक गुप्ता व एओ सर्वेश कुमार, सौरभ पोरवाल व राजन ने चुनाव कराने में अहम भूमिका अदा की। इसमें निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों में अशादीन तिवारी, हरिहर प्रसाद दीक्षित, संदीप पांडेय, मो. सलीम, जटा शंकर तिवारी, शिव चंद्र ने चारों पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। जिला अस्पताल परिसर से निकलने पर चारों पदाधिकारियों को सुरेंद्र वर्मा, अंबुज त्रिपाठी, अधिवक्ता आशुतोष अवस्थी, डॉ. प्रभात सिन्हा, आशुतोष बाजपेई, चेतन मिश्रा, लक्ष्य निगम, सुधीर सिंह चौहान, आशुतोष मिश्रा, प्रांजुल गुप्ता, उत्कर्ष शुक्ला, आदित्य तिवारी, उमैर अशरफ़ नज़मी, निर्मेश पटेल आदि ने बधाइयां दीं।

रेड क्रॉस सोसाइटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारी।

आठ घंटे काम के लिए देने पड़ी बड़ी कुर्बानी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- महात्मा गांधी पुस्तकालय कमला भवन में हुई विचार गोष्ठी

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर जिला सर्वोदय मंडल द्वारा एक विचार गोष्ठी "वर्तमान समय में मेहनतकश समाज के समक्ष चुनौतियां और उसका समाधान" विषय पर महात्मा गांधी पुस्तकालय कमला भवन में आयोजित हुई।

मंडल अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में बछरावां डिग्री कॉलेज रायबरेली के पूर्व प्राचार्य डॉ. रामनरेश ने कहा कि औद्योगिक क्रांति के बाद दुनिया में एक तरफ तो पूंजी के सरपरस्त प्राकृतिक संसाधनों का भरपूर दोहन कर अपने लिए अंधाधुंध लाभ के रास्ते खोज रहे थे। वहीं दूसरी तरफ मजदूर वर्ग भी अपने आप को संगठित कर अपने ऊपर हो रहे शोषण के मुक्ति के रास्ते खोज रहा था। यही कारण था कि उसके अंदर 8 घंटे काम के तथा शेष समय उसने समाज के चिंतन और परिवार के लिए अधिकार पाने के लिए सोच बनती चली गई। हालांकि, उन्हें यह अधिकार पानी को लाखों साथियों की कुर्बानी देनी पड़ी। समाजसेवी अरविंद कमल ने कहा कि जब श्रमिक व उद्योग वर्ग आपसी समझौते के आधार पर उद्योग को विकसित करने का काम करते हैं तो दोनों ही लाभान्वित होते हैं। संचालन मंत्री अखिलेश तिवारी ने किया।

गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. रामनरेश। • अमृत विचार

सड़क पार करते मासूम पर पलटा ई-रिक्शा, मौत

उन्नाव, अमृत विचार : औरास-संडीला मार्ग पर सीमऊ गांव के सामने सड़क पार कर रहे 7 वर्षीय मासूम पर ई-रिक्शा पलट गया। एसओ ने उसे अपने वाहन से सीएचसी पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीमऊ गांव निवासी श्रीपाल का 7 वर्षीय बेटा अभिषेक शुक्रवार दोपहर 3 बजे घर के सामने रोड किनारे दुकान से नमकीन लेकर लौट रहा था। तभी औरास-संडीला मार्ग पार करते समय तेज रफ्तार ई-रिक्शा चालक ने बच्चे को देखकर ब्रेक लगाया। इससे ई-रिक्शा अभिषेक पर पलट गया। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उधर से निकल रहे एसओ संजीव कुशवाहा ने अभिषेक को सीएचसी औरास पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। एसओ के मुताबिक ई-रिक्शा व चालक को पकड़ा गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

श्रमिक सम्मान समारोह में उठी ईएसआई अस्पताल की मांग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

अमृत विचार: अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर आईआईए सभागार में श्रमिक सम्मान, हितलाभ वितरण व विचार गोष्ठी आयोजित हुई। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत चेक व अन्य हितलाभ बांटे। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े श्रमिक के उत्थान के लिए संकल्पित है। उन्होंने श्रमिकों के अधिकारों के संरक्षण पर कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक तभी पहुंचेगा जब इसमें जनसहभागिता बढ़ेगी।

गोष्ठी में आईआईए के पूर्व अध्यक्ष जीएन मिश्रा ने श्रमिकों के स्वास्थ्य की दिशा में मांग की कि जिले में स्थानीय स्तर पर ईएसआई के अंतर्गत एक समर्पित अस्पताल के निर्माण की जरूरत है। ताकि औद्योगिक श्रमिकों को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिल सके। संचालन करते हुए श्रम प्रवर्तन अधिकारी राधेश्याम सिंह ने श्रमिकों को नवीन श्रम संहिताओं की विस्तृत जानकारी दी।

कांशीराम कालोनी के पास 1.16 हेक्टेयर में बनेगा नवीन जिला पंचायत कार्यालय

उन्नाव, अमृत विचार : कांशीराम कॉलोनी के सामने प्रस्तावित 1.16 हेक्टेयर भूमि पर नए जिला पंचायत कार्यालय के निर्माण हेतु बुद्ध पूर्णिमा पर भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने पूजा-अर्चना व शिलान्यास के साथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान कार्यालय में स्थान व संसाधनों की कमी से आ रही समस्याओं को यह भवन समाप्त कर देगा। कहा कि नए कार्यालय से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी। बल्कि आमजन को एक ही परिसर में बेहतर व आधुनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। यह भवन भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल के पास आवास की सुविधा होगी। अपर मुख्य अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि भवन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट आधुनिक वास्तुकला के अनुरूप तैयार कर शासन को भेजी जा रही है। परिसर में डिजिटल सुविधाएं, पर्याप्त पार्किंग व चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था होगी। समापन पर भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह 'सनी' ने कहा कि यह परियोजना उन्नाव की कार्यप्रणाली में बड़ा सुधार लाएगी। अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा हो। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी पटेल, अभीत सिंह, वृजपाल, मनमोहन, अशोक सिंह चंदेल, गोविन्द यादव, कुश सिंह आदि मौजूद रहे।

नवीन भवन के लिये होता शिलान्यास व पूजन।

खुलासा | शरीर पर मिलीं आठ अंदरूनी चोटें, हत्या में शामिल युवती भाई व पिता के साथ भेजी गई जेल

पेड़ पर सिर लड़ाकर मारा गया था प्रतापगढ़ का युवक

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। ब्लैकमेलिंग से अजीज होकर युवती ने पिता व भाई के साथ प्रतापगढ़ के युवक को पहले कोल्डड्रिंक में मिलाकर नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद उसका सिर पेड़ में लड़ा-लड़ाकर उसकी हत्या कर दी। पोस्टमार्टम में युवक के सिर में 8 अंदरूनी चोटें मिली हैं। पुलिस ने आरोपी युवती, उसके भाई व पिता को पकड़कर जेल भेजा है।

बता दें कि प्रतापगढ़ जिला के फतनपुर थानाक्षेत्र के बीरारपुर गांव निवासी अखिलेश गौतम (20) पुत्र सुरेश कुमार की अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मीतखेड़ा गांव निवासी हीरालाल की 18 वर्षीय बेटी मुस्कान से दोस्ती थी। जो प्रेमप्रसंग में तब्दील हो गई। इस दौरान अखिलेश के पास मुस्कान की कुछ तस्वीरें व चैट थे। जिसे लेकर अखिलेश मुस्कान को ब्लैकमेल कर रुपए मांग रहा था। अजगैन पुलिस ने मामले में आईटी एक्ट के तहत 19 मार्च को रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की। इससे युवक फिर युवती को परेशान करने लगा। इससे अजीज आकर उसने अखिलेश को उन्नाव बुलाया। इस पर वह 29 अप्रैल को देरशाम सोनिक पहुंचा। जहां रेलवे क्रासिंग के पास पिता, भाई अमन व एक रिश्तेदार के साथ पहुंची मुस्कान ने क्रॉसिंग के पास कोल्डड्रिंक की बोतल खरीदी और उसमें धीरे से नशीला पदार्थ मिलाकर सभी दही थाना के बंदरहा गांव पहुंचे। जहां सोनिक निवासी हरिप्रसाद के खेत में लगे नीम के पेड़ के नीचे अखिलेश कोल्डड्रिंक पीकर निढाल हो गया। इसके बाद मुस्कान, उसके पिता हीरालाल व भाई ने उसका सिर पेड़ में भिड़ा-भिड़ाकर उसे मार डाला। पुलिस ने गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें 8 अंदरूनी चोटों से उसकी मौत होने की पुष्टि हुई। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि मां रेखा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मुस्कान, अमन व हीरालाल को गंगा एक्सप्रेस-वे पास बसीरतगंज से गिरफ्तार किया गया है। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया। जहां से सभी जेल भेजे गए।

पुलिस गिरफ्त में युवती, उसका भाई व पिता। • अमृत विचार

रोटरी क्लब और मेदांता का स्वास्थ्य शिविर कल

उन्नाव, अमृत विचार : रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव द्वारा मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के सहयोग से रविवार को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होना है। शिविर अलहुदा इंटर कालेज मोहल्ला शेखवाड़ा में होगा। प्रेसवार्ता में क्लब सचिव सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में मेदांता हॉस्पिटल के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ मौजूद रहेंगे। इसमें मरीजों को सिर्फ परामर्श नहीं बल्कि जरूरी जांचें भी नि:शुल्क कराई जाएंगी। इनमें ईसीजी, बीएमडी, पीएफटी, बीपी व शुगर की जांच भी होगी। प्रेसवार्ता में रोटरी क्लब अध्यक्ष अशोक गुप्ता व पीडीजी अरविंद कुमार 'कमल' ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों तक उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है। इस दौरान कोषाध्यक्ष प्रशांत निगम, कार्यक्रम संयोजक एआर खान, नीरज निगम, हरिमोहन निगम, अलहुदा इंटर कालेज के प्रबंधक डॉ. दाउद उपस्थित रहे।

स्विमिंग टूर्नामेंट में सर सैय्यद के अब्दुल आहद ने जीते पदक

उन्नाव, अमृत विचार : सीआईएससीई जोनल स्विमिंग टूर्नामेंट का आयोजन 29 व 30 अप्रैल को केडीएमए वर्ल्ड स्कूल कानपुर में हुआ। इसमें मेथोडिस्ट, शीलिंग हाउस, सेंट मैरी स्कूल कानपुर, सर सैय्यद पब्लिक स्कूल उन्नाव आदि विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इसमें सर सैय्यद के अब्दुल आहद ने 1 रजत व 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। उन्होंने 50 मीटर व 100 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत व कांस्य पदक और 50 मीटर बैंक स्ट्रोक में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय व प्रशिक्षक का गौरव बढाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सादिया कमाल व प्रशिक्षक शेखर ने बताया कि अब्दुल आहद का चयन प्रादेशिक स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो आगामी 7 से 9 जुलाई को सेंट जोसेफ स्कूल प्रयागराज में होगी।

अब्दुल आहद को मेडल पहना कर हाथ मिलाती प्रधानाचार्या। • अमृत विचार

आंधी में टूटे विद्युत पोल व तार, दर्जनों गांवों में अंधेरा

भारी बरसात से मांगलिक कार्यों में बाधा, 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली हवाओं ने किया नुकसान

संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार। बीते एक पखवारे से जहां लोग लू थपेड़ों से परेशान थे, वहीं गुरुवार की देर शाम आई भीषण आंधी व पानी ने गर्म मौसम से निजात दिलाई। बरसात से मौसम तो सुहावना हो गया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में तेज आंधी से काफी नुकसान हुआ। दर्जनों पेड़ गिर गए। बिजली के खंभे व तार टूट जाने से कई गांवों की विद्युत व्यवस्था लड़खड़ा गई जिसे सही होने में काफी समय लगेगा।

मौसम का रुख बुधवार से बदलना शुरू हो गया था। कुछ क्षेत्रों में बरसात के साथ ओले के भी पड़े थे, जिससे जिलेवासियों को कई दिनों से चल रही भीषण लू व गर्मी से निजात मिली। गुरुवार को देर शाम मौसम में अचानक भारी बदलाव आ गया। 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी रुक-रुक कर लगभग आधा घंटा आती रही। आंधी के साथ ही पानी भी बरसने लगा। लगभग एक घंटे जमकर बरसात हुई। मौसम वेधशाला के अनुसार 32.4 मिमी वर्षा जिले में हुई। बरसात से जहां मौसम सुहावना हो गया, वहीं तमाम क्षेत्रों में मक्का आदि की फसलें बर्बाद हो गईं। तेज आंधी से तमाम पेड़ व होर्डिंग्स उखड़ गए। तेज आंधी ने गांवों की बिजली व्यवस्था कई दिनों के लिए बदहाल कर दी। आंधी से विद्युत तार व खंभे टूट गए, जिससे दर्जनों गांवों में कई घंटों बाद भी विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की जा सकी है। नगर क्षेत्र में भी हाईटेंशन लाइन में खराबी आ जाने के कारण घंटों लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। बरसात का असर यह हुआ कि जहां जिले का तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्शियस तक पहुंच गया था, वहीं शुक्रवार को 32.5 तथा न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्शियस हो गया। बदले मौसम से लोगों को काफी राहत मिली। भीषण लू व गर्मी से पशु-पक्षी तक बेहाल थे। मौसम बदलने से सभी ने राहत की सांस लीं।

शहर में होती बरसात। अमृत विचार

बागवानों को हुआ भारी नुकसान

हरदोई। जिले के संडीला, शाहाबाद व पिहानी क्षेत्र में अब आम की फसल बहुतायत संख्या में होती है। इस बार भी आम की अच्छी फसल होने की उम्मीद लगाए बैठे बागवान आम के पेड़ों पर काफी मेहनत कर रहे थे। पानी लगाने के साथ दवा आदि का छिड़काव समय-समय पर कर रहे थे। फसल भी पेड़ों पर ठीकठाक आई है, लेकिन गुरुवार की आंधी ने बागवानों का काफी नुकसान किया है। तेज आंधी से काफी संख्या में कच्चा आम टूट कर गिर गया, जिसके चलते शुक्रवार को बाजारों में भारी मात्रा में कच्चे आम की बिक्री होती देखी गई। मौसम की मार से बागवानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंचनी शुरू हो गई हैं।

बारिश से भीगा सैकड़ों क्विंटल अनाज

हरदोई। मंडी में इन दिनों गेहूं की आमद बढ़े पैमाने पर है। सैकड़ों क्विंटल गेहूं खुलेआसमान मे लगा हुआ है। बरसात से भारी मात्रा में गेहूं भीग गया। मंडी से करोड़ों रुपयों की राजस्व सरकार से प्राप्त होती है, लेकिन अधिकारियों की खाऊकमाऊ नीति के चलते मंडी की हालत दिन व दिन बदतर होती चली जा रही है। बारिश से मंडी तालाब में बदल गई। पानी का निकास न होने के कारण व्यापारियों का सैकड़ों क्विंटल गेहूं जो खुले में लगा हुआ था वह पानी के बीच समा गया, जिससे व्यापारियों व किसानों का काफी नुकसान हुआ है। बहुत से किसानों का गेहूं भी तौल के लिए खुले मैदान में रखा था वह भी मंडी की अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया।

मंडी में भरे पानी के बीच रखा अनाज। अमृत विचार

तालाब बनी गल्ला मंडी। अमृत विचार

ब्लेड लगे तारों पर गिरे बाइक सवार किशोर की मौत

हरदोई, अमृत विचार। रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने गया किशोर बाइक चला रहा था, उसकी बाइक खेत के किनारे लगे ब्लेड वाले तारों पर गिर पड़ी, जिससे वह बुरी तरह ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। टड़ियावां थाने के पनिहइया गांव निवासी भइया लाल का 17 वर्षीय इकलौता बेटा राजीव अपने रिश्तेदार रामवीर निवासी पसगवां के घर शादी में शामिल होने गया था, शुक्रवार को वह बाइक लेकर निकल पड़ा। जैसा कि बताते है कि वह कुंवरपुर बसीठ के पास एक खेत के किनारे पहुंचा, उसी बीच वह बाइक के साथ ही वहां लगे ब्लेड वाले तारों के ऊपर गिर पड़ा, जिससे बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी पसगवां पहुंचाया गया, जहां मौत हो गई। हादसे की खबर से खुशियों के बीच मौत का मातम बरपा हो गया।

राजीव की फाइल फोटो।

न्यूज ब्रीफ

अधेड़ को कार ने मारी टक्कर, मौत

उन्नाव, अमृत विचार। बारासगवर थानाक्षेत्र के पृथ्वीखेड़ा गांव निवासी सिद्धनाथ (50) खेती करता था। शुक्रवार शाम वह खेत से लौट कर गांव के बाहर सड़क किनारे खड़ा था। तभी तेज रफ्तार कार उसे टक्कर मारती हुई सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। जिला अस्पताल ले जाने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अस्पताल के मेमो पर शव मोर्चरी भेजकर कार थाना में खड़ी कराई है। एसओ धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि सड़क हादसे में अधेड़ की मौत हुई है।

14 घंटे ठप रही बिजली कई मोहल्ले रहे अंधेरे में

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। शुक्लागंज सब स्टेशन से शक्ति नगर जाने वाली भूमिगत एचटी लाइन में फाल्ट आने से गुरुवार को करीब 14 घंटे आपूर्ति बाधित रही। दोपहर 1 बजे लाइन दगने से शक्ति नगर, मनोहर नगर, प्रेम नगर, सीताराम कॉलोनी आदि मोहल्लों में लोगों भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। फाल्ट की सूचना मिलते ही विभागीय कर्मियों ने लाइन की पेट्रोलिंग शुरू की। लेकिन सटीक स्थान का पता न चलने से समस्या दूर नहीं हो सकी। इसके बाद एसडीओ राजेंद्र प्रसाद ने लखनऊ से लोकेटर मशीन मंगवाई। जांच में राजमार्ग स्थित अंबिका प्रसाद स्कूल के पास फाल्ट मिला। इसके बाद देररात खुदाई कर मरम्मत शुरू हुई। सुरक्षा के मद्देनजर इस दौरान शक्ति नगर व मिश्रा कॉलोनी फीडर की आपूर्ति भी बंद रखी गई। कड़ी मशक्कत के बाद रात करीब 3 बजे आपूर्ति बहाल हो सकी।

पत्थरबाजी में पकड़े गए युवक को पुलिस ने छोड़ा

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। राजमार्ग स्थित यूनियन कार्बाइड वाली गली में पिछले तीन दिनों से रात करीब 10 बजे के बाद लगातार हो रही पत्थरबाजी से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। शुक्रवार को सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद स्थानीय लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया और पिटाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। हालांकि बाद में पुलिस ने बिना विस्तृत जांच के ही युवक को छोड़ दिया।

दायित्वों के निर्वहन में गंभीर लापरवाही पर एसएचओ टड़ियावां निलंबित, होगी जांच

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। लड़ाई-झगड़े के मामले में हमलावरों की तरफदारी करते हुए दी गई तहरीर को फेंक कर उल्टे हमलावर पक्ष की तरफ से दी गई तहरीर पर केस दर्ज करने और दूसरे अपहरण के मामले में थाने में मौजूद पीड़िता को बयान दर्ज कराने के लिए कोर्ट में पेश नहीं किया गया,इस तरह की लापरवाही सामने आने से एक्शन में आए एसपी अशोक कुमार मीणा ने एसएचओ टड़ियावां एसआई कुलदीप सिंह को निलंबित करते हुए जांच के आदेश दिए है।

पहला मामला झगड़े का है। 4 अप्रैल को टड़ियावां थाने के कोटरा गांव में विश्वराज सिंह का गांव निवासी शिवधान सिंह, धर्मेंद्र सिंह,शिवनाथ सिंह और रवि सिंह से झगड़ा हो गया था। विश्वराज सिंह ने आरोप लगाया था कि आरोपियों ने उसे और उसके भतीजे वीरेश सिंह को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटा। दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी,लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हुई। एसएचओ कुलदीप सिंह पर आरोप था कि उन्होने आरोपी पक्ष की तरफदारी की और पीड़ित की नहीं सुनी।

दूसरा मामला अपहरण से जुड़ा हुआ है,9 अप्रैल को टड़ियावां थाने के एक गांव की महिला ने अपहरण के मामले में केस दर्ज कराया था। महिला का कहना था कि 7 अप्रैल की रात उसकी 18 वर्षीय बेटी बिना बताए कहीं चली गई थी। पुलिस ने युवती को खोज निकाला था। इस मामले में एसएचओ पर आरोप है कि पीड़िता के थाने में होने के बावजूद कोर्ट में उसके बयान दर्ज नहीं कराए। एसपी अशोक कुमार मीणा लिस ने अपने सभी मातहतों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कर्तव्य और दायित्वों का पूरी ईमानदारी से पालन करें। आगे चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर किसी ने भी अपने कर्तव्यों में शिथिलता बरती तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध वाहनों के संचालन पर रोक की मांग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। राष्ट्रीय मार्गों पर अवैध रूप से चल रही वाहनों का संचालन तत्काल रोके जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को बस स्टैंड परिसर पर कर्मचारियों ने धरना दिया। मांगे न माने जाने पर 20 मई को वृहद धरना प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी भी कर्मचारियों द्वारा दी गई।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि लगभग प्रत्येक मार्ग पर अवैध बसों का संचालन बेरोकटोक हो रहा है। बस अड्डों के आसपास यह अवैध बसें यात्रियों को ले जा रही है, जबकि शासनादेश के अनुसार निगम के बस अड्डों की एक किमी की परिधि में निजी व चार पहिया सवारियों का चलना प्रतिबंधित है। ऐसे डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक न लगने से न सिर्फ राजस्व में कमी आ रही है, बल्कि कर्मचारियों को भी असुविधा हो रही है, प्रदेश में बने एक्सप्रेसवे व हाईवे को राष्ट्रीय मार्ग घोषित किया जाए। परिवहन निगम के हितों को कुप्रभावित करने वाली निर्णयों पर पुनः विचार किया जाए। निगम के बस स्टेशनों से निजी बसें चलाने की योजनाओं पर रोक लगाया जाए। गंभीर वेतन विसंगतियों का समाधान किया जाए। साथ ही पदों पर पदोन्नति की व्यवस्था को पुनगठित किया जाए। निगम के सभी संवर्गों की सीधी भर्ती के रिक्त पदों पर नियमित की जाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 20 मई को विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष अखिल बाजपेई, मंत्री जितेंद्र बहादुर, राजीव कुमार, अशोक यादव, रजिया बानो, प्रियांशी सिंह, विनोद त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मी। अमृत विचार

पहले पति को तलाक दिये बिना पत्नी ने कर ली दूसरी शादी

- कोर्ट में चल रहा है केस, पीड़ित पति विवाह रुकवाने के लिए लगाता रहा गुहार

हरदोई, अमृत विचार। हिंदू विवाह अधिनियम-1955 में साफ-साफ लिखा है कि पहले पति के होते हुए और बगैर कानूनी तलाक लिए दूसरी शादी करना कानूनन गलत है। फिर भी पति के रहते हुए पत्नी धूमधाम से दूसरी शादी कर अपने पीहर की दहलीज़ से विदा हो गई। जबकि उसके पति ने पहले ही चिल्लाता रहा कि उसकी तलाक नहीं हुई। पत्नी ने गुज़ारा-भत्ता के लिए कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल कर रखी है,उस पर कोई फैसला नहीं हुआ,फिर भी उसकी पत्नी दूसरी शादी कर रही है,लेकिन उसकी कहीं भी नहीं सुनी गई।

दरअसल पूरा मामला साण्डी थाने हूंसेपुर की एक युवती से जुड़ा है। की उस युवती की शादी 6 जून 2021 को संदीप कुमार निवासी विशाफ़कला थाना सेहरामऊ ज़िला शाहजहांपुर के साथ हुई थी। आपस में कुछ मनमुटाव होने पर संदीप की पत्नी मायके में रहने लगी और वहीं से आरोप लगाकर कोर्ट में गुजारा भत्ता व विदाई की अर्ज़ी दाखिल कर मुकदमा करा दिया। जिसका कोई फैसला नहीं हुआ है, कानूनी तलाक भी नहीं हुई। संदीप का कहना है कि उसे पता चला कि पत्नी दूसरी शादी कर रही है। इतना ही नहीं 30 अप्रैल को उसके साथ लोनार थाने के ऐजा निवासी आलोक कुमार के साथ भांवर पड़ने वाले है। इसका पता होते ही पहला पति संदीप कानून का हवाला देते हुए अपनी पत्नी की दूसरी शादी रुकवाने के लिए दौड़-भाग करने लगा। उसने आला अफसरों के अलावा साण्डी पुलिस को भी तहरीर दी, लेकिन उसकी कहीं नहीं सुनी गई और 30 अप्रैल को उसकी पत्नी की धूमधाम से बारात आई, द्वारचार हुआ, भांवर पड़े और अगली सुबह कलेवा के बाद उसकी विदाई हो गई। उधर कानून का हवाला देते हुए दौड़ रहा उसका पति आखिरकार थक-हार कर बैठ गया।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था शादी का कार्ड

पत्नी की दूसरी शादी रुकवाने के लिए उसकी शादी का कार्ड हाथ में लिए घूम रहे पति संदीप का कहना है कि उसकी पत्नी ने दूसरी शादी कर कानून के साथ खिलवाड़ किया है,उसकी दूसरी शादी का कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल हुआ,लोगों ने तरह-तरह के खूब कमेंट भी किए है।

मामूली विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के मोहन पुरवा गांव में शुक्रवार सुबह घूरा-कंडा डालने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और जमकर लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। मारपीट की इस घटना में एक पक्ष की ओर से कंचन और पूनम घायल हो गईं, जबकि दूसरे पक्ष से मीना देवी पत्नी मदन पाल और लक्ष्मी पत्नी खुशीराम को गंभीर चोटें आई हैं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के बाद सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है और तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में एहतियातन पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है।

मारपीट में घायल महिला। अमृत विचार

शिव हैं पंच कर्म परमेश्वर

उन्नाव, अमृत विचार। शहर के पीडी नगर स्थित श्री बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर अटल उपवन में श्री शिव महापुराण कथा महायज्ञ के तीसरे दिन संत विज्ञानानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि शैव सिद्धांत के अनुसार भगवान शिव के पांच मुख्य ब्रह्मांडीय कार्य जिन्हें पंचकृत्य कहा जाता है। ब्रह्मांड का निर्माण व रचना, सृष्टि की रक्षा व पालन-पोषण, जगत का विनाश या संहार, माया या अज्ञान द्वारा सत्य को छिपाना, करना और मोक्ष या मुक्ति प्रदान करना। ये पांच कर्म शिव के पांच मुखों (पंचानन) व उनकी शक्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू व साईं मंदिर संस्थापक सुरेंद्र वर्मा ने महाराज को प्रतीकचिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रज्ञान सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित इस 10 दिवसीय अनुष्ठान में मुख्य यजमान रणजीत सिंह भदौरिया व अरुणा भदौरिया, दिवस यजमान सत्य प्रकाश अवस्थी व पूनम अवस्थी, अध्यक्ष इंद्रमणि मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. मनीष सिंह सेंगर, महामंत्री यज्ञप्रकाश दीक्षित, मुख्य सेवायत अभिषेक शुक्ला, संरक्षकों जगवीर सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, आईपी दीक्षित, महेश द्विवेदी, इंदु प्रकाश अवस्थी,अमित दीक्षित, अरुणा सिंह भदौरिया, नीलम सिंह, आशा दीक्षित, राखी शुक्ला, सुमन सिंह, रोली दीक्षित, अनुपमा आदि आशीर्वाद लिया।

बाइकों की टक्कर में युवक की मौत, महिला घायल

हरदोई, अमृत विचार। इधर से जा रही बाइक उदर से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई,जिससे बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई,जबकि दूसरी बाइक पर सवार महिला बुरी तरह से ज़ख्मी हो गई,जिसे सीएचसी पहुंचाया गया,जहां से मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

बताया गया है कि शुक्रवार की शाम हरियावां से टड़ियावां जाने वाली रोड पर नाऊ खेड़ा पुलिया के पास एक बाइक दूसरी बाइक से टकरा गई,जिसमें बाइक चला रहा टड़ियावां थाने के परसपुर निवासी 20 वर्षीय सचिन पुत्र अमर सिंह और दूसरी बाइक पर सवार हरियावां थाने के चचरहिया निवासी सुरेंद्र की पत्नी बिटोली बुरी तरह ज़ख्मी हो गई,दोनों को इलाज के लिए सीएचसी टड़ियावां पहुंचाया गया,जहां सचिन की मौत हो गई और बिटोली को शुरुआती इलाज के बाद मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।सीओ हरियावां अजीत सिंह चौहान ने बताया कि हादसे का पता हैते ही वहां पहुंची यूपी-112 की पीआरवी टीम बाइक सवारों को सीएचसी ले कर पहुंची थी, शव को कब्ज़े में लेते हुए हादसे की जांच की जा रही है।

बोलेरो से टकरा कर राहगीर की मौत

हरदोई, अमृत विचार। बाज़ार में एक दुकान से दूसरी दुकान पर जाने के लिए सड़क पार कर रहे बुज़ुर्ग राहगीर को तेज़ रफ्तार बोलेरों ने टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया,उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,वहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया है कि गुरुवार को मझिला थाने के चठिया तिराहे की बाज़ार थी,शाम को उसी थाने के गंगुपुरवा निवासी 70 वर्षीय टीकम बाज़ार करने गया हुआ था। उसके बेटे किंदर लाल ने बताया कि बाज़ार में खरीददारी कर रहे उसके पिता टीकम एक दुकान से दूसरी दुकान जाने के लिए सड़क पार कर रहा था,उसी बीच तेज़ रफ्तार बोलेरो ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी,जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया,उसे एम्बुलेंस-108 से सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया गया,जहां से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया,वहां देर रात को उसकी मौत हो गई। टीकम खेती-किसानी करता था,उसकी पत्नी पार्वती की पहले ही मौत हो चुकी थी। किंदर लाल उसका इकलौता बेटा है। कोतवाली शहर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

योग प्रशिक्षकों का चयन कैंप के माध्यम से किया जाएगा

उन्नाव, अमृत विचार। योग संस्थान ने देश भर के स्कूलों में योग को बढ़ावा देने व विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली से जोड़ने के उद्देश्य से योग प्रशिक्षकों के पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। इस अभियान के तहत प्रमाणित योग प्रशिक्षकों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। साथ ही सामाजिक न्याय व समानता का ध्यान रखते हुए श्रेणीवार आरक्षण का भी प्रावधान रखा गया है। भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट yogaayush.org.in पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई निर्धारित है। इस संबंध में योग संस्थान के अध्यक्ष आशीष शुक्ला द्वारा लखीमपुर, पसगवां, जंगबहादुरगंज, सीतापुर, हरदोई व शाहजहांपुर आदि जिलों में जागरूकता कार्यक्रम कर युवाओं को भर्ती प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है।

अपील | भाजपा कार्यालय पर आयोजित कैंप में विधायक ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

घरेलू विद्युत कनेक्शन बिना पूर्व सूचना के न काटें

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। भाजपा कार्यालय पर शुक्रवार को विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिए कैंप आयोजित हुआ। विधायक बंबालाल दिवाकर ने कैंप में मौजूद अधिकारियों को फटकार लगाते हुए सभी समस्याओं के समाधान के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। कैंप में सबसे अधिक शिकायतें स्मार्ट मीटर को लेकर आईं।

कस्बा निवासी आदर्श व अंशू देवी ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिल अचानक 60 से 66 हजार रुपये तक पहुंच गए हैं। जिसे सुन विधायक व अधिकारी भी हैरान रह गए। वहीं, मजबूत अली ने विद्युत कर्मियों पर बिना बताए मीटर व केबल उतार ले जाने का आरोप लगाया। क्षेत्र के ब्रह्मना व सालेहनगर के दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि 100 केवीए के एक छोटे ट्रांसफार्मर पर 500 से अधिक कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं। इससे आएदिन ट्रांसफार्मर फुंकता है और गांव हफ़्तों अंधेरे में डूबे रहते हैं। विधायक ने इसे संज्ञान लेते हुए दोनों गावों के ट्रांसफार्मर अलग करने व क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। विधायक ने विभाग को चेतावनी दी कि किसी भी गरीब का घरेलू कनेक्शन बिना पूर्व सूचना के नहीं काटा जाएगा। मिर्जापुर जैसे क्षेत्रों में पेड़ों के बीच से गुजर रही एचटी लाइन तुरंत दुरुस्त करें। कैंप में एसई अमित सिंह, बांगरमऊ एक्सईएन राजनाथ यादव, हसनगंज अनिल तिवारी व एसडीओ एजाज अहमद मौजूद रहे।

शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक व अधिकारी। अमृत विचार

बाइक से गिरकर भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष घायल

सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार। क्षेत्र में खराब सड़कों के कारण एक और हादसा सामने आया है। शुक्रवार को सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अतहा गांव निवासी भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष सुलोचना सिंह बाइक से गिरकर गंभीर घायल हो गईं। सुलोचना सिंह ने बताया कि वे अपने गांव अतहा से गांव के सहयोगी रामलखन के साथ बाइक से सफीपुर मुख्यालय आ रही थीं। तभी शेरपुर गांव के पास मार्ग जर्जर होने से बाइक अनियंत्रित हो गई और वह गिर गईं। इसमें उन्हें गंभीर चोटें आईं। इसके बाद उन्हें सीएचसी सफीपुर में भर्ती कराया गया। हादसे की सूचना पर विधायक बम्बालाल दिवाकर, विधानसभा मीडिया प्रभारी अनुराधा सिंह व राजू चौहान अस्पताल पहुंचे और उनका हाल जाना। साथ ही चिकित्सकों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव व आस पास के तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। जहां नगर के अलावा दूर दराज से आने वाले सोनिक, अचलगंज, रायबरेली, बालामऊ, लखनऊ, जैतीपुर, उन्नाव, कानपुर समेत तमाम दूर दराज से आने वाले स्नानार्थियों ने पूर्णिमा पर गंगा स्नान में आस्था की डुबकी लगाई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं शाम को नित्य गंगा आरती सेवा समिति की ओर से शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया।

गंगा स्नान के लिये उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

न्यूज ब्रीफ

दुकान से 50 पेटी शराब चोरी, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली के मोहल्ला उधरनपुर में चोरों ने शराब की दुकान तोड़कर 50 पेटी शराब और नगदी चोरी कर ली। सेल्स मैन की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेहटा कोला निवासी सेल्स मैन जतिन राजपूत पुत्र रामप्रकाश के अनुसार 29/30 अप्रैल की रात दस बजे वह शराब की दुकान बंद कर घर गया था। रात में चोरों ने शराब की दुकान तोड़कर 50 पेटी शराब और 900 रुपये की नगदी चुरा ली। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना स्थल का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। पुलिस ने छोटों की तलाश शुरू कर दी है।

युवती और विवाहिता लापता, रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता और एक युवती के लापता होने के मामले में पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित पिता के अनुसार उसकी पुत्री 29 अप्रैल की शाम आगमपुर तिराहे पर साइकिल से सामान लेने गई थी। तब से वापस लौट कर नहीं आई है। वहीं विवाहिता की सास के अनुसार 29 अप्रैल की दोपहर में उसकी बहू अपनी तीन वर्षीय पुत्री के साथ कहीं चली गई है। रूपए और सारा ज़ेवर साथ लेकर गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने बताया विवाहिता और युवती के लापता होने के मामले में परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

भगवान बुद्ध ने दिया सत्य, अहिंसा व करुणा का संदेश : अजीत

भाजपा जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

संवाददाता, हरदोई

भगवान बुद्ध के चित्र को पुष्प अर्पित करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। भाजपा जिला कार्यालय पर शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भगवान बुद्ध के सत्य, अहिंसा और करुणा के संदेश आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि बुद्ध ने दुनिया को शांति का मार्ग दिखाया, जिस पर चलकर ही समाज में समरसता और बंधुत्व की स्थापना संभव है।

जिलाध्यक्ष ने आह्वान किया कि इस बुद्ध पूर्णिमा पर हम केवल दीपक न जलाएं, बल्कि अपने भीतर करुणा का दीप जलाएं। हम संकल्प लें कि हम अपने शब्दों से किसी को आहत नहीं करेंगे, घृणा का उत्तर प्रेम से देंगे और समाज में सद्भावना फैलाएंगे। इस दौरान जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित की और भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह गौर, जिला महामंत्री अनुराग मिश्रा, जिला सह कोषाध्यक्ष कपिल मोहन गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी आयुष कुमार सिंह, जिला सह कार्यालय मंत्री आशुतोष बाजपेई, अनुराधा मिश्रा, सुजीत सिंह, आदेश शुक्ला, ऋषभ त्रिपाठी, रामजी गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। शहर के मोहल्ला आजाद नगर में बुद्ध पूर्णिमा महापर्व का आयोजन किया गया। भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर फूल, मोमबत्ती, अगरबत्ती लगा कर बंधना की गई तथा उपस्थित उपासक एवं उपासिकाओ को बुद्ध बनाना एवं पंचशील ग्रहण कराकर बुद्ध जयन्ती कार्यक्रम संपन्न कराया। कार्यक्रम के आयोजन राजकुमार कपिल ने उपस्थित उपासक एवं उपासिकाओ को भगवान बुद्ध के सत्य, अहिंसा, करुणा, मैत्री, प्रेम एवं बंधुत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। कहा कि भगवान बुद्ध के पंचशील के सिद्धांत के आधार पर भारत देश दुनिया के अग्रिम देशों के साथ मजबूती से खड़ा हो सकता है। भगवान बुद्ध के सिद्धांत के आधार पर तथा पंचशील सिद्धांत के आधार पर अधिकतर देश अग्रणी देशों में गिने जाते हैं। कार्यक्रम के अंत में उपासक एवं उपासिकाओं को खीर वितरित की गई। इस अवसर पर रामनाथ, अश्वघोष कपिल, वेदप्रकाश वर्मा, मनोरमा कपिल, शिखा कपिल, श्रीदेवी, अभिजीत, अंजू वर्मा, आयुष, गीता, दीक्षा कपिल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

भगवान बुद्ध जयंती मनाते अनुयायी। अमृत विचार

सिनेमा चौराहा हुआ अब बुद्ध चौराहा

हरदोई, अमृत विचार। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने सिनेमा चौराहे पर शुक्रवार की शाम भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण किया। बताते चले कि पर्यटन विभाग द्वारा नगर में चौराहों का सुंदरीकरण कराया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के सिनेमा चौराहे पर शुक्रवार को नव स्थापित बुद्ध मूर्ति का अनावरण आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर सहित नगर पालिका के सभासद व दर्जनों नगरवासी मौजूद रहे।

सिनेमा चौराहे पर महात्मा बुद्ध की मूर्ति का अनावरण करते आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती व पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर।

न महाराणा प्रताप और न महाराज अग्रसेन की लग सकी मूर्ति

हरदोई, अमृत विचार। नगर के सिनेमा चौराहा के सुंदरीकरण के साथ ही चर्चा थी कि यहां पर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगाई जाएगी। इस बीच चर्चा आई कि महाराज अग्रसेन की मूर्ति स्थापित की जाएगी। दोनों मूर्तियों को लेकर क्षत्रियों व अग्रसेन समाज के लोगों के बीच खींचतान शुरू हो गई। क्षत्रिय समाज के लोगों ने जिला प्रशासन को बीते दिनों एक ज्ञापन देकर महाराणा प्रताप की मूर्ति लगवाए जाने की मांग की थी। इसी बीच बुद्ध पूर्णिमा को आबकारी मंत्री ने अहिंसा के प्रतीक भगवान बुद्ध की मूर्ति का अनावरण कर दिया।

बुद्ध पूर्णिमा पर निकाली बाइक रैली

हरदोई, अमृत विचार। माधौगंज संवाददाता के अनुसार बुद्ध पूर्णिमा पर बाइक रैली निकाल कर भगवान बुद्ध का संदेश दिया। विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पंचायत इकसई में स्थित अम्बेडकर पार्क में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर अधिकार सेवा संगठन के अध्यक्ष राज उर्फ नागेन्द्र, जैनेन्द्र अवी, रमेश कुमार हंस, रंगलाल आदि ने सामूहिक रूप से पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। इकसई, मढिया, बोचनपुर, मुड़िया खेड़ा, लखनपुर आदि गांवों का भ्रमण कर भगवान बुद्ध व बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर के संदेश को दिया गया है। इस मौके पर शिवम, कल्लू, सतीश, जैचंद, रामकिशन, राजू, रामनरेश, संजय खान, मोहन लाल, रामौतार गौतम आदि लोग मौजूद रहे हैं।

बाइक रैली निकालते अधिकार सेवा संगठन के पदाधिकारी।

वंदे भारत सहित प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को स्थानीय मुद्दों को लेकर एक अहम पहल देखने को मिली, जब मुरादाबाद मंडल की डीआरयूसीसी के सदस्य नवीन अग्रवाल स्थानीय नागरिकों के साथ स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन अधीक्षक नरसी लाल मीणा और वाणिज्य निरीक्षक अंबुज मिश्रा को रेल मंत्री के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हरदोई स्टेशन और जनपद के समग्र रेल विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। नवीन अग्रवाल ने अपने मांग पत्र में हरदोई से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के विस्तार और उसे फोर लेन (चार लाइन) किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना था कि बढ़ते यातायात दबाव और यात्रियों की संख्या को देखते हुए मौजूदा रेलवे ढांचा पर्याप्त नहीं रह गया है। ऐसे में शाहजहांपुर-हरदोई-लखनऊ रेलखंड को चार लाइनों में विकसित किया जाना जरूरी है, ताकि ट्रेनों का संचालन सुचारु रूप से हो सके और देरी की समस्या कम हो। इसके अलावा ज्ञापन में हरदोई स्टेशन पर आधुनिक और प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। इसमें विशेष रूप से वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनों का स्टॉपेज दिए जाने का आग्रह किया गया है।

मांग पत्रों का ज्ञापन देते लोग। अमृत विचार

- हरदोई रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर डीआरयूसीसी सदस्य ने सौंपा ज्ञापन

हरदोई को बड़े स्टेशनों से सीधे जोड़ा जाए

हरदोई। नवीन अग्रवाल ने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि हरदोई की देश के बड़े शहरों से सीधी कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि जनपद हरदोई तेजी से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। कई बड़ी कंपनियां यहां अपने प्लांट स्थापित कर रही हैं। ऐसे में बेहतर और तेज परिवहन सुविधाएं समय की मांग बन चुकी हैं। रेल नेटवर्क के सुदृढ़ होने से उद्योगों को भी सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जब नरेंद्र मोदी स्वयं हरदोई के महत्व को रेखांकित कर चुके हैं, तो इस जनपद को बड़ी रेल परियोजनाओं में शामिल किया जाना चाहिए। इससे क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिल सकती है।

भाई की मौत से दुःखी किशोरी ने की खुदकुशी

हरदोई, अमृत विचार। भाई के आत्महत्या करने के बाद उसके सदमें में बीमार बहन ने भी घर के बरामदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। साण्डी थाने के मुरौली कठेरियान निवासी रामकिशोर के घर वाले शुक्रवार की सुबह खेत पर गए हुए थे। घर में उसकी 16 वर्षीय पुत्री पिंकी और भाभी पूर्णिमा थी। दोपहर का खाना बना रही भाभी पूर्णिमा ने पिंकी का शव उसके दुपट्टे से बंधा फांसी पर लटका देखा। पिंकी दो बहनों में छोटी थी, उसके दो बड़े भाई थे। पिछले साल बड़े भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, तब से पिंकी को ऐसा सदमा पहुंचा कि वह बीमार पड़ गई, कहा जा रहा है कि उसने भाई की मौत के सदमें में आत्महत्या जैसा कदम उठाया है।

शादी-बरातों में बढ़ी गैस की मांग

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। रसोई गैस का संकट इन दिनों सहालग के चलते और भी बढ़ गया है। गैस सिलेंडर के लिए अभी भी लोगों को घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। जिनके घरों में शादी-बरातें हैं उनकी मुश्किलें और भी बढ़ी हुई हैं। घर का एक सदस्य गैस के इंतजाम में ही लगा रहता है। जब गैस के लिए लोग अधिकारियों के पास जाते हैं तब वह भी हाथ खड़े कर देते हैं। इसी बीच व्यवसायिक सिलेंडरों के दाम बेतहाशा बढ़ने से लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं।

रसोई गैस की समस्या कम लेने का नाम नहीं ले रही है। इन दिनों शादी-बरातों का समय शुरू हो गया है। इसके चलते समस्या बढ़ गई है, जिनके घरों में शादी-बरात है वह सिलेंडर को लेकर काफी दिक्कत में हैं। सिलेंडर के लिए जब प्रार्थना पत्र कार्ड सहित लगा कर अधिकारियों के पास लोग पहुंचते हैं तब वह लकड़ी की भट्ठी का प्रयोग करने की सलाह देते हैं। अभी तक लोग व्यवसायिक सिलेंडर लेकर सहालग में काम चला रहे थे, लेकिन व्यवसायिक सिलेंडर के दाम बेतहाशा बढ़ने से समस्याएं और भी जटिल हो गईं। सिलेंडर के लिए लोगों को अभी भी घंटों लाइन में लगना पड़ रहा है। गैस की पर्ची लेना भी इन दिनों काफी दूरुह कार्य है। तमाम वादों के बाद भी जिला प्रशासन व शासन अभी भी रसोई गैस की आपूर्ति दुरुस्त कराने में नाकाम साबित हो रहा है। किसी भी एजेंसी पर गैस के लिए उपभोक्ताओं की लाइनें देखी जा सकती हैं। गैस की समस्या का निदान कब तक होगा, इसका जवाब किसी के पास नहीं।

गैस एजेंसी के बाहर लगी लाइन। अमृत विचार

भाजपा बूथ अध्यक्ष व उनके भाई पर किया हमला, घायल

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

- बाइक में टक्कर मारकर सड़क पर गिराया, विरोध करने पर गाली-गलौज कर मारपीट की

अमृत विचार। पचदेवरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बीजेपी बूथ अध्यक्ष और उनके भाई के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस हमले में बूथ अध्यक्ष के भाई को चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसार, लखनौर गांव निवासी बीजेपी बूथ अध्यक्ष आदेश शुक्ला अपने भाई मोहन शुक्ला के साथ शुक्रवार दोपहर कमालपुर गांव जा रहे थे। आरोप है कि दोपहर करीब दो बजे साहसोगा गांव निवासी विश्वराज पुत्र रामगोपाल ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों भाई सड़क पर गिर गए। आदेश शुक्ला का आरोप है कि टक्कर के बाद विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने ईंट से मोहन शुक्ला पर हमला किया, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई। घटना के बाद आदेश शुक्ला ने पचदेवरा थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष शिवनरायण सिंह ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है और जांच की जा रही है।

विभाग की लापरवाही से लाइनमैन की मौत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। शट-डाउन लेने के बाद बिजली के पोल पर चढ़ा लाइनमैन तार दुरुस्त कर रहा था, उसी बीच सप्लाई शुरु होते ही वह करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया, उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही लोगों में गुस्सा फूट पड़ा, शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए नारेबाज़ी हुई, उसी बीच वहां पहुंचे तहसीलदार ने मुआवज़ा दिलाने का आश्वासन देते हुए बढ़ रहे बवाल को टाला, तब कहीं पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया।

कोतवाली देहात के नयागांव निवासी 34 वर्षीय रिज़वान तत्यौरा पावर हाउस में संविदा पर लाइनमैन था, गुरुवार को उसने कोतवाली शहर के काशीपुर में सप्लाई दुरुस्त करने के लिए शट-डाउन लिया और पोल पर चढ़ा हुआ था, उसी बीच अचानक सप्लाई शुरु हो गई, जिससे करंट की चपेट में आया लाइनमैन रिज़वान बुरी तरह से झुलस गया, आनन-फानन में उसे एम्बुलेंस-108 से उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। इसका पता होते ही उसके घर कोहराम बरपा हो गया।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे उसके घर वालों ने शट-डाउन के बावजूद सप्लाई शुरु होने पर ज़िम्मेदारों की लापरवाही बताते हुए नारेबाज़ी की, इसका पता होते ही वहां पहुंचे तहसीलदार सचिंद्र शुक्ला और एसएचओ कोतवाली शहर संजय त्यागी ने लाइनमैन के घर वालों को समझाया। उन्होने मुआवज़ा दिलाने का आश्वासन दिया, उसके बाद बवाल टाला जा सका, पुलिस ने शव कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। रिज़वान के परिवार में उसकी पत्नी अनीसा, दो बेटे और एक बेटी है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच-पड़ताल कर रही है।

कलेक्ट्रेट में बैठी मृतक की पत्नी व बच्चे।

विद्युत विभाग के लाइनमैन रिज़वान की फाइल फोटो।

- शट-डाउन लेकर पोल पर चढ़कर दुरुस्त कर रहा था तार, तभी चालू कर दी गई सप्लाई
- कलेक्ट्रेट पहुंचकर परिजनों ने किया हंगामा

लाइनमैन की मौत के लिए जेई व एसएसओ को ठहराया दोषी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। तत्यौरा पावर हाउस में संविदा पर तैनात लाइनमैन की मौत के लिए पावर हाउस के जेई और एसएसओ को सीधे ज़िम्मेदार ठहराते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। तहरीर में कहा है कि शट-डाउन के बाद भी रंजिशन जान-बूझकर बिजली की सप्लाई शुरु की गई। तहरीर देने वाले लाइनमैन के भाई ने रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

बताते चलें कि लाइनमैन रिज़वान की मौत पर उसके भाई आसिफ अली पुत्र लियाकत अली निवासी नयागांव ने कोतवाली शहर में दी तहरीर में कहा है कि गुरुवार की शाम 7:30 शाम पर पावर हाउस तत्यौरा की सूचना पर उसका भाई रिज़वान काशीपुर फाल्ट ठीक करने के लिए शट-डाउन करवा कर जेई सुधीर कुमार गुप्ता की सूचना पर पोल पर चढ़कर लाइन ठीक कर रहा था, उसी बीच जेई सुधीर कुमार गुप्ता व एसएसओ ने रंजिशन जान बूझ कर सप्लाई शुरु करा दी, जिससे करंट की चपेट में आते ही रिज़वान पोल से नीचे गिर पड़ा, उस दौरान मौजूद निर्मल सिंह व अजीम ने सारा कुछ सामने देखा, रिज़वान को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। लियाकत ने आरोपियो.के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

आयोजन | जन्मदिन पर याद किए गए सर्वोदय आश्रम के संस्थापक व सर्वोदय विचार के प्रणेता

गांव से गवर्नेस तक गूंजी सर्वोदय की आवाज़

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विनोबा की मानस पुत्री स्व.निर्मला देश पाण्डेय का निर्वाण और सर्वोदय आश्रम के संस्थापक अध्यक्ष रहे स्व.रमेश भाई जयंती सर्वोदय आश्रम सिकंदरपुर टड़ियावां के निर्मला सभागार में मनाई गई। सर्व प्रथम रमेश भाई की समाधि पर पुष्पांजलि, उसके बाद उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आश्रम में शुक्रवार को हुए कार्यक्रम को निर्मला देशपांडे के जीवन चरित्र व उनमें निहित जीवन मूल्यों से परिचित कराया एवं बताया कि पद्मभूषण दीदी निर्मला देशपांडे का सारा जीवन लोगों, संस्थाओं और देशों को जोड़ने के लिए संकल्पित था। उनके शांति प्रयासों के लिए पाकिस्तान सरकार ने भी उनको पाकिस्तान के दूसरे सबसे बड़े पुरस्कार से सम्मानित किया था। वे विनोबा जी के साथ 40 हज़ार किलोमीटर तक पैदल चले और विनोबा की वाणी को संकलित कर दुर्लभ साहित्य के रूप में समाज को समर्पित किया। वो लेखिका थीं और नित्यनूतन पत्रिका के माध्यम से उन्होंने कीमती साहित्य समाज को सौंपा।

आश्रम की अध्यक्ष उर्मिला श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष विजय भाई व मंत्री सुश्री कुसुम जौहरी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था के कार्यकर्ता मौजूद थे, जिन्होंने परोपकार से अनुप्राणित रमेश भाई की जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। कम उम्र मे ही समाज के लिए अपने को समर्पित कर देने वाले रमेश भाई कार्यकर्ताओं में बहुत लोकप्रिय थे।

रमेश भाई के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं उर्मिला श्रीवास्तव। अमृत विचार

बिजली की चपेट में आए मज़दूर की मौत

हरदोई, अमृत विचार। शहर की गन्ना मिल कालोनी के निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान करंट की चपेट में आकर श्रमिक की मौत हो गई। हरियावां थाने के मोहनपुरवा मजरा रारा निवासी सुमित (28) पुत्र मूलचन्द्र मज़दूरी करता था। शुक्रवार की सुबह सुमित अपने चचेरे भाई दिलाराम के साथ शहर कोतवाली के गन्ना मिल कॉलोनी के बगल बनियानी पुरवा के निर्माणधीन मकान में मज़दूरी कर रहा था। सुमित ने दूसरी मंजिल के लिए लोहे की सरिया उठाई, वह सरिया ऊपर से निकली बिजली की लाइन से छू गई, जिससे सुमित उसकी चपेट में आ गया, चचेरे भाई दिलाराम ने लकड़ी की मदद से सुमित को अलग कर मेडिकल कालेज पहुंचाया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई।



चोक नाले से सड़क पर बह रहा पानी

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। नगर पालिका क्षेत्र में नालों की सफाई को लेकर लापरवाही उजागर हो रही है। नगर के प्रमुख स्थल मनसनाथ मंदिर के सामने स्थित नाला लंबे समय से कूड़े के ढेर के कारण पूरी तरह चोक पड़ा है। नाले की सफाई न होने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और आसपास के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाले में लगातार कूड़ा डाले जाने और समय पर सफाई न होने के कारण जल निकासी व्यवस्था ठप हो गई है। इससे क्षेत्र में गंदगी फैल रही है और मच्छरों के पनपने के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नगर के एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि नालों में कूड़ा फेंकने से ऐसी समस्या उत्पन्न होती है, लेकिन नियमित सफाई के लिए टीम को निर्देश दिए गए हैं। इसके बावजूद मौके पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने अधिशासी अधिकारी से जल्द सफाई कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

गंदगी से पटा पड़ा नाला। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

नहर में उतराता मिला नवजात का शव

हरगांव। शारदा सहायक की खीरी ब्रांच नहर में एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव मेवाराम नगर पुलिस चौकी के समीप बहेरवा पुल के नीचे पानी में उतराता हुआ देखा गया। नहर में शव होने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। जानकारी मिलते ही हरगांव पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकलवाया।

संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन से बढ़ेगी किसानों की आय

बिसवां/सीतापुर। विकास खंड बिसवां के ग्राम कमुआ में कृषि विज्ञान केंद्र कटिया द्वारा विशेष कृषि प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि, लागत में कमी और मृदा स्वास्थ्य का संरक्षण करना रहा। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं केंद्राध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने कहा कि औषधीय फसलों की गुणवत्ता सीधे तौर पर मिट्टी की सेहत पर निर्भर करती है। उन्होंने रसायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल पर चिंता जताते हुए किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह दी।

दो बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी व बच्चा गंभीर

मानपुर। थाना क्षेत्र के पकरिया गांव मोड़ पर लाला की दुकान के सामने दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनका मासूम बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। रोहित सिंह अपनी पत्नी और बच्चे के साथ सीतापुर से अपनी ससुराल साधुवपुर जा रहे थे। जैसे ही वे पकरिया मोड़ के पास पहुंचे, तभी बिसवां की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थानाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा ने बताया कि पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त बाइकों को कब्जे में ले लिया है।

युवक की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम

लहरपुर। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ददुवापुर के निकट शारदा नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में डूबे युवक की तलाश के लिए पुलिस और एनडीआरएफ ने अभियान तेज कर दिया है। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह की मौजूदगी में टीम ने घंटों नहर को खंगाला, लेकिन समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका। मामला शेख सराय निवासी अरकानूर रहमान (24) से जुड़ा है। मंगलवार को ददुवापुर के पास शारदा नहर के किनारे उसकी मोटरसाइकिल लावारिस हालत में मिली थी। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि स्थानीय गोताखोरों और एनडीआरएफ की मदद से सर्च ऑपरेशन जारी है।

खाते से पार किए 37 हजार रुपये

सिधौली / सीतापुर। कस्बे में शातिर जालसाजों ने मदद करने के बहाने एक युवक का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से हजारों रुपये की नकदी साफ कर दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। थाना संदना के ग्राम गुजरेहटा निवासी नीलेश कुमार अपनी पत्नी पिंकी यादव के एटीएम कार्ड से नकदी निकालने तहसील मार्ग स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम गए थे। वहां पहले से मौजूद दो संदिग्धों ने मदद की बात कहकर नीलेश का कार्ड चालाकी से बदल दिया। नीलेश के वहां से जाने के कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर खाते से तीन बार में कुल 37,000 रुपये 18,500, 10,000 और 8,500 रुपये निकलने के मैसेज आए। ठगी का शिकार होने का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

आंधी में टीन संभालते समय छत से गिरी महिला, मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- कोतवाली देहात क्षेत्र की घटना

अमृत विचार: देर रात आई तेज आंधी और बारिश एक परिवार के लिए तबाही लेकर आई, छत पर उड़ रही टीन को संभालने की कोशिश में एक महिला नीचे गिर गई, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम नेवादा निवासी मनोज कुमार के मुताबिक, उनकी 48 वर्षीय पत्नी सुनीता रात में आए भीषण तूफान के दौरान छत पर गई थीं। आंधी इतनी तेज थी कि घर पर लगी टीन की चादरें उखड़ने लगी थीं। उन्हें बचाने और पकड़ने के प्रयास में सुनीता का संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर सीधे नीचे गिर पड़ीं। परिजन उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चे छोड़ गई हैं। हादसे के बाद से परिवार में कोहराम मचा है और गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आंधी और बारिश से गिरे पेड़, घंटों गुल रही बिजली

दुकान पर गिरा पेड़। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

मौसम

- पेड़ गिरने से कई स्थानों पर आवागमन रहा बाधित

अमृत विचार: तेज आंधी- और बारिश ने जहां एक ओर भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं दूसरी ओर जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। आंधी के कारण कई जगहों पर पेड़ों की डालियां टूटकर गिर गईं और कुछ घरों की टीन की छतें उड़ गईं।

तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा है। गुरुवार शाम से ठप हुई बिजली आपूर्ति देर रात बहाल नहीं हो सकी थी। बताया जा रहा है कि तकनीकी फाल्ट आने और तारों पर पेड़ गिरने से आपूर्ति बाधित हुई। बिजली न रहने से शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान करतार सिंह और शिवराज सिंह, रामसुमेर, मृत्युन्जय सिंह आदि ने बताया कि मौसम सुहाना होने से राहत तो है, लेकिन बिजली संकट बड़ी समस्या खड़ी कर दी है।

पेड़ से लटका मिला युवक का शव

सीतापुर। रामकोट थाना क्षेत्र के खगेसियामऊ निवासी एक युवक का शव देर शाम गौबरे पुरवा गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर पुरानी रंजिश में हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने 30 वर्षीय संदीप कुमार पुत्र गोरेलाल का शव पेड़ से लटका देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक पीयूष सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

बैंक का 25 लाख बकाया, तीन किसानों की कुर्क की गई जमीन

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

जमीन कुर्क करते अधिकारी। अमृत विचार

- मिश्रिख के ग्राम गौरिया पनाहनगर गांव का है मामला

अमृत विचार : इंडियन बैंक की नीमसार शाखा ने कर्ज अदायगी न करने पर बड़ी कार्रवाई की है। बैंक ने विकास खंड मिश्रिख के ग्राम गौरिया पनाहनगर निवासी तीन किसानों की 6 एकड़ बंधक भूमि को कुर्क कर लिया है। किसान रामखेलावन, रामनरेश और राजकुमार पुत्र सुंदर लाल ने कृषि कार्यों के लिए बैंक से ऋण लिया था। लंबे समय से किस्तें न चुकाने के कारण मूलधन और ब्याज मिलाकर बकाया राशि 25,23,380 रुपये तक पहुंच गई। बैंक प्रबंधन का दावा है कि किसानों को कई बार नोटिस और 'एकमुश्त समाधान योजना' के जरिए राहत देने का प्रयास किया गया, लेकिन भुगतान न होने पर अंततः कुर्की का कदम उठाना पड़ा। शाखा प्रबंधक हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि यदि किसान 15 दिनों के भीतर बकाया जमा कर देते हैं, तो नीलामी की प्रक्रिया रोकी जा सकती है। इस दौरान नायब तहसीलदार अजय कुमार, राजस्व निरीक्षक और बैंक के रिकवरी कर्मी मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

सीतापुर। मानपुर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उसकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सराय निवासी श्याम सुंदर (30) अपनी भाभी के साथ बाइक से बिसवां जा रहे थे। इसी दौरान मानपुर क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने श्याम सुंदर को मृत घोषित कर दिया। भाभी की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

तीसरी आंख की निगरानी में रहेगा कस्बा

बिसवां/सीतापुर।

सीसीटीवी की नजर से बिसवां कस्बे की सुरक्षा का जायजा लेते एसपी अंकुर अग्रवाल।

अमृत विचार : क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बिसवां कोतवाली में नवनिर्मित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। ईगल कंट्रोल रूम की तर्ज पर बने इस सेंटर से अब कस्बे के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

एसपी ने बताया कि कस्बे के मुख्य चौराहों, बाजारों और संवेदनशील नुक्कड़ों पर कुल 38 हाई-टेक कैमरे लगाए गए हैं। इससे अपराधियों पर नियंत्रण पाने और संदिग्धों की पहचान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने जानकारी दी कि सीतापुर व बिसवां के बाद अब सिधौली और लहरपुर में भी जल्द ऐसे कंट्रोल रूम तैयार किए जाएंगे। उद्घाटन के बाद एसपी ने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों की 'क्लास' भी ली। उन्हें किसी भी आपराधिक कृत्य से दूर रहने की शपथ दिलाई और सुधार करने की चेतावनी दी। इसके अलावा एसपी ने कोतवाली को मिले 35 नए आरक्षियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें पूरी निष्ठा और भेदभाव रहित होकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एएसपी दुर्गेश सिंह, एएसपी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी अमन सिंह और प्रभारी निरीक्षक राम राघव सिंह सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

बंगला मिशन निकली नजूल संपत्ति, नोटिस

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

शहर स्थित मेथोडिस्ट चर्च/मिशन स्कूल। अमृत विचार

- रंपा महल प्रकरण के बाद जिला प्रशासन का मिशन गर्ल्स मैथोडिस्क स्कूल को नोटिस

अमृत विचार: रम्पा महल प्रकरण के बाद जिला प्रशासन ने नजूल भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान और तेज कर दिया है। अब सिविल लाइन स्थित चर्च, मिशन स्कूल और उससे जुड़ी खाली जमीन को राजस्व विभाग के कब्जे में लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. के न्यायालय से जारी नोटिस को नायब तहसीलदार महेंद्र तिवारी और लेखपाल की टीम ने मौके पर चस्पा किया। मामला भूखंड संख्या 1495 से जुड़ा है, जिसका क्षेत्रफल 13 बीघा से अधिक है। यह भूमि पूर्व में बंगला मिशन को पट्टे पर दी गई थी, जिस पर वर्तमान में चर्च, स्कूल, हॉस्टल और खेल मैदान बना हुआ है। प्रशासन ने सार्वजनिक सूचना के जरिए संबंधित पक्षों से 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है कि उक्त भूमि पर उनका कब्जा किस आधार पर है। मामले की सुनवाई 15 मई 2026 को जिलाधिकारी न्यायालय में होगी। जवाब न मिलने पर भूमि को राजस्व विभाग के कब्जे में लेने की चेतावनी दी गई है।

विद्यालय में 400 बच्चे हैं अध्ययनरत : स्कूल में 400 से अधिक बच्चे अध्ययनरत हैं। इसी विद्यालय में चर्च भी स्थापित है। ऐसे में भविष्य और धार्मिक स्थल से जुड़े होने को लेकर खासी चर्चा है।

कार की टक्कर से युवक की मौत

रामपुर मथुरा। महमूदाबाद-रेउसा मार्ग पर स्थित ढकवा पेट्रोल पंप के पास तड़के एक तेज रफ्तार कार ने सड़क पर टहल रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक लाल बाबू पिछले 15 दिनों से अपने बहनोई राजेश निवासी रंजीतपुर (सदरपुर) के घर रह रहा था। गुरुवार रात वह घर नहीं लौटा, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज में देखा गया कि रात करीब 4:18 बजे युवक सड़क पर टहल रहा था, तभी घोड़ेचा की ओर से आई एक कार उसे टक्कर मारते हुए फरार हो गई। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में था। चौकी चांदपुर प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार कार और उसके चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

महिला फुटबॉल लीग: विद्याज्ञान स्कूल सुरैचा बना चैंपियन

मेधावियों को सम्मानित करते समाजसेवी सागर गुप्ता। अमृत विचार

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 'अस्मिता खेलो इंडिया महिला फुटबॉल लीग' का शानदार आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के निर्देश पर जिला फुटबॉल संघ सीतापुर द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने अपना दम दिखाया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल विद्याज्ञान स्कूल सुरैचा और आरएमपी इंटर कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें विद्याज्ञान ने 2–0 से जीत दर्ज की। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में एल्पिस ग्लोबल स्कूल बिसवां ने सेक्रेड हार्ट स्कूल को 3–0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में विद्याज्ञान स्कूल सुरैचा ने एल्पिस ग्लोबल बिसवां को 4–0 के बड़े अंतर से मात देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजयी टीम को समाजसेवी सागर गुप्ता ने मेडल और प्रमाणपत्र प्रदान किए। संघ के संरक्षक विश्ववीर गुप्त ने महिला फुटबॉल आयोजन के लिए अध्यक्ष राज शर्मा और सचिव अनुराग गुप्ता की सराहना की। इस दौरान वरिष्ठ खिलाड़ी राजीव अवस्थी सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रशिक्षक मौजूद रहे। मैच में निर्णायक की भूमिका संतोष कनौजिया, अंकुर सिंह, सुमित यादव और अनमोल सिंह द्वारा निभाई गई।

वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल।

टॉप-10 अपराधियों को चिह्नित कर करें सख्त कार्रवाई: डीएम

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन, शांति व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपराधियों पर नकेल कसने और लंबित वादों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिला संबंधी अपराधों और एससी/एसटी एक्ट के मामलों में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए। उन्होंने जनपद के टॉप–10 अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी अंकुर अग्रवाल ने भूमि विवादों के निस्तारण और सड़क सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को सक्रिय रहने को कहा। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी, सभी उपजिलाधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

श्रद्धा के साथ मनाया गया बुद्ध पूर्णिमा पर्व

लहरपुर / सीतापुर।

लहरपुर में आयोजित बुद्ध पूर्णिमा पर्व पर भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर अर्पित किए पुष्प।

- छावनी स्थित प्रजापति बुद्ध विहार में वैशाखी बुद्ध पूर्णिमा का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से मनाया गया

अमृत विचार : छावनी स्थित प्रजापति बुद्ध विहार में वैशाखी बुद्ध पूर्णिमा का पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भंते धम्म रतन द्वारा बुद्ध वंदना और पंचशील पाठ कराकर किया गया, जिसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

भंते धम्म रतन ने कहा कि तथागत बुद्ध के बताए मार्ग और उनके शांतिप्रिय विचारों पर चलकर ही संपूर्ण मानव जाति का कल्याण संभव है। डॉ. लालता प्रसाद ने कहा कि ज्ञान की प्राप्ति के बाद ही सिद्धार्थ गौतम 'तथागत' कहलाए। वक्ता श्री कृष्ण ने बुद्ध के जीवन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वैशाख पूर्णिमा का दिन अत्यंत पवित्र है, क्योंकि इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म, बुद्धत्व की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। समारोह में मुख्य रूप से श्रीकृष्ण भारती, संदीप कुमार, प्रशांत कुमार, जगजीवन लाल, हरीश, दिनेश, राजेंद्र और प्रेमकांत धम्म सहित भारी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

लाई-चना फैक्ट्री में आग, हुआ नुकसान

महमूदाबाद/सीतापुर। महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मीरा नगर स्थित 'मोहन एंटरप्राइजेज' में देर रात भीषण आग लग गई। अग्निकांड में फैक्ट्री के भीतर रखी मशीनें, कच्चा माल और तैयार उत्पाद जलकर खाक हो गए। नुकसान का आंकलन एक करोड़ रुपये से अधिक बताया जा रहा है। सोहनलाल पुत्र चेतराम की फैक्ट्री में लाई मुरमुरा और चना तैयार करने का काम होता है। रात करीब 2:30 बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। देखते ही देखते लपटों ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही महमूदाबाद, सिधौली और बिसवां से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 7 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया। फैक्ट्री मालिक के अनुसार, मध्य प्रदेश और राजस्थान से मंगाया गया भारी मात्रा में कच्चा माल जल गया है। एक करोड़ से अधिक माल नष्ट हो गया है।

अनोखा विरोध: बिजली अफसरों को बादाम भेंट कर याद दिलाई समस्या

बिसवां/सीतापुर : लो–वोल्टेज और स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों से परेशान उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला मीडिया प्रभारी शुभम रस्तोगी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता को बादाम भेंट किए, ताकि उन्हें पुरानी शिकायतों की याददाश्त वापस आ सके। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से बिजली की भारी किल्लत है। वोल्टेज इतना कम रहता है कि पंखे और मोटर शोपीस बनकर रह गए हैं। वहीं, स्मार्ट मीटर लगने के बाद से बिलों में अचानक हुई भारी बढ़ोतरी ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। इस दौरान वीरेंद्र वर्मा, अमर सिंह पटेल, मोहित कश्यप, फैसल खान और अशोक यादव समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

रेउसा में नारी शक्ति जन आक्रोश सम्मेलन

रेउसा/सीतापुर। सेवता विधानसभा क्षेत्र के रेउसा मंडल स्थित मारूबेहड़ चौराहे पर नारी शक्ति जन आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारी संख्या में महिलाओं ने शिरकत कर अपने सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। सम्मेलन के दौरान महिलाओं ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए तीखा आक्रोश व्यक्त किया। कार्यक्रम में विपक्षी नेताओं के विरुद्ध नारेबाजी भी की गई। महिला मोर्चा मंडल संयोजक सोनू पांडे ने महिलाओं को संगठित होने और समाज की मुख्यधारा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष लव कुश तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर संतोषी मिश्रा, सुनीता अवस्थी, गीता सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष माधवराम राजपूत, मंडल महामंत्री सतीश कुमार मौर्य सहित भाजपा संगठन के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर में 160 मरीजों की हुई निःशुल्क जांच

लहरपुर/सीतापुर। नगर के मोहल्ला मीरा टोला में पीतांबरा शिक्षा समिति व केपी सिंह मेमोरियल अस्पताल के सौजन्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। सभासद मोहम्मद शोएब के आवास पर आयोजित इस शिविर में कुल 160 मरीजों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ समिति के प्रबंधक डॉ. सुरेंद्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने शिरकत की और लोगों से स्वच्छता व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

मुस्लिम महिलाओं का हक छीनना चाहती है मोदी सरकार

बोले सांसद - महिला आरक्षण में दलित, पिछड़ों को मिले हिस्सा

कार्यक्रम में कांग्रेस पिछड़ा विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद, सांसद राकेश राठौर व अन्य। अमृत विचार

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर,

अमृत विचार: महिला आरक्षण बिल में दलितों, पिछड़ों और पिछड़े मुसलमानों का कोटा सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कांग्रेस द्वारा एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस पिछड़ा विभाग के चेयरमैन डॉ. अनिल जयहिंद ने कहा कि बिना ओबीसी और दलित कोटे के महिला आरक्षण बेमानी होगा। सांसद राकेश राठौर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पिछड़ी और मुस्लिम महिलाओं का हक छीनना चाहती है, जिसे कांग्रेस सफल नहीं होने देगी। राष्ट्रीय सचिव सुभाषिनी यादव ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण का राग अलाप कर अपनी महिला विरोधी छवि को छिपाने का प्रयास कर रही है, जबकि उनके शासन में महिलाओं के खिलाफ हिंसा बढ़ी है। कांग्रेस नेत्री सुनीला रावत ने सवाल उठाया कि यदि ग्राम सभाओं में दलित और पिछड़ी महिलाओं को आरक्षण मिल सकता है, तो लोकसभा और विधानसभा में क्यों नहीं मिला। इस दौरान सुभाषिनी यादव, जितेंद्र बघेल, सुनीता चौधरी, शिवप्रकाश सिंह और हसीना खातून सहित कई वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता महिलाएं उपस्थित रहीं।

तीन महिलाओं को मिली 2-2 लाख की आर्थिक सहायता

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

- कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार: अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. एवं नगर पालिका अध्यक्षा नेहा अवस्थी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया।

उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की 'मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना' के अंतर्गत बड़ी कार्रवाई की गई। विभाग में पंजीकृत मृतक श्रमिकों की तीन आश्रित विधवाओं को दो-दो लाख रुपये की एफडी फिक्स्ड डिपॉजिट प्रदान की गई। लाभार्थियों में ग्राम कुंवरपुर गद्दी महोली निवासी नीतू, ग्राम मोहद्दीनपुर एलिया निवासी सुमन देवी और ग्राम रामकोट खैराबाद निवासी शम्मो शामिल रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और संकट की घड़ी में उनके परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाई जा रही है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमृत विचार

लखनऊ, शनिवार, 2 मई 2026 रायबरेली

न्यूज ब्रीफ

लालगंज बीडीओ संभालेंगे डलमऊ का भी चार्ज

गगनदीप सिंह, खंड विकास अधिकारी।

लालगंज, अमृत विचार। पीडीएस अधिकारी गगनदीप सिंह खंड विकास अधिकारी लालगंज को डलमऊ ब्लॉक का भी अतिरिक्त चार्ज मिल गया है। डलमऊ के खंड विकास अधिकारी रिटायर हो गए हैं। डलमऊ का चार्ज मिलने पर ब्लॉक प्रमुख शिवानी सिंह सहित साथी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। उल्लेखनीय है कि लालगंज खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह जहां सरकार की योजनाओं को लेकर सदैव प्रयत्नशील रहते हैं और योजनाओं का क्रियान्वन भी समय पर कराते हैं, वहीं क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान भी करते हैं।

हादसे में दो लोग घायल

बछरावां, अमृत विचार : लालगंज रोड पर कोचिंग पढ़कर वापस घर जा रहे छात्र विकास सोनी पुत्र अज्ञात को पीछे से बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार व छात्र सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दोनों को सीएचसी बछरावां ले जाया गया, जहां से छात्र को छुट्टी दे दी गई, जबकि घायल बाइक सवार को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

रायबरेली, अमृत विचार : डीह थाना क्षेत्र के बरगदही मजरे बरुवा गांव में सिलेंडर में लीकेज होने से लगी आग की चपेट में आई महिला की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। बीते रविवार को गांव निवासी शिवशंकर मिश्रा के घर में सिलेंडर में लीकेज से आग लग गई थी जिसकी चपेट में आने से 09 लोग झुलस गए थे। गंभीर रूप से झुलसे तीन लोगों को जिला अस्पताल से केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया था। जहां पर इलाज के दौरान शिव शंकर मिश्रा की पत्नी मंजू देवी (45) की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक का माहौल है।

विद्युत तार की चपेट में आकर मवेशी की मौत

महराजगंज, अमृत विचार : महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के जनई गांव निवासी संजू सिंह ने चंदापुर थाना पुलिस को दी तहरीर दी है। उसका कहना है कि उनका बेटा पीयूष घर से कुछ दूरी पर खेतों में भैंस चरा रहा था। पास में ही खेत के चारों ओर झटका मशीन के तार लगे हुए थे। संजू सिंह के अनुसार झटका मशीन का एक तार पड़ोस के एक व्यक्ति के खेत में भी फैला हुआ था। इसी तार में प्रवाहित बिजली की चपेट में आने से उनकी भैंस की मौत हो गई। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि संजू सिंह की तहरीर के आधार पर भोरराज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

होमगार्ड को किया गया सम्मानित

महराजगंज, अमृत विचार : महराजगंज में होमगार्ड धर्मदास को अप्रैल माह में उनके उत्कृष्ट कार्य, बेहतर व्यवहार और अच्छे टर्नआउट के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान 1 मई को एक समारोह में प्रदान किया गया। एसएसआई देवेंद्र कुमार सिंह भदौरिया ने होमगार्ड धर्मदास को प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। समारोह में बीओ राजेश राय, एसीसी बुद्धिसेन शर्मा, पीसी इंद्रमणि सिंह चौहान, एचडी रामकुमार सिंह, एचडी अनुज सिंह, राम प्रताप यादव, एचडी रामदास यादव, एचडी लाल मोहम्मद आदि रहे।

कपड़ा व्यापारी से रुपये छीनने का मामला निकला फर्जी, जांच जारी

लालगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। मारपीट कर कपड़ा व्यवसायी से रुपए छीनने का मामला जांच में फर्जी पाया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वेद प्रकाश के पुत्र प्रशांत की शिकायत पर अमित, अनुज, कुशल त्रिपाठी, केसी त्रिपाठी, अंजू बाजपेई, पिंकी त्रिपाठी सहित एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

क्षेत्र के तौधकपुर गांव निवासी वेद प्रकाश त्रिवेदी गुरुवार को लालगंज कस्बे के मनी मार्केट से कपड़े की दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। त्रिवेदीपुर से तौधकपुर जाने वाले मार्ग पर अचानक एक कार व एक बाइक पर सवार चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। वेद प्रकाश का कहना है कि चारों लोगों ने उसकी जमकर पिटाई की जिसमें उसे गंभीर चोट आई हैं। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हालांकि मुकदमे में कुछ ऐसे लोगों के भी नाम लिखाए गए हैं जो घटनास्थल पर नहीं थे।कोतवाल प्रमोद सिंह का कहना है कि आरोपियों की खोजबीन की जा रही है। लूट की घटना फर्जी है।

आरबीआई : ग्राहक सेवा में कमी पर बैंकों पर लगेगा जुर्माना

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक के ग्राहकों को बेहतर सेवाएं देने के लिए बैंक/शाखाओं और एटीएम पर सख्त दंडात्मक प्रावधान लागू किए गए हैं। अब सेवा में कमी, नकदी की अनुपलब्धता, नकली नोटों की लापरवाही और नोटों की कमी पाए जाने पर संबंधित बैंकों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। आरबीआई द्वारा एक अप्रैल 26 को जारी किए गए परिपत्र के माध्यम से देश की सभी बैंकों को आगाह किया गया है।

आरबीआई के अनुसार यदि बैंक की किसी शाखा में सिक्के उपलब्ध होने के बावजूद ग्राहकों को जारी नहीं किए जाते, छोटे मूल्यवर्ग के नोट बदलने से इनकार किया जाता है या कटे-फटे/गंदे नोट बदलने से मना किया जाता है, तो ऐसी प्रत्येक कमी पर 10 हजार का जुर्माना लगेगा। यदि किसी शाखा में एक कैलेंडर वर्ष में 5 से अधिक बार ऐसी शिकायतें सही पाई जाती हैं, तो शाखा पर 5 लाख तक का जुर्माना लगाया जाएगा। नकली नोटों के मामलों में भी सख्ती बरती गई है। एटीएम या बैंक काउंटर से नकली नोट मिलने पर तथा उन्हें जानबूझकर जब्त न करने पर प्रति मामले 10 हजार का दंड लगाया जाएगा।

नए नियम

- बैंक/शाखाओं और एटीएम पर लागू किए गए दंडात्मक प्रावधान

एटीएम सेवाओं को लेकर भी नया नियम लागू किया गया है। यदि किसी एटीएम में एक महीने में 10 घंटे से अधिक समय तक नकदी खत्म रहती है और ग्राहक पैसे नहीं निकाल पाते, तो संबंधित बैंक या ऑपरेटर पर प्रति एटीएम 10 हजार का जुर्माना लगेगा। आरबीआई के इस कदम का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं में सुधार लाना, ग्राहकों को राहत देना और नकदी प्रबंधन प्रणाली को अधिक जवाबदेह बनाना है।

फैसले को लेकर लोगों का कहना-आरबीआई का फैसला स्वागत योग्य

मन मोहन शुक्ला।

अविनाश पटेल।

समर बहादुर यादव।


अंजू त्रिपाठी।

सेवानिवृत्त अधिकारी मन मोहन शुक्ला ने कहा कि फैसला स्वागत योग्य है। कई बार एटीएम खाली रहते हैं और छोटे नोट भी नहीं मिलते, जिससे ग्राहकों को परेशानी होती है। अब जुर्माना लगेगा तो बैंक जिम्मेदारी से काम करेंगे। व्यापारी अविनाश पटेल ने बताया कि बैंक शाखाओं में अक्सर कटे-फटे नोट बदलने में आनाकानी की जाती है। नए नियम से आम लोगों को राहत मिलेगी और कर्मचारियों का रवैया भी सुधरेगा। किसान समर बहादुर यादव का कहना है कि नकली नोट मिलने की शिकायतें पहले भी सुनने को मिलती थीं। आरबीआई की सख्ती से ऐसे मामलों पर रोक लगेगी और ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा। वहीं अंजू त्रिपाठी गृहणी का कहना है कि एटीएम में कैश न होने से लोगों को काफी दिक्कत होती है। खासकर छुट्टी के दिन परेशानी ज्यादा होती है। यह नियम ग्राहकों के हित में है और बैंक सेवाओं को बेहतर बनाएगा।

रेलकोच आवासीय परिसर में कर्मचारी और एक महिला ने की आत्महत्या

एक साथ दो आत्महत्याओं की घटना से मचा हड़कंप, पुलिस ने शुरू की जांच

लालगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। रेलकोच कारखाना में कर्मचारी और एक महिला ने मौत को गले लगा लिया। घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। मौके पर कर्मचारियों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। दोनों के आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वहीं घटना से हर कोई भयभीत है।

रेलकोच कारखाना के आवासीय परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब दो अलग-अलग स्थानों पर एक कर्मचारी और एक महिला का शव लटकता मिला। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि फांसी की पहली घटना रेल कोच कॉलोनी के टाइप टू 2236 ए आवास में हुई है। उक्त आवास में रहने वाली मीरा देवी (37) पत्नी पारस ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक वह काफी समय से बीमार थी। महिला और उसका परिवार बिहार के कैमूर जिले का मूल निवासी है। रेल कोच में पारस नौकरी करता है। नौकरी के चलते रेल कोच के सरकारी आवास में उसका निवास है। वहीं दूसरी ओर शैल शाप में नौकरी करने वाले और रेल कोच कॉलोनी निवासी सुदामा मीणा का शव वर्कर्स क्लब के पीछे जंगल में पेड़ से लटकता मिला। सुदामा राजस्थान प्रांत के रहने वाले हैं।

रेलकोच परिसर स्थित हास्पिटल में मौजूद परिजन। अमृत विचार

मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने सुदामा के शव को पेड़ से नीचे उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रेल कोच के आवासीय कॉलोनी में फांसी की दो-दो घटनाओं से कर्मचारियों में हड़कंप व्याप्त है। वहीं प्रेरलकोच के जिम्मेदार कुछ भी बोलने से कतरा रहा है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया दोनों मामले आत्महत्या के प्रतीत हो रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

हमले के मामले में पिस्टल के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

सलोन, अमृत विचार। नुरूद्दीनपुर गांव निवासी राज शर्मा ने 2022 में अपने ऊपर हुए जानलेवा हमला में तीन लोगों के विरुद्ध सलोन मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मुकदमे में सुलह करने को लेकर मंगलवार की रात शक्ति सिंह, शुभम भट्ट, राहुल स्कार्पियो से टोल के समीप एक ढाबे पर पहुंचे थे। जिसके बाद वादी राज शर्मा को बुलाया गया। इस बीच विपक्षियों ने राज शर्मा के ऊपर 6 राउंड हवाई फायरिंग कर दी थी। वहीं गोलीबारी में ग्रामीणों ने तीनों आरोपियों को दौड़ा लिया। जिसके चलते आरोपी युवक अपनी स्कार्पियो छोड़कर फरार हो गए थे। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि वांछित अभियुक्त राहुल सिंह पुत्र हरिनाम सिंह निवासी बरगदहा रानीगंज कैथोला थाना लालगंज अझारा और सौरभ मिश्रा पुत्र इंद्रेश निवासी वीरापुर मजरे हंसीपरजी थाना मांधाता प्रतापगढ़ को कमालुद्दीनपुर मोड़ के पास गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से एक अवैध पिस्टल और चार अदद जिंदा कारतूस 32 बोर बरामद हुआ है।

अल्फा कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने फहराया परचम

अनामिका।

आलिया।

शुभ्रांत सोनी।

कस्तूरी यादव।

सलोन (रायबरेली), अमृत विचार। नगर स्थित अल्फा कॉन्वेंट स्कूल ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता साबित की है। आईसीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं परीक्षा के परिणामों में स्कूल के छात्र-छात्राओ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय, बल्कि अपने माता-पिता सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आईसीएसई द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणामों में विद्यालय के शुभ्रांत सोनी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। शुभ्रांत की इस बड़ी सफलता से स्कूल में खुशी का माहौल है। वहीं, अनामिका ने 88 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और आलिया ने 80 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षक और अभिभावक तथा विद्यालय प्रबंधन ने इस गौरवशाली उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य शोयब अहमद खान ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, लग्न, शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास का परिणाम है। स्कूल की शैक्षणिक गुणवत्ता और बच्चों के अनुशासन ने इस परिणाम को संभव बनाया है। विद्यालय प्रबंधन ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

बुद्ध पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार। वैशाख माह की बुद्ध पूर्णिमा पर गंगा तट डलमऊ के एक दर्जन से अधिक स्नान घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद गंगा तट के किनारे स्थित मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक करते हुए पूजा अर्चना किया। साथ ही परिवार के कल्याण की मन्नते मांगी। संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि आज ही के दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था, जिनके द्वारा बौद्ध धर्म की स्थापना करते हुए समाज को जीवन के उत्थान के लिए सभ्य मार्ग की शिक्षा दी गई। इस दौरान लोगों की जाम की समस्या से भी जूझना पड़ा। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि गंगा स्नान में किसी प्रकर की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। कस्बे में जाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी, जिसे मौजूद पुलिस बल द्वारा समय रहते लोगों को छुटकारा दिलाया गया।

गंगा नदी में स्नान करते श्रद्धालु।

लाखों रुपये की अमृत योजना के पाइपों में लगी आग, मचा हड़कंप

पाइपों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। गोरा बाजार विद्युत पावर हाउसे के पीछे रखी अमृत योजना में कार्यदायी संस्था द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली पाइपों में संदिग्ध हालत में आग लग गई। आग लगने से लाखों रुपये की मालियत का सामान नष्ट होने की खबर है। फिलहाल सूचना पाकर आनन-फानन मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों को आग बुझाने में सफलता मिल गई है।

नगर क्षेत्र में लंबे समय से अमृत योजना-2 के तहत जगह-जगह पाइपें डाली जा रही है। इस कार्य में पाइपों को प्रयोग करने के लिए गोरा बाजार विद्युत पावर हाउस के पीछे एक स्थान पर वर्षों से भारी मात्रा में रखी गई थी। शुक्रवार को अचानक यहां पर रखी अमृत योजना की पाइपों में आग लगने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि ये पाइपें लाखों रुपये की थीं और जलापूर्ति परियोजना के लिए गोरा बाजार विद्युत पावर हाउस के पीछे रखी गई थीं। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियां ने स्थिति को संभाला। आग से लाखों रुपये की सामग्री के नुकसान होने का अनुमान है।

वहीं असजल, जल निगम नगरीय अधिशाषी अभियंता ने बताया कि अमृत योजना-2 के अंतर्गत रायबरेली में करीब 9.7 करोड़ रुपये का ठेका है। यह कार्यदायी संस्था प्रदेश के कुल 17 जिलों में कार्य कर रही है। कार्यदायी संस्था से शिकायत प्राप्त होने पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सड़क हादसे में युवक की मौत, दो गंभीर

महराजगंज (रायबरेली)

अमृत विचार। इंहौना - महराजगंज रोड पर मोन गांव के पास देर शाम करीब साढ़े आठ बजे अज्ञात वाहन ने तीन मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर में एक मोटरसाइकिल सवार की मौत और दो अन्य घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस को फोन तो किया फिर भी करीब एक घंटे बाद तक न आई। इस पर दोनों घायलों को मोटरसाइकिल सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक एसके भरद्वाज ने परीक्षण के बाद पूरे रिशाल मजरे कुशमहुरा निवासी अखिलेश पुत्र रामदेव को मृत घोषित कर दिया। वही दो अन्य घायलों में नारायनपुर मोन निवासी संजय सिंह (25) व मोन निवासी (28) सोन पुत्र जवाहर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

स्कूल मैजिक की टक्कर से युवक घायल, छतोह: छतोह ब्लॉक के गोपालीपुर ग्राम सभा निवासी कुलदीप (27) पुत्र सोभनाथ पासी व बल्ली पुत्र भोला (40) साथी के साथ बिरनंवा ग्राम सभा गया था। सामने से तेज रफ्तार आ रही स्कूल मैजिक ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र डीह पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दो बाइकों की टक्कर में दो घायल, एक गंभीर, बछरावां: न्यू पटेल नगर मजरे विशुनपुर निवासी मुकेश पुत्र गया प्रसाद अपनी बाइक से लखनऊ-प्रयागराज मार्ग होते हुए घर की तरफ जा रहा था। रास्ते में सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार आदर्श पुत्र विनय कुमार निवासी ओम नगर की बाइक व मुकेश की बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे वह दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सीएचसी बछरावां ले जाया गया, जहां से घायल मुकेश को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

सड़क दुर्घटना में वृद्धा घायल, सरेनी: थाना क्षेत्र के पूरे पटकन गांव के रहने वाले राम बहादुर पुत्र दयाशंकर की मां बूधा देवी (60) को उनका मौसेरा भाई रोहित पुत्र सुरेंद्र निवासी झामपुर बाइक से बीमौरा गांव से पटकन का पुरवा ले जा रहा था। रास्ते में बेहटा-मलके गांव मार्ग के पूरे पंची गांव के सामने उसकी बाइक में सामने से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें वृद्धा बूधा घायल हो गई। परिजनों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

दुर्घटना में बाइक सवार भाई-बहन घायल

घायल को देखते लोग।

बछरावां (रायबरेली)। थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर अज्ञात बोलेरो की टक्कर से भाई-बहन घायल हो गए। ठकुराइन खेड़ा मजरे सुदौली निवासी शिवांशु पुत्र विजयशंकर यादव (26) अपनी बहन शिखा (23) को बाइक से लेकर बछरावां किसी काम से आ रहे थे। कस्बे के रेलवे ओवरब्रिज पर पीछे से आ रही अज्ञात बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां से शिवांशु को जिला अस्पताल व शिखा को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

एनटीपीसी में श्रमिकों का हुआ सम्मान

केक काटकर श्रमिक दिवस मनाते लोग।

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। एनटीपीसी ऊंचाहार में इंटक यूनियन ने श्रमिक दिवस पर समारोह का आयोजन किया। इसमें परियोजना में कार्यरत श्रमिकों को दैनिक जरूरत का सामान देकर उनके योगदान की सराहना की गई। परियोजना प्रमुख और समारोह के मुख्य अतिथि बिस्व मोहन सिंह ने श्रमिकों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि एनटीपीसी को इतनी ऊंचाई तक ले जाने में यहां काम करने वाले श्रमिकों की सबसे बड़ी भूमिका है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एनटीपीसी प्रबंधन प्रत्येक श्रमिक के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और देता रहेगा। इंटक यूनियन द्वारा आयोजित कार्य की सराहना करते हुए मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने कहा कि कामगारों की समस्याओं के निराकरण के लिए एनटीपीसी ने एक हेल्प डेस्क विकसित किया है। समारोह में सभी का स्वागत इंटक महासचिव राहुल कनौजिया ने किया। कार्यकारी अध्यक्ष शिवराम ओझा और नेफ़ी के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत राय ने कार्यक्रम के उद्देश्य और इंटक के इतिहास की चर्चा की। परियोजना प्रमुख और सभी विभाग प्रमुखों ने श्रमिकों के साथ मिलकर केक काटा। कार्यक्रम का संयोजन और संचालन इंटक अध्यक्ष आज्ञा शरण सिंह ने किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक आशुतोष बिस्वास, एसयू हरिदास, नागेन्द्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र बिंद, लघु शंकर यादव, राम सहाय, गौतम निषाद, राम लाल, रचना पाल, शिवम सिंह, घन श्याम मिश्रा, मत्सेंद्र दुबे, रोहित आर्या आदि मौजूद रहे।

श्रम ही सम्मान, श्रमिक ही राष्ट्र की आधारशिला

सम्मानित किए गए श्रमिक। अमृत विचार

लालगंज, अमृत विचार। सेंट जेवियर इंटरनेशनल स्कूल के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया गया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रशांत चंद्रा, एकेडमिक डायरेक्टर देवेंद्र झा, मैनेजर करुणेश सिंह और प्रिंसिपल डॉ. अविनाश कुमार ने श्रमिकों के हितों पर चर्चा की। इस दौरान वक्ताओं ने इस तथ्य पर विशेष बल दिया कि "कोई भी कार्य छोटा नहीं होता", अपितु प्रत्येक कार्य समाज की प्रगति में समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही इस अवसर पर विद्यार्थियों को श्रम के महत्व, कार्य की गरिमा और नैतिक मूल्यों के विषय में विशेष रूप से जागरूक किया गया। विद्यार्थियों के भीतर श्रम के प्रति सम्मान, अनुशासन, जिम्मेदारी एवं मानवीय संवेदनाओं को विकसित करने पर भी विशेष बल दिया गया।

जनगणना 2027 के लिए स्वगणना अभियान शुरू

रायबरेली, अमृत विचार। जिला पंचायत राज अधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी सौम्य शील सिंह ने जनगणना 2027 को लेकर सभी सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी। जिसमें नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन पोर्टल या मोबाइल एप के जरिए अपने परिवार और आवास का विवरण दर्ज करने की सुविधा दी गई है। स्वगणना की अवधि 7 मई से 21 मई 2026 तक निर्धारित की गई है, जबकि 22 मई से 20 जून तक घर-घर सत्यापन होगा। जनसंख्या गणना का दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा। जिला पंचायत अधिकारी के अनुसार परिवार का कोई मोबाइल या इंटरनेट से यह प्रक्रिया पूरी कर सकता है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 1 से 6 मई तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

आस्था

वैशाख माह की पूर्णिमा पर आयोजन, भगवान बुद्ध की राह पर चलने का लिया गया संकल्प

सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा में उमड़े लोग, जोरदार हुआ स्वागत

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। वैशाख माह की पूर्णिमा पर शहर में सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विश्व शांति एवं लोक कल्याण के लिए तथागत सम्यक सम्बुद्ध से प्रार्थना की गई एवं उनके जीवन पर आधारित झांकियां निकाली गई।

जिले के के विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक एवं सांस्कृतिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में त्रिविध पावनी बुद्ध पूर्णिमा मनाई गई। सबसे पहले रायबरेली के डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सभी बुद्ध अनुयाई एकत्रित हुए। यहां पर सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना करायी। तत्पश्चात उन्होंने त्रिसरण और पंचशील ग्रहण कराया। इसके बाद विश्व दलित परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुरील के संयोजकत्व में सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा निकाली गई। यह सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा शहर के बाबा साहब डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल से प्रारंभ होकर यूनियन बैंक चौराहा, खालसा चौक, सुपर मार्केट, घंटाघर, कोतवाली रोड, दीवानी कचहरी, बस स्टॉप, डीएम आवास के पास स्थित बुद्ध प्रतिमा स्थल और अस्पताल चौराहा होते हुए पुनः डॉ. आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

यहां अनिल कान्त, आसाराम रावत आदि ने तथागत बुद्ध को नमन बंदन किया। इं. एसके आर्या, राम सजीवन धीमन और राम प्रसाद बौद्ध ने बुद्ध के जीवन दर्शन पर आधारित अपने अपने विचार व्यक्त किए। बौद्धाचार्य अशोक सावंत, एडवोकेट शाक्य एसएन मानव के द्वारा मंगल मैत्री की कामना की गई। इस सद्भावना धम्म मैत्री यात्रा में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, पिंकी दोहरे, प्रीती गौतम, पुष्पा रावत, रेखा राजेश कुरील, सुनीता अम्बेडकर, विद्या आर्या, माया आर्या, आरडी कुरील, सीबी गौतम आदि मौजूद रहे।

महात्मा बुद्ध की जयंती मनाते लोग। अमृत विचार

बुद्ध पूर्णिमा पर शर्बत वितरण, गोष्ठी का आयोजन, लालगंज: क्षेत्र के पूरे नवरंग में रामसूरज कुशवाहा के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन किया गया। इसमें महात्मा बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही उनके जीवन दर्शन पर विचार गोष्ठी का आयोजन एवं शर्बत वितरण किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला सचिव प्रभारी/ सरेनी ब्लॉक, कामता प्रसाद गौड़ ने कहा कि संपूर्ण मानव के इतिहास में बुद्ध अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जिनके नाम के साथ जयंती शब्द छोटा पड़ गया, क्योंकि बुद्ध के साथ जुड़ते ही वह तिथि पूर्णिमा हो गई। आलमपुर पूर्व प्रधान लालजी यादव ने कहा यह महज पंचांग की गणना नहीं है, इसके पीछे अस्तित्व का एक बहुत गहरा राज छिपा है। जयंती का अर्थ है एक शरीर का आना एक कहानी की शुरुआत लेकिन पूर्णिमा का अर्थ है पूर्णता। इस दौरान अध्यक्ष राम सूरज कुशवाहा, अंशू यादव, राजबहादुर मौर्य, राज नारायण यादव, ऋतिक कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, राजकुमार गौतम, ओम प्रकाश, रमेश कुशवाहा, रजनीश कुशवाहा, आलोक, गोविंद रहे।

न्यूज ब्रीफ

फंदे से लटकता मिला युवक का शव

जगदीशपुर (अमेठी), अमृत विचार: मडवा गांव निवासी आकाश (18) पुत्र विजय कुमार ने घर के कमरे में लगे पाइप से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य घर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के चलते बाहर गए हुए थे। जब परिजन वापस लौटे तो आकाश को फंदे से लटका देख उतारे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के पिता विजय कुमार ने बताया कि आकाश पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।

दहेज उत्पीड़न का दर्ज हुआ मुकदमा

कमरौली (अमेठी) अमृत विचार: थाना क्षेत्र के कठौरा गांव में एक महिला के साथ दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता तरन्नुम बानो, जो वर्तमान में अपने मायके में रह रही हैं, ने अपने पति मो0 फिरोज और ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। पीड़िता के अनुसार, उनका निकाह 21 जून 2019 को मो0 फिरोज निवासी भट्ठा का पुरवा मजरे आजादपुर, थाना इन्हौना, जिला अमेठी के साथ हुआ था। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। आरोप है कि 30 जुलाई 2023 को मारपीट कर उनका जेवर और कपड़े छीनकर उन्हें घर से निकाल दिया गया। इसके बाद पीड़िता अपने मायके में रहने लगीं। 14 सितंबर 2023 को वह अपने भाई के साथ ससुराल लौटीं, लेकिन पति ने उन्हें जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। जिससे पीड़िता और उनका परिवार सदमे में है। थाना अध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर केस दर्ज किया गया है विवेचना प्रचलित है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

रायबरेली, अमृत विचार: परशदेपुर के ओंकारेश्वर महादेव धाम में शुक्रवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कथा व्यास बद्री विशाल ओझा ने ज्ञानयज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि आत्मा के शुद्धिकरण और जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। ज्ञानयज्ञ के माध्यम से व्यक्ति को सत्य, धर्म और भक्ति का मार्ग प्राप्त होता है। इस अवसर पर आचार्य राम अवतार पांडेय, गोपाल तिवारी, आलोक तिवारी, दयाशंकर तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष बंशबहादुर सिंह, लल्लन पांडेय, देव शरण कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

तहसील लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने अमर बहादुर सिंह

लालगंज (रायबरेली): उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील कार्यकारिणी लालगंज की लेखपाल उपशाखा निर्वाचन में अमर बहादुर सिंह अध्यक्ष चुने गए। वहीं मनीष कुमार को मंत्री बनाया गया। इसके अलावा जितेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनामिका सिंह कनिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुपम सिंह उप मंत्री, नीरज कुमार कोषाध्यक्ष और नीरज ऑडिटर चुने गए।

कार दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

खीरों (रायबरेली): थाना क्षेत्र के ढुमरई गांव निवासी शैलेश सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपा है। उनका आरोप है कि सेमरी निवासी रितेश सिंह उर्फ शुभम सिंह कानपुर में एक कंपनी में एजेंट है। आरोप है कि शुभम ने लगभग दो साल पहले उसे कंपनी से इको स्पोर्ट कार दिलाने का झांसा देकर 26 अगस्त 2024 को आरटीजीएस के माध्यम से तीन लाख रुपये अपने खाते में ले लिया था। 18 अप्रैल को उसके घर रुपया वापस मांगने गया तो शुभम ने उसे भगा दिया। प्रभारी सन्तोष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

धड़ल्ले से दिन-रात हो रहा अवैध खनन

खनन माफिया में पुलिस का डर खत्म, ग्रामीणों का आरोप-शिकायत करने के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

पूरे गोडियन गांव में दिन दहाड़े अवैध खनन करती जेसीबी व मिट्टी ले जाता ट्रैक्टर।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र में अवैध खनन का खेल इन दिनों खुलेआम चल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने नाम न छापने के शर्त पर बताया कि खनन माफिया से प्रतिदिन मोटी रकम लेकर खनन माफियाओं को संरक्षण दिया जा रहा है। आरोप है कि दिन के समय लगभग 7000 रुपये और रात में करीब 5000 रुपये तक की वसूली की जाती है, जो कथित तौर पर हल्का सिपाही के माध्यम से थाना अध्यक्ष तक पहुंचती है। दूसरी ओर ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायतें करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार, पूरे गोडियन गांव, ऊरेरमऊ, संसारपुर, किशनी और महोना क्षेत्रों में दिन-दहाड़े और रात के अंधेरे में लगातार अवैध खनन किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि जब कभी पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचकर खनन रुकवाते हैं, तो माफियाओं द्वारा थाना अध्यक्ष को फोन करने के बाद तुरंत काम दोबारा शुरू हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस संबंध में शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और पुलिस-प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सिर्फ खनन ही नहीं, बल्कि लकड़ी कटान और फरियादियों से भी कथित रूप से पैसे लेकर मुकदमे दर्ज किए जाते हैं। वहीं, जिले के पुलिस अधीक्षक जहां कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटे हैं, वहीं थाना स्तर पर इस तरह के आरोप प्रशासन की साख पर बट्टा लगा रहे हैं। यदि समय रहते इस पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में खनन अधिकारी दुष्यंत कुमार का कहना है कि खनन की शिकायत शुकुल बाजार से अक्सर मिल रही है। परन्तु जब तक मैं जाता हूं, तब तक सब काम खत्म हो जाता है। इसके लिए एक टीम गठित की जाएगी। जिससे खनन माफिया पर शिकंजा कसा जा सके। हालांकि स्थानीय पुलिस को भी इस पर खनन माफिया पर शिकंजा कसना चाहिए।

लोडिंग-अनलोडिंग को लेकर हुई मारपीट

सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार। इन्हौना के नौखेड़ा गांव स्थित मुर्गी दाना फैक्ट्री एबिस फूड्स एंड प्रोटीस प्राइवेट लिमिटेड एक दर्जन से अधिक ट्रक पश्चिमी उत्तर प्रदेश से मुर्गी दाना बनाने के लिए कच्चा माल मक्का, ज्वार, बाजरा इत्यादि लेकर आए थे। तीन दिन से अनलोडिंग के लिए फैक्ट्री के बाहर खड़े थे किन्तु फैक्ट्री के कर्मचारी माल अनलोड नहीं करा रहे थे। परेशान ट्रक चालकों का गुस्सा आज फूट पड़ा। एक ट्रक चालक व सिक्योरिटी गार्ड के बीच मारपीट हो गई। विवाद की सूचना पर फैक्ट्री के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे तो ट्रक चालकों का उनसे भी विवाद हो गया। इन्हौना थाने को सूचना हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला शांत कराया। मामले पर थानाध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि लोडिंग-अनलोडिंग को लेकर विवाद हुआ है।

पानी निकासी न होने से बढ़ी समस्या, आए दिन गिर रहे लोग

बारिश के बाद रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क बनी तालाब। अमृत विचार

जायस (अमेठी)

अमृत विचार। विकासखंड बहादुरपुर स्थित बहादुरपुर में रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क पर पानी भर गया है। भीषण जलभराव के चलते आए दिन राहगीर व बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक प्रमुख मार्ग नवीन मंडी स्थल और आदर्श पब्लिक स्कूल बहादुरपुर को जोड़ता है, जहां रोजाना हजारों की संख्या में यात्री, छात्र और किसान आवाजाही करते हैं। इसी रास्ते से कई हजार यात्री रेलवे स्टेशन तक पहुंचकर आवागमन करते हैं, लेकिन जलभराव के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही मार्ग इफको केंद्र तक भी जाता है, जिससे क्षेत्र की कृषि गतिविधियां सीधे प्रभावित हो रही हैं।

सफाई की व्यवस्था की पोल खोलते इस जलभराव के चलते कई राहगीर और स्कूली छात्र फिसलकर गिर भी चुके हैं, जिससे हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। हल्की सी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है। वहीं, इसी के ठीक सामने वाली सड़क जिला मुख्यालय गौरीगंज को जाती है, जो ठीक है।

निजी बसों के संचालन के विरोध में रोडवेज कर्मियों का प्रदर्शन

संवाददाता, अमेठी

प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मी।

अमृत विचार। शहर स्थित बस स्टेशन परिसर में शुक्रवार को रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर परिवहन निगम के अमेठी डिपो के कर्मचारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ट्रैफिक, स्टेशन और कार्यशाला शाखा के कर्मचारियों की यह सभा शाखा अध्यक्ष श्री राजा बहादुर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सभा में कर्मचारियों ने राष्ट्रीयकृत मार्गों पर निजी बसों के अवैध और अनधिकृत संचालन पर कड़ा विरोध जताया। उनका कहना है कि निजी बसों और छोटी गाड़ियों की डग्गामारी से निगम को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। साथ ही हाई-एंड निजी बसों द्वारा परमिट शर्तों के उल्लंघन से यात्री सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है।

कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि परिवहन निगम की संपत्तियों और सेवाओं को निजी हाथों में सौंपने की योजनाएं लागू की जा रही हैं, जिससे निगम और कर्मचारियों का भविष्य खतरे में है। उन्होंने इन योजनाओं पर तत्काल रोक लगाने और निगम को मजबूत करने की मांग की।

सभा में सरकार द्वारा पिछले वर्षों में दी गई आर्थिक सहायता के लिए मुख्यमंत्री का आभार भी जताया गया, लेकिन साथ ही जनहित में निगम विरोधी नीतियों पर पुनर्विचार की अपील की गई। कर्मचारियों ने परिषद द्वारा 15 मार्च 2026 को भेजे गए मांग पत्र का समर्थन करते हुए कहा कि यदि 19 मई तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 20 मई को क्षेत्रीय स्तर पर बड़े धरना-प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया जाएगा।

विवाद में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे

सलोन (रायबरेली)

अमृत विचार। कोतवाली अंतर्गत सोनबरसा गांव में शुक्रवार सुबह दो पक्षों के बीच जमीनी रंजिश को लेकर मारपीट हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और पथराव करने लगे। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी मच गई और कार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पुलिस ने पहुंचकर किसी तरह स्थिति को संभाला और मारपीट करने वाले एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार राजेश कुमार पुत्र जगदेव का गांव की जमीन में पट्टा हुआ है, लेकिन गांव के कुछ लोग युवक को जमीन पर कब्जा करने पर एतराज जताकर विवाद पर आमादा थे। राजेश ने सलोन तहसील में जमीन से सम्बन्धी पेपर एसडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया जिसके बाद एसडीएम ने पत्थर नस्ब की कार्रवाई के लिए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम गठित कर दी। गुरुवार को

हुआ पथराव

खड़ी क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

नायब तहसीलदार सुजीत कुमार पुलिस बल की मौजूदगी में युवक की जमीन पर पत्थर नस्ब (जमीन सीमांकन) की कार्यवाही करके लौट गई। शुक्रवार सुबह विपक्षी कुल प्रकाश उर्फ मोनू जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई। दोनों ओर से लाठी-डंडों का जमकर इस्तेमाल हुआ। हालात बिगड़ने पर दोनों पक्षो ने एक दूसरे के ऊपर पथराव भी शुरू कर दिया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वहीं घटना स्थल पर खड़ी एक पक्ष की कार को लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाठी फटकाकर किसी तरह स्थिति को संभाला। जिसके बाद एक पक्ष से राजेश, शिवम, राजकुमार, सौरभ, हरिओम, आदेश और दूसरे पक्ष से हीरालाल, आदित्य, रमेश, राजकुमार, अमित कुमार, अतुल कुमार, कुल प्रकाश उर्फ मोनू समेत 13 लोगों को थाने पकड़कर ले आई है। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि जमीनी रंजिश में दो पक्ष आपस में भिड़े हैं। दोनों पक्षो पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

वहीं सुजीत कुमार, नायब तहसीलदार ने बताया कि राजेश के नाम गांव की जमीन पर पट्टा है। गुरुवार को जमीन चिह्नांकन पत्थर नस्ब की कार्यवाही करके राजश्व टीम लौट आई थी। जिन लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा था उनसे पेपर मांगे गए, लेकिन किसी के पास कागज नही मिले।

उधर, डॉ. रूपेश जायसवाल, सीएचसी ने बताया कि सोनबरसा में हुई मारपीट के मामले में पुलिस दर्जनभर लोगों को मेडिकल कराने लाई थी। किसी को गम्भीर चोट नही थी। कुछ लोगो को हल्के फुल्के चोट है। सभी का मेडिकल कर दिया गया है।

युवक की मौत पर परिजनों को मिला मुआवजा

सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार। क्षेत्र के माठा मजरे माहिया सिंदुरिया गांव में बुधवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक दर्दनाक हादसा हो गया। घटना में 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके माता-पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये का मुआवजा प्रदान किया गया। शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों द्वारा चेक सौंपा गया। गांव निवासी मोहित (18) पुत्र गिरजा शंकर अपने परिजनों के साथ खेत से भूसा लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान करीब ढाई बजे अचानक मौसम बदला और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिर गई थी। इसकी चपेट में आने से मोहित की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गिरजा शंकर (45) और माता सुनीता (43) गंभीर रूप से झुलस गए थे। शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख अंकित पासी, तहसीलदार अभिषेक यादव व ग्राम प्रधान अजय सिंह की मौजूदगी में परिजनों को चार लाख रुपये का मुआवजा चेक प्रदान किया गया।

श्रद्धा के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी, अमृत विचार। बुद्ध पूर्णिमा पर्व शुक्रवार को जिले में श्रद्धा और सद्भाव के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर त्रिसरण, पंचशील, बुद्ध वंदना और धम्मदेशना जैसे कार्यक्रम आयोजित हुए। शरबत वितरण और भोजन दान भी इन आयोजनों का हिस्सा रहे। नगर स्थित बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सामूहिक त्रिसरण पंचशील और बुद्ध वंदना हुई। इसके बाद अंबेडकर सेवा समिति ने शरबत वितरण कार्यक्रम शुरू किया। आंबेडकर सेवा समिति के अध्यक्ष संजय कुमार बौद्ध, बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती ने भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कोषाध्यक्ष राजेश अकेला, कवि राम चंद्र सरस, बामसेफ के विधानसभा संयोजक फूल चंद्र बौद्ध सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। उन्होंने समानता के भाव को जागृत रखने के लिए चुंद नामक सुनार का विषाक्त भोजन भी ग्रहण किया। समता, समानता और मैत्री भाव ही बौद्ध धम्म का मूल है। बुद्ध ने वैज्ञानिक कर्मवाद की स्थापना की। अंबेडकर सेवा समिति कुशीताली ने वारामासी में बुद्ध पूर्णिमा का पर्व मनाया। यहां भी त्रिसरण, पंचशील, बुद्ध वंदना और शरबत वितरण के साथ धम्म चर्चा हुई। कार्यक्रम में भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन, गृह त्याग और ज्ञान प्राप्ति पर विस्तार से चर्चा की गई। सामाजिक कार्यकर्ता लालती बौद्ध, कवि रामचंद्र सरस और फूल चंद्र बौद्ध विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। आयोजन समिति के संयोजक दीपक आर्य, सह संयोजक त्रिभुवन दत्त और अन्य सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया।

आंधी-तूफान से उजड़ा अनाथ बेटी का आशियाना, मदद को आगे आए लोग

शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार। शिवगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत बैंती में आंधी-तूफान और बे-मौसम बारिश ने एक अनाथ लड़की की जिंदगी तबाह कर दी। 18 वर्षीय सोनम रावत, जो पहले ही कोविड काल में अपने माता-पिता को खो चुकी है, अब उसे प्राकृतिक आपदा की मार झेलनी पड़ रही है। तेज तूफान के चलते उसका कच्चा घर पूरी तरह ढह गया, जिससे उसकी पूरी गृहस्थी मलबे में दबकर नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल और लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक पटेल मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजी। सोनम की हालत देखकर वे भावुक हो गए और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से आर्थिक सहायता दी। साथ ही उसकी स्नातक की पढ़ाई में आधा खर्च उठाने और किताबों का पूरा खर्च वहन करने का वादा किया। इस संबंध में उपजिलाधिकारी गौतम प्रकाश ने बताया कि मामला संज्ञान में है। उन्होंने पीड़िता को सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है। समाजसेवी प्रांजुल अवस्थी ने भी आर्थिक मदद की। फिलहाल सोनम के पास न रहने के लिए घर है, न पहनने के कपड़े और न ही भोजन की व्यवस्था, जिससे उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है।

छत से गिरकर युवक घायल

बछरावां, (रायबरेली)। थाना क्षेत्र के पश्चिमगांव निवासी अशफाक पुत्र इरशाद (24) टहलते समय से अपने घर की छत से नीचकर घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

घर में घुसकर लूट, विरोध करने पर पीटा

ऊंचाहार (रायबरेली)। छत के रास्ते घर में घुसकर असलहे के बल पर जेवरात व नकदी लूटने व विरोध करने पर अधेड़ के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। बेहरामऊ गांव की अंजू ने बताया कि गुरुवार की रात उसकी बहन संजू, मंजू घर के भीतर सो रही थी, जबकि वह बड़ी बहन अनीता तथा मां के साथ दरवाजे सो रही थी। आरोप है कि पड़ोस के ही तीन लोग छत के रास्ते घर में घुसे और असलहे के बल पर बक्से में रखे बहन अनीता व भाभी के जेवरात तथा 32 हजार की नकदी लूट ली और दरवाजे से बाहर निकल रहे थे, तभी घर लौटे पिता भुल्लन ने विरोध किया तो उन्हें असलहे के बट व लात-घूंसों से जमकर मारा पीटा और मौके से फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पीआरवी ने घायल भुल्लन को सीएचसी में भर्ती कराया। शुक्रवार को अंजू ने तीन लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। कार्यवाहक कोतवाल संजय शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है।

बकाया पैसे मांगने पर दुकानदार को पीटा

ऊंचाहार (रायबरेली)। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के एनटीपीसी गेट नंबर-1 के पास आज दोपहर एक पान दुकानदार पर जानलेवा हमला हुआ। पीड़ित भोलानाथ पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम विकई मजरे बभनपुर ने कोतवाली प्रभारी को दी गई शिकायत में बताया कि घटना शुक्रवार की है। शिकायत के अनुसार, जब भोलानाथ अपनी दुकान खोल रहे थे, तभी उन्होंने बहेरा निवासी वाहिद, पुत्र हामिद, से अपने बकाया पैसे मांगे। इस पर आरोपी उग्र हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि वाहिद ने दुकानदार को लात-घूंसों और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर पीड़ित की जान बची। पीड़ित ने आरोपी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

श्रमिक राष्ट्र की आर्थिक रीढ़: राजेश

संवाददाता, अमेठी

चयनित बच्चों के अभिभावकों को स्वीकृति पत्र देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार। अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर जनपद अमेठी के विकास भवन सभागार में गुरुवार को एक भव्य गोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि उपस्थित रहे। इस दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, औद्योगिक प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री के संबोधन के सजीव प्रसारण से हुई, जिसमें श्रमिक कल्याण, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के विस्तार और श्रमिक हितों की सुरक्षा पर जोर दिया गया। अटल आवासीय विद्यालय हेतु चयनित बच्चों के अभिभावकों को मिले स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राजेश अग्रहरि ने कहा कि श्रमिक किसी भी राष्ट्र की आर्थिक रीढ़ होते हैं और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं आवास, शिक्षा, चिकित्सा सहायता एवं पेंशन का उल्लेख करते हुए श्रमिकों से इनका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन श्रमिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस

छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतियों से प्रदर्शित किया श्रमिकों का महत्व, गौरीगंज: संस्कार ग्लोबल स्कूल धनी जलालपुर गौरीगंज में अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रस्तुतियों से छात्र - छात्राओं ने श्रमिकों के महत्व को प्रदर्शित किया। नुक्कड़ नाटक,भाषण,गीत आदि की प्रस्तुतियों से लोग मंत्रमुग्ध हो गए। चेयरपर्सन डॉ.अंजना सिंह सेंगर ने बच्चों को श्रमिकों के योगदान के विषय में विस्तार से बताया। इस दौरान चित्रकेतु सिंह, मंजू सिंह, विमलेश,अनिल मिश्र,वंदना सोनी, राजपति कश्यप, राजकुमारी सिंह,नीरज मौर्य,विमल सिंह,सुमन सिंह,सुधा सिंह,खुशबू गिरि आदि रहे।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

शिविर में शामिल श्रमिक एवं स्वास्थ्य विभाग के लोग। अमृत विचार

कमरौली (अमेठी)

अमृत विचार। औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर अमेठी स्थित सीटेड प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूपीसीडा के आरएम अजय यादव एवं डॉ. अनूप तिवारी ने फीता काटकर किया। शिविर में श्रमिकों एवं स्थानीय लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक परामर्श और दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में आंख, सामान्य रोग एवं स्वास्थ्य संबंधी जांच की व्यवस्था की गई थी। सिंह आई केयर से अमरेंद्र प्रताप सिंह एवं उनकी टीम तथा जामो सीएचसी की टीम ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान कामिनी ओझा, दीपा तिवारी, श्रवण कुमार और आशीष सहित कई लोगों ने शिविर संचालन में सहयोग किया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि श्रमिक समाज और उद्योग की रीढ़ हैं। उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना सभी की जिम्मेदारी है। श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित यह शिविर श्रमिकों के स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।इस मौके पर इंजीनियर संजय सिंह, संतोष सिंह, उदयनाथ मिश्रा एवं यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। शिविर में बड़ी संख्या में श्रमिकों और स्थानीय नागरिक भी रहे।

आयोजन

शतरंज में सागर, मेधांश राज और निरंजन मोहन्ता विजेता, खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

आईएमईआई अंडर- 17 और बिजनौर-लखनऊ अंडर- 14 में चैंपियन

संवाददाता, रायबरेली

आयोजित प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी और शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली में चल रही 55वीं वॉलीबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 के फाइनल मैच अत्यंत रोमांचक रहा। केवि आईआईएम लखनऊ ने केवि ओसीएफ शाहजहांपुर प्रथम पाली को 25-20, 21-25, 20-25, 25-12 एवं 17-15 के अंतर से पटखनी देते हुए गोल्ड मेडल के साथ चैंपियन बना। वहीं तृतीय स्थान पर केवि एनटीपीसी दिबियापुर ने केवि ओसीएफ शाहजहांपुर द्वितीय पाली को 25-18, 25-22, 21-25 एवं 25-18 से हराकर ब्रॉन्ज़ मेडल जीता।

अंडर-14 के फाइनल मुकाबले भी अत्यधिक रोमांचक रहे। फाइनल खेलते हुए केवि सीआरपीएफ बिजनौर, लखनऊ ने केवि एनईआर बरेली को 25-10, 21-25, 24-26, 25-19 एवं 15-09 के अंतर से पटखनी देते हुए गोल्ड मेडल के साथ चैंपियन बना। तृतीय स्थान पर केवि बदायूँ ने केवि श्रावस्ती को 25-21, 25-21, 25-18 से शिकस्त देकर ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। शतरंज अंडर-19 में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय न.2 एएफएस चकेरी कानपुर के निरंजन मल्होत्रा प्रथम, केवि गोमतीनगर लखनऊ के शिवांशु प्रजापति द्वितीय और केवि गोमतीनगर के ही रचित यादव तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ के मेधांश राज प्रथम, केवि हरदोई के अर्पण मिश्रा द्वितीय, केवि शिवगढ़ के अध्ययन तिवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-14 में केवि एएफएस बरेली के सागर कुमार शॉ प्रथम, केवि शिवगढ़ रायबरेली के पीयूष श्रीवास्तव द्वितीय, केवि एनईआर इज़्ज़तनगर बरेली के हुजैफ आदिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन पूनम शुक्ला, पम्मी गुप्ता और अरुण मिश्र ने किया। पुरस्कार वितरण समारोह में उप प्राचार्य राजेश त्रिपाठी, प्रधानाध्यापक आरबी शर्मा, खेल शिक्षक सुनीत कुमार यादव, अमिता अग्निहोत्री, रेफ़री धीरेन्द्र सचान, आर्बिट्रेटर महेन्द्र नाथ, आशुतोष मिश्र आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

शनिवार, 2 मई 2026

जहाज अपने बंदरगाह में सबसे सुरक्षित रहता है, लेकिन जहाजों का निर्माण बंदरगाह के लिए नहीं किया गया है।

-पाउलो कोएल्हो, ब्राजीलियन लेखक

मुश्किल में महाबली

महाबली मुश्किल में हैं। ट्रंप की कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। पुतिन द्वारा ट्रंप को ईरान पर दोबारा हमला न करने की चेतावनी और ईरान का परमाणु कार्यक्रम पर समझौता न करने के एलान तथा अमेरिका मुक्त भविष्य के आह्वान ने ट्रंप तथा अमेरिकी नीति-निर्माताओं के लिए दुविधा की स्थिति पैदा कर दी है। ट्रंप को एक ओर घरेलू राजनीति में कठोर नेता की छवि बनाए रखनी है, वहीं दूसरी ओर खाड़ी क्षेत्र में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकानों और सहयोगी देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। यदि अमेरिका आक्रामक कार्रवाई करता है, तो क्षेत्रीय युद्ध का खतरा बढ़ेगा और यदि संयम दिखाता है, तो उसकी वैश्विक साख पर प्रश्न उठेंगे।

पश्चिम एशिया में अमेरिका, रूस और ईरान के बीच उभरता त्रिकोणीय तनाव केवल क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन का प्रश्न नहीं, बल्कि वैश्विक रणनीतिक समीकरणों की नई जटिलता का संकेत है। अमेरिका के खाड़ी देशों में कतर, बहरीन और यूएई में सैन्य अड्डे उसकी शक्ति-प्रदर्शन की रीढ़ हैं। इनकी सुरक्षा पर संदेह का मतलब उसके लिए केवल सैन्य चुनौती नहीं, बल्कि कूटनीतिक प्रतिष्ठा का भी प्रश्न बन जाता है। हालिया घटनाक्रमों ने यह संकेत दिया कि अमेरिका उन्हें पूर्ण सुरक्षा की गारंटी देने की स्थिति में नहीं है, जिससे ट्रंप की छवि पर बुरा असर पड़ा है। ट्रंप के लिए बड़ी चुनौती अमेरिकी कांग्रेस की स्वीकृति के बिना युद्ध जैसी कार्रवाई जारी रखना है। यह संवैधानिक बाध्यता है, जिसे दरकिनार करना आसान नहीं, इसलिए वे सीमित सैन्य कदमों या कार्यकारी अधिकारों का सहारा लेकर संतुलन बनाने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप खाड़ी से तो नहीं निकलेंगे, क्योंकि इस वापसी से चीन और रूस के लिए प्रभाव बढ़ाने का अवसर खुल जाएगा, पर इस दुविधा से बाहर निकलने के लिए ट्रंप के पास तीन विकल्प हैं— पहला, सीमित सैन्य कार्रवाई कर दबाव बनाना; दूसरा, कूटनीतिक वार्ता के जरिए तनाव कम करना; और तीसरा, रणनीतिक 'डि-एस्केलेशन' यानी धीरे-धीरे क्षेत्रीय संलिप्तता कम करना। फिलहाल यदि रूस ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार को सुरक्षित रखने का 'तीसरा पक्ष' बनता है, तो यह एक नई कूटनीतिक व्यवस्था की शुरुआत हो सकती है, लेकिन इसके बदले यूक्रेन युद्ध समाप्त करने जैसी अमेरिकी शर्तें यथार्थवादी नहीं हैं। पुतिन अमेरिकी दबाव में अपनी रणनीतिक स्वायत्तता नहीं खोएंगे।

ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ती 'जुबानी जंग' दरअसल मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है। ईरान 'अमेरिका-मुक्त भविष्य' की बात कर अपनी जनता और क्षेत्रीय सहयोगियों को संदेश दे रहा है, जबकि अमेरिका आक्रामक बयान देकर अपने सहयोगियों को आश्वस्त करना चाहता है। जहां तक आशंकित युद्ध या स्थाई युद्धविराम का प्रश्न है, वर्तमान संकेत 'नियंत्रित तनाव' की ओर इशारा करते हैं। गंभीर आर्थिक और राजनीतिक परिणाम देखते हुए अमेरिका और इजराइल दोनों व्यापक युद्ध के हामी नहीं हैं। बयानबाजी के बावजूद अस्थायी युद्धविराम जारी रहने की संभावना अधिक है। पश्चिम एशिया में वर्तमान स्थिति 'न तो युद्ध, न पूर्ण शांति' की है। ट्रंप की रणनीति अब केवल शक्ति-प्रदर्शन नहीं, बल्कि संतुलन साधने की कला पर निर्भर करेगी।

प्रसंगवश

दुनिया में सैन्य खर्च बढ़ा भारत पांचवें स्थान पर

दुनिया के देश अपने रक्षा बजट या यूं कहें कि सैन्य खर्च में अभूतपूर्व बढ़ोतरी कर रहे हैं। वास्तव में, आज के समय में दुनिया भर में सैन्य खर्च कई कारणों से तेजी से बढ़ रहा है। प्रमुख कारणों की यदि हम यहां पर बात करें, तो भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध (रूस-यूक्रेन युद्ध), इजरायल-हमास युद्ध, दक्षिण चीन सागर जैसे संघर्षों ने देशों को सुरक्षा पर अधिक खर्च करने के लिए प्रेरित किया है। पड़ोसी देशों की प्रतिस्पर्धा (जैसे कि भारत, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों की आपसी प्रतिस्पर्धा) भी इसके लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार है। ये देश अपने सामरिक संतुलन बनाए रखने के क्रम में सैन्य खर्च में बढ़ोतरी कर रहे हैं। सरल शब्दों में कहें, तो जब एक देश हथियार खरीदता है, तो पड़ोसी देश भी अपनी सेना मजबूत करने लगते हैं। इसे हथियारों की दौड़ कहा जाता है।

सुनील कुमार महला

लेखक

नई तकनीक और आधुनिक हथियार भी एक प्रमुख कारण बनकर उभरा है। पिछले कुछ समय से ड्रोन, साइबर सुरक्षा, मिसाइल रक्षा प्रणाली, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित हथियार, अंतरिक्ष रक्षा आदि पर भारी निवेश हो रहा है, जैसा कि आधुनिक युद्ध अब केवल सैनिकों से नहीं, तकनीक से भी लड़ा जाता है। आज आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा खतरों जैसे घुसपैठ, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि के कारण भी दुनिया के विभिन्न देशों ने अपने सैन्य खर्च में बढ़ोतरी की है। वैश्विक शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा ने भी सैन्य खर्च में बढ़ोतरी को जन्म दिया है।

सच तो यह है कि आज के समय में चीन, अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश अपनी सैन्य शक्ति दिखाकर विश्व राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहते हैं। इतना ही नहीं, आज हथियार उद्योग कई देशों की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा है। रक्षा सौदों से रोजगार, निर्यात और तकनीकी विकास भी जुड़ा होता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि वर्तमान समय में सैन्य खर्च बढ़ना केवल युद्ध की तैयारी नहीं, बल्कि सुरक्षा, शक्ति संतुलन, तकनीकी बढ़त और राजनीतिक प्रभाव का भी संकेत है, लेकिन अत्यधिक सैन्य खर्च से शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास क्षेत्रों पर दबाव भी बढ़ सकता है।

इस क्रम में हाल ही में एक प्रतिष्ठित न्यूज एजेंसी के हवाले से यह खबरें आईं हैं कि भारत का रक्षा खर्च 8.9% बढ़ा और भारत 5वां सबसे अधिक सैन्य खर्च वाला देश बन गया है। हाल ही में आई सिपरी की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है कि वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर पार कर चुका है और भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा सैन्य खर्च करने वाला देश बन गया है। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2025 में भारत का सैन्य खर्च 8.9 प्रतिशत बढ़कर 92.1 अरब डॉलर हो गया।

स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिपरी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में वैश्विक सैन्य खर्च 2,887 अरब डॉलर तक पहुंच गया। बड़ी बात यह है कि यह लगातार 11वां साल है, जब वैश्विक सैन्य खर्च में वृद्धि दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा खर्च करने वाले पांच देशों में अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत शामिल हैं, जिनका वैश्विक खर्च में कुल योगदान 58 प्रतिशत है। अमेरिका, यूरोप, चीन, रूस और जर्मनी का सैन्य खर्च क्रमशः 954, 864, 336, 190 तथा 114 अरब डॉलर हो गया है। इससे वैश्विक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर भार में बढ़ोतरी हुई है। दुनियाभर में सैन्य खर्च के चलते वैश्विक जीडीपी पर भार 2024 में 2.4% था, जो 2025 में बढ़कर 2.5% हो गया है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वास्थ्य सेवाओं पर दावे व हाईकोर्ट की नाराजगी

विवेक सक्सेना

अयोध्या

इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को 'राम भरोसे' बताया जाना महज एक टिप्पणी नहीं, बल्कि राज्य के स्वास्थ्य ढांचे की जर्जर स्थिति का एक आईना है। मेरठ मेडिकल कॉलेज में एक मरीज के शव के साथ लापरवाही के मामले में न्यायालय की यह तल्ख टिप्पणी (2021) और हाल ही में वेंटिलेटर की उपलब्धता पर सवाल (2026) उठाती है। यह दर्शाते हैं कि समय बदलने के बावजूद जमीनी हकीकत में खास सुधार नहीं हुआ है। यह टिप्पणी राज्य सरकार के लिए एक गंभीर चेतावनी है कि स्वास्थ्य सेवा, जो नागरिकों का मौलिक अधिकार है, वह नौकरशाही की ढिलाई और संसाधनों के अभाव में दम तोड़ रही है।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल ही में जो तल्ख टिप्पणी की है, वह न केवल समयोचित है, बल्कि सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है। अस्पतालों में वेंटिलेटर की कमी पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि मरीजों को समय पर महत्वपूर्ण देखभाल उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं, तो सांख्यिकीय दावों का कोई महत्व नहीं रह जाता है।

एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति राजन रॉय और मनजीव शुक्ला की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि क्या कोई अस्पताल हलफनामे में यह कह सकता है कि आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा। अदालत ने टिप्पणी की कि यदि ऐसा आश्वासन नहीं दिया जा सकता है, तो वेंटिलेटर की उपलब्धता पर प्रस्तुत आंकड़े अर्थहीन हो जाते हैं। खंडपीठ का यह सवाल कि 'अगर जरूरत पड़ने पर मरीजों को वेंटिलेटर नहीं मिल सकता, तो आंकड़ों का क्या फायदा?' सीधे तौर पर स्वास्थ्य प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल उठाता है।

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अस्पतालों में वेंटिलेटर की उपलब्धता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर हाल ही में तल्ख टिप्पणी की है। वह सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच के अंतर को स्पष्ट रूप से उजागर करती है।

अदालत ने साफ किया है कि वेंटिलेटर की संख्या के कागज पर मौजूद आंकड़े तब तक अर्थहीन हैं, जब तक कि वे जीवन के नाजुक क्षण में मरीज तक तुरंत न पहुंच सकें। जब वेंटिलेटर की कमी के कारण मौतें होती हैं, तो प्रशासनिक हलफनामे केवल खानापूरी बनकर रह जाते हैं। न्यायालय का यह कहना कि 'वास्तविक मांग का आकलन करने और जीवन रक्षक उपचार के लिए आवश्यक वेंटिलेटरों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक तंत्र का स्पष्ट अभाव है', भी स्वास्थ्य प्रणाली की अक्षमता को दर्शाता है।

अदालत ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य के लिए आवंटित बजट और चिकित्सा बुनियादी ढांचे पर सवाल उठाकर एक बड़ा मुद्दा उठाया है। यह केवल वेंटिलेटर खरीदने भर का मामला नहीं है, बल्कि उन्हें संचालित करने के लिए आवश्यक जनशक्ति (डॉक्टर, तकनीशियन) और बुनियादी ढांचा (ऑक्सीजन, बिजली) सुनिश्चित करने का भी है। अक्सर देखा जाता है कि वेंटिलेटर तो उपलब्ध होते हैं, लेकिन या तो वे खराब होते हैं या उन्हें चलाने के लिए विशेषज्ञ नहीं होते। पीठ का इस बात पर जोर देना कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए, ताकि उनकी कमी के कारण किसी की जान न जाए, यह दर्शाता कि देश-प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं में व्यापक सुधार की आवश्यकता है।

कोर्ट ने अपने समक्ष रखे गए आंकड़ों पर भी असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वास्तविक मांग का आकलन करने और जीवन रक्षक उपचार के लिए आवश्यक वेंटिलेटरों की संख्या निर्धारित करने के लिए एक तंत्र का स्पष्ट अभाव है। अदालत ने राज्य सरकार से स्वास्थ्य सेवा के लिए आवंटित राज्य बजट के अनुपात को स्पष्ट करने और चिकित्सा अवसंरचना की स्थिति के संबंध में विवरण तो मांगा ही है। साथ ही राज्य को अपने दृष्टिकोण पर पुनर्विचार करने और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानदंडों को पूरा करने से संतुष्ट न रहने का निर्देश भी दिया है, जैसे कि अस्पताल के बिस्तरों के 10-15 प्रतिशत के बराबर वेंटिलेटर बनाए रखना।

यही नहीं न्यायालय ने निजी अस्पतालों की फीस और उनकी सेवाओं की निगरानी के लिए विनियामक ढांचे के अभाव पर भी चिंता जताई है। स्पष्ट कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी अस्पताल मरीजों के जीवन को दांव पर न लगाए। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने पर पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि इनकी कमी के कारण किसी की जान न जाए। अदालत ने अपने सामने पेश किए गए आंकड़ों पर असंतोष व्यक्त किया। राज्य सरकार से पूछा कि स्वास्थ्य सेवा के लिए राज्य के बजट का कितना हिस्सा आवंटित किया गया है और चिकित्सा ढांचे की मौजूदा स्थिति के बारे में पूरी जानकारी देने को कहा।

अदालत ने राज्य सरकार को अपने नजरिए पर फिर से विचार करने की नसीहत देते हुए यह भी कहा कि सरकार को सिर्फ राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मानकों को पूरा करके ही संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान, पीठ ने राज्य सरकार से यह भी जानकारी मांगी कि क्या निजी अस्पतालों और क्लिनिकों को नियंत्रित करने के लिए कोई नियामक ढांचा मौजूद है? विशेष रूप से उपचार और सेवाओं की निगरानी के लिए ली जाने वाली फीस के संबंध में। सरकारी डॉक्टरों के कम वेतन पर भी चिंता जताई गई, कहा कि इससे डॉक्टर निजी अस्पतालों की ओर पलायन करते हैं, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ता है।

कोर्ट ने राष्ट्रीय नगर निगम (एनएमसी) और केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर मामले में पक्षकार बनाया है। मामले की अगली सुनवाई 25 मई को होगी, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट की यह टिप्पणी एक चेतावनी है कि स्वास्थ्य सेवा एक संवैधानिक अधिकार है।

आमने सामने



बोरे बासी छत्तीसगढ़ के किसान-मजदूर वर्ग का मुख्य भोजन है, जिसे उनकी सरकार ने बोरे बासी दिवस के रूप में पहचान दिलाई। सुशासन के नाम पर छत्तीसगढ़ सरकार क्या कर रही है? शराब भट्टी खोल रही है। बिजली नहीं मिली रही है। सभी सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार हो रहा है।

-भूपेश बघेल
पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

कांग्रेस सरकार ने बोरे बासी के नाम पर दिखावा करते हुए करोड़ों रुपये का घोटाला किया। पहले संसाधनों की कमी के कारण लोग मजबूरी में रात का बचा चावल खाते थे, इसे जबरन परंपरा के रूप में पेश किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों की राशि पांच साल तक रोकी गई।

-गजेंद्र यादव
कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़

नेपाल: बालेन सरकार और जनता के सरोकार

यशोदा श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

इसमें दो राय नहीं कि बालेन सरकार नेपाल को नया बनाने की दिशा में बहुत कुछ नया करना चाह रही है, लेकिन इसमें दुश्वारियां ढेर सारी है। बेशक उनके इस प्रयास की सराहना तो हो रही है, लेकिन एक बड़ा वर्ग नाराज भी हो रहा है। प्रतिनिधि सभा के चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफ़ जीत मिली है, जिसमें पहाड़ से लेकर मैदानी इलाकों तक का भरपूर जनसमर्थन रहा है। बालेन सरकार इसी पार्टी से प्रधानमंत्री का चेहरा थे। निश्चित रूप से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिले भारी जनादेश के पीछे बालेन शाह का चेहरा ही था।

उनके नेतृत्व में सरकार गठन के अभी महीना भर ही हुए हैं, इस बीच जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है, लेकिन जनता से ही जुड़े दिनचर्या में बाधा भी आई है। इसमें एक तो भारत नेपाल सीमा के नेपाली नागरिकों के सीमावर्ती भारतीय बाजारों से रोजमर्रा के सामानों की खरीदारी को नितांत सीमित कर देना है। इससे भारत सीमा से सटे नेपाली नागरिकों के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। नेपाल के सीमावर्ती क्षेत्रों के गरीब और मध्यम वर्गीय लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है, हालांकि नेपाल उच्च न्यायालय ने दायर एक याचिका का संज्ञान लेते हुए इस पर सरकार से जवाब मांगा है।

जनता से ही जुड़ा इससे भी बड़ा मामला अतिक्रमण के नाम पर मकानों के ध्वस्तीकरण का है। काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में चौड़ीकरण के नाम पर अवैध मकानों और बस्तियों को बुलडोजर से ढहाया जा रहा है। नेपाली कांग्रेस ने कहा है कि जेन जी के हिंसक और उग्र आंदोलन के समय राजधानी में कई सारी सरकारी इमारतें, होटल और व्यवसायिक प्रतिष्ठान आग के हवाले हुए थे, बालेन सरकार जरा भी संवेदनशील होती, तो पहले छतिग्रस्त इमारतों के निर्माण पर ध्यान देती, लेकिन यहां तो अजीब हाल है, निर्माण को दरकिनार कर विध्वंस को प्राथमिकता दी जा रही है।

काठमांडू के मनोहरा क्षेत्र में भारी पुलिस बल और सेना की घेरेबंदी में सुकुंबासी बस्ती पर सरकारी बुलडोज़र चलाया गया। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव का माहौल है, वहीं स्थानीय लोगों के विरोध और प्रशासन की सख्ती के बीच हालात बेहद संवेदनशील बने रहे। राजधानी और इसके पहले वीरगंज और कुछ अन्य इलाकों में तोड़फोड़ की घटना को बेहद तकलीफदेह बताते हुए नेपाली कांग्रेस के सांसद अभिषेक प्रताप शाह ने बालेन सरकार पर निशाना साधा है।

नेपाल में अतिक्रमणकारियों को सुकंबासी कहा जाता है। इसका अर्थ भू स्वामित्व के बिना संपत्ति पर कब्जा करना होता है। नेपाल में ऐसे लोगों की संख्या करीब तीस लाख से अधिक है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि जो लोग पीढ़ियों से वैध कागजात के साथ अपने मकान में रह रहे हैं, उनके मकानों को भी 12 घंटे की मोहलत देकर ध्वस्त कर दिया जा रहा है। बालेन सरकार का शहर के बीचोबीच 50 मीटर चौड़ा राजमार्ग निकालने का निर्णय समझ से परे है। अमूमन ऐसे राजमार्ग शहर के बाहरी हिस्से से निकाले जाते हैं। बालेन सरकार के इस फैसले से काठमांडू ही नहीं, नेपाल के लगभग सभी प्रमुख शहरों के प्रभावित होने का खतरा है।

प्रधानमंत्री शाह, जो पहले काठमांडू महानगर के मेयर रह चुके हैं, लंबे समय से शहर के भीतर फैली अवैध बस्तियों को हटाने के पक्ष में रहे हैं। मेयर रहते हुए उन्होंने काठमांडू क्षेत्र के थापाथली क्षेत्र में कई बार अवैध बस्ती हटाने की कोशिश की थी, लेकिन स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। अब प्रधानमंत्री बनने के बाद बालेन शाह ने वही अभियान और अधिक सख्ती के साथ आगे बढ़ाया है। अब चूंकि गृह मंत्रालय भी उनके हाथ में है, इसलिए प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आई है।

गृह मंत्रालय की कमान संभालते ही प्रधानमंत्री ने काठमांडू के सुकुंबासी बस्तियों पर बुलडोज़र चलाने का बड़ा फैसला लिया। यह अभियान थापाथली और गैरीधारा में बिना किसी बड़े अवरोध के आगे बढ़ा, लेकिन मनोहरा में लोगों का तीखा विरोध देखने को मिला। यह अभियान अब देशभर में फैल सकता है। नुवाकोट में भी इसी तरह की कार्रवाई शुरू हो चुकी है, जबकि पोखरा में भी बुलडोज़र चलाने की तैयारी की खबरें सामने आ रही है। सरकार के इस कदम को जहां शहरी विकास और कानून व्यवस्था की दिशा में बड़ा निर्णय माना जा रहा है, वहीं प्रभावित लोगों के पुनर्वास पर सवाल उठने लगे हैं।

अभियान में जाने-अनजाने भारतीय मूल के लोगों को ज्यादा नुक्सान उठाना पड़ रहा है। जेन जी आंदोलन में नेताओं से अधिक वहां के व्यापारियों को निशाना बनाया गया था। काठमांडू के नवनिर्मित मारवाड़ी परिषद के विशाल भवन को आग के हवाले कर दिया गया था। नेपाल में मारवाड़ी समुदाय का इतिहास बहुत पुराना है। इन्हें राजाओं ने व्यापार बढ़ाने के लिए राजस्थान से आमंत्रित किया था।

नेपाल में जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान में तेजी तो आई है, लेकिन जनता से ही जुड़े कई अहम सरोकारों में बाधा भी आई है। इससे लोग परेशान हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

सोशल फोरम

राजीव और अमिताभ

राजीव गांधी और अमिताभ बच्चन की पहली मुलाकात अमिताभ के बर्थडे पर हुई थी। उस समय अमिताभ चार वर्ष के थे, जबकि राजीव दो वर्ष के। इंदिरा गांधी नन्हें राजीव को अपनी गोद में लिए अमिताभ के चौथे बर्थडे पर अमिताभ के घर पहुंची थीं। बचपन की इस पहली मुलाकात के बाद मुलाकातों का सिलसिला राजीव की अंतिम सांस तक चला। इन दोनों बच्चों के जन्म से पहले ही बच्चन और गांधी परिवार में प्रगाढ़ मित्रता जन्म ले चुकी थी। नेहरू-हरिवंशराय बच्चन के बीच मित्रता थी, तो दूसरी तरफ इंदिरा-तेजी के बीच में। एक तरफ राजीव और अमिताभ के बीच अच्छी बनती थी, ठीक वैसी ही संजय गांधी और अजिताभ बच्चन के बीच गहरी मित्रता थी। किशोरावस्था में दोनों बच्चन भाई नैनिताल के शेरवुड स्कूल में पढ़ने चले गए, तो गांधी बंधु देहरादून के दून स्कूल में पहुंच गए।

रुचि दुबे

ब्लॉगर

एक बार कवि हरिवंशराय बच्चन विदेश से एक ट्रांजिस्टर-कम-टेपरिकॉर्डर लाए थे, लेकिन कुछ ही दिनों बाद अमिताभ ने उसकी जांच के लिए उसके एक-एक पुर्जे खोल दिए। काफी मशक्कत के बाद भी जब ट्रांजिस्टर फिट नहीं हुआ, तो उसके सारे पुर्जे एक थैले में भरकर सीधे गांधी निवास 'तीन मूर्ति भवन' की ओर दौड़ पड़े। राजीव गांधी स्क्रू ड्राईवर लेकर बैठ गए। पूरी एकाग्रता और धर्य के साथ ट्रांजिस्टर के हर एक विभाग का निरीक्षण किया और एक के बाद एक सारे पुर्जे जोड़कर ट्रांजिस्टर को चालू कर दिया।

राजीव गांधी अब 'पायलट' बन चुके थे और अमिताभ 'अभिनेता', लेकिन अब भी अटूट दोस्ती के कीच कोई दूरी नहीं आई। कई बार तो अमिताभ ने उस फ्लाइट से सफर किया, जिसे राजीव गांधी उड़ा रहे थे। राजीव गांधी तो अमिताभ से मिलने के लिए इतने आतुर रहा करते थे कि अक्सर वे अमिताभ को फ्लाइट की जानकारी भी दे दिया करते थे कि फलां-फलां दिन इस शहर में इस फ्लाइट में मैं पायलट रहूंगा, अगर तुम्हें कहीं आना-जाना हो इसी फ्लाइट से सफर करना।

अमिताभ को हमेशा इस बात का आश्चर्य होता कि जब भी फ्लाइट में राजीव गांधी कोई अनाउंसमेंट करते थे, तो कभी भी अपना सरनेम नहीं बोला करते थे.. सिर्फ इतना ही कहते 'आई कैप्टन राजीव'..! राजीव गांधी की सादगी और सरलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कभी भी अपना परिचय देते समय वे किसी से यह नहीं कहते थे कि मैं भारत की प्रधानमंत्री का बेटा हूं।

-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

अधूरी सुविधा से पूरे पोषण की उम्मीद बेमानी

गांवों में जब किसी घर में बच्चे का जन्म होता है, या कोई महिला गर्भवती होती है, तो सबसे पहले जिस सरकारी व्यवस्था का नाम सामने आता है, वह है आंगनबाड़ी केंद्र। यह केंद्र केवल ग्रामीण समाज के लिए पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य का पहला दरवाज़ा माना जाता है। वर्षों पहले जब समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत हुई थी, तब इसका उद्देश्य स्पष्ट था, गांव के छोटे बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाना और उन्हें स्वस्थ जीवन की दिशा देना। इनके माध्यम से बच्चों को पूरक पोषण, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा और गर्भवती महिलाओं को पोषण संबंधी सलाह जैसी सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

गुड्डी कुमारी

एक्टिविस्ट

आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों में कुपोषण को कम करने, स्कूल छोड़ने की दर घटाने और माताओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने जैसे कई महत्वपूर्ण लक्ष्य निर्धारित किए गए थे। कई क्षेत्रों में इन प्रयासों का सकारात्मक असर भी देखने को मिला है। स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार, जहां आंगनबाड़ी सेवाएं नियमित रूप से मिल रही हैं, वहां बच्चों का वजन और ऊंचाई पहले की तुलना में बेहतर हुई है और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया जैसी समस्याओं में भी कमी दर्ज की गई है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी कम चिंताजनक नहीं है।

कई गांवों में लोग यह शिकायत करते हैं कि उन्हें आंगनबाड़ी से मिलने वाली सभी सुविधाएं समय पर नहीं मिलतीं। कुछ जगहों पर पोषण सामग्री का वितरण अनियमित है, तो कहीं बच्चों के लिए शिक्षा सामग्री या खेल सामग्री का अभाव देखा जाता है। जब ग्रामीण इस समस्या की शिकायत संबंधित अधिकारियों से करते हैं, तब भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। इससे लोगों का भरोसा इस व्यवस्था पर धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जाता है।

यह भी एक सच्चाई है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र एक जैसे नहीं हैं। कुछ केंद्र ऐसे हैं, जहां बच्चों के लिए रंग-बिरंगे चार्ट, खिलौने, साफ-सुथरा वातावरण और नियमित भोजन की व्यवस्था होती है। इन केंद्रों में आने वाले बच्चे न केवल स्वस्थ दिखते हैं, बल्कि उनमें सीखने की उत्सुकता भी साफ नजर आती है। वहां की गर्भवती महिलाओं को समय-समय पर पोषण और स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाती है, जिससे उनके और उनके बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक बदलाव दिखाई देता है। ऐसे केंद्र इस बात का प्रमाण हैं कि यदि योजनाओं को सही ढंग से लागू किया जाए, तो बदलाव संभव है।

पहले के समय में बच्चों का कुपोषण आम बात थी। कई बच्चे कमजोर पैदा होते थे और छोटी उम्र में ही बीमारियों का शिकार हो जाते थे, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्रों की शुरुआत के बाद धीरे-धीरे स्थिति में सुधार देखने को मिला। अब कई गांवों में बच्चों का नियमित वजन मापा जाता है, टीकाकरण समय पर होता है और गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की गोलियां भी दी जाती हैं। इन सुविधाओं ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी बेहतर किया है। फिर भी, यह सुधार हर गांव तक समान रूप से नहीं पहुंच पाया है। इसका एक बड़ा कारण निगरानी व्यवस्था की कमजोरी और संसाधनों का असमान वितरण माना जाता है। कई बार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर काम का बोझ इतना अधिक होता है कि वे सभी जिम्मेदारियों को समय पर पूरा नहीं कर पातीं। दूसरी ओर, कुछ जगहों पर भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस व्यवस्था को कमजोर बना रही है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

जब भी 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की चर्चा होती है, हमारे मन में कुछ तयशुदा नाम उभरते हैं, जैसे रानी लक्ष्मीबाई, मंगल पांडेय, नाना साहब पेशवा आदि। इतिहास की किताबों ने इन्हें बड़े और उभरे अक्षरों में लिखा है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि हर कथा को कुछ चेहरे चाहिए होते हैं, लेकिन कभी-कभी यही चेहरे इतने बड़े हो जाते हैं कि बाकी कहानी पीछे छूट जाती है। सवाल यह नहीं कि इनका महत्व कम है, बल्कि यह कि क्या कोई क्रांति सचमुच तीन-चार नामों से पूरी हो जाती है?

भगवंत अनमोल
वरिष्ठ साहित्यकार

बावनी इमली : वह पेड़ जिस पर क्रांतिकारियों को दी गई थी फांसी

कानपुर के आसपास के लोग अब अजीमुल्लाह खान, तात्या टोपे या अजीजन बाई जैसे नाम भी जानने लगे हैं, लेकिन अगर आप कानपुर से कुछ ही दूरी पर बसे फतेहपुर की ओर मुड़ें, तो कहानी अचानक धीमी हो जाती है। यहां इतिहास किताबों से ज्यादा लोगों की यादों में बसा है। फतेहपुर जिले में बिंदकी तहसील में एक जगह है- बावनी इमली। नाम सुनकर यह कोई साधारण-सा पेड़ लगता है, लेकिन 28 अप्रैल आते ही यह जगह एक तारीख से जुड़ जाती है और तारीख एक कहानी से।

1857 की हलचल में फतेहपुर भी चुप नहीं बैठा था, चुप नहीं बैठा था कहना सही नहीं होगा, बल्कि बढ़चढ़कर हिस्सा लिया था। खागा गढ़ी के ताल्लुकेदार ठाकुर दरियाव सिंह के नेतृत्व में इन क्रांतिकारियों ने अंग्रेजों को मार खदेड़ा था। कहा जाता है कि यह इलाका करीब 34 दिनों तक अंग्रेजों की हुकूमत से मुक्त रहा। यह 'मुक्ति' कितनी संगठित थी, इस पर बहस हो सकती है, लेकिन इतना तय है कि यहां के वीर सिर्फ दर्शक नहीं थे, इस मिट्टी में भी उतनी ही क्रांति और आग थी, जितनी अन्य स्थानों पर। गंगा-यमुना के दोआब पर बसे इस जिले ने कई वीर दिए, जिनमें ठाकुर दरियाव सिंह, उनके पुत्र सुजान सिंह, भाई निर्मल सिंह, डिप्टी कलेक्टर हिकमत उल्लाह खान, बाबा गयादीन दुबे, ठाकुर शिवदयाल सिंह और ठाकुर जोधा सिंह अटैय्या जैसे नाम उस समय की स्थानीय धड़कन थे, जिन्हें आज भी फतेहपुर के बाहर कम ही लोग जानते हैं।

जोधा सिंह अटैय्या की कथा तो किसी लोकगाथा जैसी लगती है- लगान देने से इंकार करना, गुरिल्ला युद्ध, तहसीलों और कोषागारों पर हमले, अंग्रेजी सत्ता को लगातार चुनौती और फिर जंगल में घुस जाना। जब मेरठ, कानपुर और झांसी की क्रांति की ज्वाला मंद पड़ गई थी, तो फतेहपुर के इन वीरों की क्रांति अंग्रेजों को हतोत्साहित किए हुए थी। जोधा सिंह अपने साथियों के साथ ऐसे निकलते और ऐसा छुपते थे, जैसे गुफा में छुपा शेर अपना शिकार देखते ही शिकार कर लेता और फिर गुफा में चला जाता। अंग्रेजों की इतनी बुरी हालत हो गई थी कि उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि इस वीर से युद्ध कैसे किया जाए।

कभी-कभी ही उनके क्रांतिकारी दिखते और जब दिखते तो इतने संगठित तरीके से कि अंग्रेजों के पास मौका ही न बचता उनके वार से बचने के लिए और फिर गायब, सुदूर अपनी गुफा में। अंग्रेजों ने उन्हें 'डाकू' कहा, जो इतिहास में असहमति को छोटा करने का पुराना तरीका रहा है। आखिरकार भीतर से मिली एक सूचना ने उन्हें पकड़वा दिया। इसके बाद 28 अप्रैल 1858 का दिन आया, जब खजुहा में एक इमली के पेड़ के नीचे कर्नल क्रिस्टाइल द्वारा जोधा सिंह सहित 52 क्रांतिकारियों को फांसी दे दी गई।

जोधा सिंह अटैय्या वही क्रांतिकारी थे, जिन्होंने कर्नल नील, मेजर-जनरल हैवलॉक और रेनाल्ड जैसे क्रूर अंग्रेज अफसरों को चकमा दे दिया था और कर्नल पॉवेल का सर धड़ से अलग करके उनके छावनी भेज दिया था। कहानी यहीं खत्म नहीं होती। स्थानीय लोगों की मानें तो अंग्रेजों ने शवों को ले जाने की अनुमति नहीं दी और लंबे समय तक उस स्थान पर पहरा रहा। 37 दिनों तक वह शव उसी पेड़ पर लटकते रहे और अपने क्रांतिकारी होने की सजा भुगतते रहे। जब शव सड़ने लगे, तो अंग्रेजों को जबरन उस इमली के पेड़ के पास से अपनी फौज हटानी पड़ी। फिर ठाकुर भगवान दास ने 4 अप्रैल 1858 को इन अमर सपूतों का अंतिम संस्कार किया। समय बीतता गया और वह स्थान धीरे-धीरे एक स्मृति में बदलता गया। आज भी वहां इमली का पेड़ खड़ा है, जस का तस, शायद पहले से अधिक शांत, जितना उनका इतिहास हो गया है।

इतिहास का अपना एक स्वभाव होता है, वह याद रखने के मामले में बहुत निर्दयी है, जिनके पास अपने समय के लेखक, कवि और इतिहासकार होते हैं, वे बड़े अक्षरों में दर्ज हो जाते हैं, बाकी लोग जगहों, पेड़ों और किस्सों में छूट जाते हैं। यही कारण है कि दिल्ली की एक छोटी घटना पूरे देश में फैल जाती है और किसी सुदूर गांव की बड़ी घटना अपने इलाके तक सीमित रह जाती है। फतेहपुर के बिंदकी स्थित 'बावनी इमली' एक ऐसा ही स्मारक है, जहां एक पेड़ के नीचे खड़े होकर आप समझ सकते हैं कि आजादी की कहानी सिर्फ कुछ नामों की नहीं, बल्कि अनगिनत अनसुने लोगों की भी है। ऐसे वीरों को शत-शत नमन करते हैं, जिनके कारण हम आजादी की सांस ले रहे हैं। अगर आप अपने वजूद को पहचानना चाहते हैं, अपने देश की आजादी की लौ को महसूस करना चाहते हैं, तो एक बार बिंदकी स्थित बावनी इमली के दर्शन जरूर करें और क्रांतिवीरों को प्रणाम करें।

अखबारों के 'सेवक' और बाल मन के पारखी: डॉ. निरंकार देव

साहित्य की दुनिया में कुछ नाम ऐसे होते हैं, जो केवल कागजों पर नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के चरित्र में जीवित रहते हैं। बरेली की साहित्यिक विरासत के ऐसे ही एक अनमोल रत्न थे डॉ. निरंकार देव सेवक, जिसने अभावों के बीच रहकर भी बाल साहित्य के माध्यम से बरेली का मान पूरे भारतवर्ष में बढ़ाया। यह कहानी है एक विद्रोही कवि के कोमल बाल साहित्यकार बनने की, एक समर्पित मित्र की और एक ऐसे साधक की जिसने अंत तक अपनी कलम का साथ नहीं छोड़ा। बरेली के इस बाल साहित्यकार की शख्सियत से रू-ब-रू करा रही है।

रतन सिंह गुर्जर की विशेष रिपोर्ट...

सादगी और सिद्धांतों का अनूठा संगम-डॉ. निरंकार देव सेवक का जीवन किसी खुली किताब की तरह था, जिसके हर पन्ने पर सादगी और अनुशासन की इबारत लिखी थी। बरेली के सैदपुरिया मोहल्ले में जन्मे सेवक जी के भीतर साहित्य के संस्कार अपने पिता मुंशी रामभरोसे लाल 'सेवक' से विरासत में मिले थे। पेशे से अग्रणी वकील होने के बावजूद उनका हृदय साहित्य के लिए धड़कता था। उनकी सादगी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्हें खाने में कभी स्वाद की परवाह नहीं रही, उनके लिए भोजन केवल शरीर चलाने का साधन था।

बच्चन जी से आत्मीय रिश्ता- साहित्यिक गलियारों में सेवक जी और महाकवि हरिवंशराय बच्चन की मित्रता के किस्से आज भी मशहूर हैं। यह सेवक जी ही थे, जिन्होंने ज्ञान प्रकाश जौहरी के साथ मिलकर बरेली में बच्चन जी और तेजी सूरी की मुलाकात और फिर सगाई तय करवाई थी। बच्चन जी उन्हें 'भाई साहब' कहते थे और उन्होंने सेवक जी को करीब 250 पत्र लिखे। बच्चन जी का स्नेह इतना था कि वे अक्सर बरेली आकर बसने की इच्छा व्यक्त करते थे।

अखबारों का जुनून और समय की धारा- सेवक जी का दिन सुबह 5 बजे शुरू होता था और घर में 14 अखबारों का अंबार लगता था। जिला जेल के सामने वाले नाले के किनारे अखबार पढ़ते हुए टहलना उनका नियमित क्रम था। वे पढ़ने में इतने मशगूल हो जाते कि उन्हें आसपास की दुनिया का होश नहीं रहता था। यही एकाग्रता उनकी लेखनी में भी दिखती थी। विद्रोह से वैज्ञानिक चेतना तक सेवक जी ने अपने लेखन की शुरुआत 'चिंगारी' जैसे विद्रोही कविता संग्रह से की थी। उन्होंने अंग्रेजों की गुलामी के दौर में संतान न पैदा करने का कठिन संकल्प लिया था। हालांकि बाद में पारिवारिक दबाव में उन्होंने गृहस्थ जीवन को अपनाया। बाल साहित्य में उन्होंने एक नई चेतना फूंकी। उन्होंने पौराणिक कथाओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से लिखा। वे कहते थे कि धर्म और रूढ़ियां बच्चों के मानसिक विकास में बाधा नहीं बननी चाहिए। उनके 36 प्रकाशित संग्रह आज भी हिंदी साहित्य की अमूल्य थाती हैं।

पारिवारिक त्रासदी और सेवा की मिसाल

सेवक जी का अंतिम समय काफी कष्टपूर्ण रहा। आंखों की रोशनी चली जाने के कारण उन्हें अपनी थाली का खाना तक नहीं दिखता था, लेकिन उनकी पुत्रवधू पूनम सेवक ने एक बेटी का धर्म निभाते हुए अंत तक अपने हाथों से उन्हें भोजन कराया। साल 1994 में सेवक जी का निधन हुआ और उसके बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। 1999 में उनके पुत्र प्रदीप और पत्नी का देहांत हुआ और बाद में पोते पुनीत को भी नियति ने छीन लिया। आज सेवक जी का वह विशाल 2000 गज का बंगला भले ही वक्त की मार से छोटे से हिस्से में सिमट गया हो, लेकिन उनकी रचनाओं की गूंज आज भी हर उस बच्चे के मन में है, जिसने 'दूध जलेबी' या 'ईसप की गाथाएं' पढ़ी हैं। डॉ. निरंकार देव सेवक आज भी हमारे बीच अपनी कालजयी रचनाओं और अपनी बेबाक प्रगतिशील सोच के रूप में जीवित हैं।

जॉब का पहला दिन

कर्तव्य के साथ सेवा की शुरुआत

वर्ष 2018 का वह दिन आज भी मेरी स्मृतियों में ताजा है, जब मैंने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की जालौन जनपद स्थित कोच शाखा में एग्रीकल्चर एवं वित्त अधिकारी के रूप में अपने जीवन की नई शुरुआत की। वह मेरे जीवन का एक ऐसा मोड़ था, जहां उत्साह, जिज्ञासा और जिम्मेदारी- तीनों एक साथ मेरे मन में उमड़ रहे थे। सच कहूं तो उस दिन मुझे ऐसा लग रहा था मानो मैं किसी नई दुनिया में प्रवेश कर रहा हूं।

सुबह जब मैं पहली बार औपचारिक रूप से कार्यालय पहुंचा, तो दिल की धड़कन कुछ तेज थी। नए सहकर्मी, नया माहौल और अनगिनत अपेक्षाएं- सब कुछ मेरे सामने था। शाखा प्रबंधक और अन्य कर्मचारियों ने मेरा आत्मीय स्वागत किया, जिससे मेरे भीतर का संकोच कुछ कम हुआ। धीरे-धीरे मैंने अपने कार्यक्षेत्र को समझना शुरू किया। फाइलों का ढेर, कंप्यूटर स्क्रीन पर खुली बैंकिंग प्रणाली और ग्राहकों की भीड़- यह सब मेरे लिए एक नया अनुभव था।

पहले ही दिन ग्राहकों से सीधे संवाद का अवसर मिला। कोई किसान अपनी फसल के लिए ऋण चाहता था, तो कोई व्यक्ति अपनी आर्थिक समस्या लेकर आया था। उनकी आंखों में उम्मीद और विश्वास साफ झलक रहा था। जब मैं उनकी समस्याएं सुनता और समाधान की दिशा में कदम बढ़ाता, तो मेरे भीतर एक अद्भुत संतोष का भाव उत्पन्न होता। मुझे ऐसा महसूस हो रहा था कि मैं केवल एक नौकरी नहीं कर रहा, बल्कि समाज की सेवा के अपने बचपन के सपने को साकार कर रहा हूं।

भानू प्रताप अवस्थी
प्रबंधक
सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया

विशेष रूप से किसानों के साथ संवाद ने मेरे मन को गहराई से छुआ। उनकी मेहनत, संघर्ष और आशाओं को समझते हुए मैंने महसूस किया कि मेरी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। सही मार्गदर्शन और सहयोग से मैं उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता हूं। यह सोच मेरे भीतर एक नई ऊर्जा और समर्पण का संचार कर रही थी।

दिन के अंत तक, थकान जरूर थी, लेकिन उससे कहीं अधिक संतोष और आत्मविश्वास था। मैंने महसूस किया कि यह केवल शुरुआत है- एक ऐसे सफर की, जिसमें चुनौतियां भी होंगी और सीखने के अनगिनत अवसर भी। उस पहले दिन ने मुझे यह सिखा दिया कि सच्ची सफलता केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में है।

आज जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वह पहला दिन मेरे जीवन की सबसे प्रेरणादायक यादों में से एक बन चुका है। उसने मुझे न केवल एक जिम्मेदार अधिकारी बनाया, बल्कि एक संवेदनशील इंसान भी, जो समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझता है और उन्हें पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास करता है।

कुछ अलग

लेखकों का बाजार

आज के वक्त में जबकि सारी दुनिया ही एक बाजार बनती जा रही हो, तो फिर हमारे साहित्य की दुनिया ही भला कैसे इस बाजार 'भाव' से अछूती रह सकती है। यहां लेखकों के भाव स्थापित करने से लेकर उन्हें गिराने और उठाने तक का कार्य बड़ी ही संजीदगी के साथ किया जाता है। ये सभी क्रियाएं साहित्यिक उत्थान की आड़ में इतनी चतुराई से की जाती हैं कि दाएं हाथ को बाएं हाथ की खबर तक न लग पाए। यही उपलब्धि असली महानता है, जोकि सिर्फ लेखन भर से नहीं आती। पिछले जमाने के साहित्य और साहित्यकारों ने भले ही दुनिया को गूढ़ दर्शन दिया हो मगर आज के साहित्य और साहित्यकारों ने न सिर्फ बाजार दिया है, बल्कि लेखक बनाने की विधि से लेकर, किताबें बेचने-खरीदने के लाभप्रद हथकंडे, उन्नत किस्म की चौर्य प्रणाली आदि के अतिरिक्त, लेखकों के भी खरीद, फरोख्त तक का मार्ग प्रशस्त किया है। ये साहित्य का नवीन उन्नयन काल है।

अंशु प्रधान
लेखिका

इसी क्रम में पिछले दिनों एक किस्सा कुछ यूं हुआ कि हमारे प्रिय, आत्मीय और धुरंधर लेखक महाराज एक दिन लेखन मंडी के किनारे वाली दुकान पर लेखक तौलवा रहे थे कि वहां लफ्फाज कवि जी आ धमके, आते ही उन्होंने त्यौरियां चढ़ाते हुए लेखक महाराज को टोका, "अरे महाराज जी! कितने रुपये किलो लिए ,बहुत महंगे नहीं तौलवा लिए आपने!"

महाराज जी ने पूरी बत्तीसी चमकाते हुए कहा, "अजी साहब! क्या करें, किलो दो किलो लेखक घर में रखने पड़ते हैं। अब क्या महंगा और क्या सस्ता, जो ये लिखकर दे देते हैं उसी से लेखन की दाल-रोटी चलती रहती है साहब, वरना इतनी महंगाई में भला कौन खुद लिखके कुछ देता है। न इतना समय है किसी के पास और न इतना भेजा, जो पका-पकाया माल मिल जाता है उसी को थोड़ा और पकाकर बाजार में अपने नाम से ठेल देते हैं।"

लफ्फाज कवि तो ठहरे ही शब्दों के जादूगर सो वे पुनः महाराज जी से बोले, "अरे! इतनी महंगाई में कहां आप इन महंगे लेखकों के चक्कर में पड़े हैं। अरे मेरी मानों तो अबकी रविवार मेरे साथ साहित्य के चोर बाजार चलना। थोड़ी भीड़-भाड़ जरूर रहती है वहां मगर औने-पौने दामों पर ही चोखा माल मिल जाता है।" साहित्य के चोर बाजार की बात सुनते ही महाराज जी की आंखें फटी की फटी रह गईं और कान खड़े हो गए, वे हकलाते हुए बोले- "क्या सच में! क्या वहां सस्ते में बढ़िया लेखक मिल जाएंगे।" लफ्फाज कवि जी ने मुस्कुराते हुए कहा- "और नहीं तो क्या! अरे आप बढ़िया की बात करते हैं, चोर बाजार में एक से एक लेखक मिलेंगे और न सिर्फ बिकने वाले, बल्कि खरीदने वाले भी।" महाराज जी बोले- "वो कैसे"?

इस पर कवि जी ने बड़े गर्व से कहा- "अभी पिछले सप्ताह ही आधा किलो परसाई, दो किलो बच्चन और ढाई सौ ग्राम निराला तोल कर दिए हैं बाजार में, पुरस्कृत लेखकों को किसी से कहिएगा नहीं मैं कविताई करने के साथ-साथ ये काम भी कर लेता हूं। अब देखना! जब वे इन सबको पानी के साथ खुद के बनाए चून में गूंथ के जब मट्ठे पाग के बाजार में बेचेंगे, तो आप भी कहेंगे कि क्या स्वाद है। अजी मैं तो कहता हूं छोड़िए ये लेखक मंडी के कोने के बाजार को, सीधे चोर मंडी चलते हैं।"

महाराज जी ने आव देखा न ताव और लगे मूछों को ताव देने। बड़ी ऐठ के साथ वे मंडी के दलाल से बोले- "ए भई। नीचे रख! हमें नहीं चाहिए इतने महंगे लेखक।"

दलाल ने तभी कवि जी को घूरते हुए महाराज जी से कहा, "अजी साहब! एक दम से ही मूड बिगड़ गया आपका तो। अजी थोड़ा कम लगा लूंगा अब तराजू पर से कम से कम उतरवाइए तो मत। बड़ी मुश्किल से इन लेखकों को तराजू पर चढ़ने को मिलता है वो भी तब जबकि आलोचकों की निगाह न पड़े साहब।" मगर इतनी देर में महाराज जी को कवि जी का चोर बाजार का गणित भा चुका था। उन्होंने अपने गले में पड़े गमछे को ताव देकर फटकारा और थोड़ा आगे चलकर कवि जी को आवाज लगाई-"अजी। मैंने कहा कि कुछ जलेवी दही हो जाए अगले रविवार को तो आप और हम मिल ही रहे हैं न चोर बाजार में।" कवि जी मुस्कुराए और लपक के जलेबी-दही के दोने पर टूटते हुए बोले, "क्यों नहीं, क्यों नहीं"।



क्यों स्मार्ट दिखना चाहते हैं अधेड़ हिन्दुस्तानी

भारत में एक अलग तरह की क्रांति दस्तक दे रही है। मध्यम आयु वर्ग के पुरुष और महिलाएं अब अपने आपको अधिक आकर्षक और आत्मविश्वासपूर्ण बनाने के लिए चेहरे की एडवांस सर्जरी करवा रहे हैं। समय के साथ बढ़ती उम्र, व्यस्त जीवनशैली और बदलते सामाजिक-व्यावसायिक माहौल में ये लोग अब केवल स्वस्थ रहने पर ही नहीं, बल्कि बाहरी रूप-सौंदर्य को बनाए रखने पर भी गंभीरतापूर्वक ध्यान दे रहे हैं। इस सर्जरी को डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी कहते हैं। पहले यह सर्जरी सिर्फ बड़े-बड़े सितारों तक ही सीमित थी, लेकिन अब मिडिल क्लास भारतीय भी इसके लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से सलाह ले रहे हैं।

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

भारत में 40 से 65 साल के पुरुष और महिलाएं इस सिद्ध सर्जरी की तरफ तेजी से बढ़ रहे हैं। यह सर्जरी चेहरे को नाटकीय तरीके से नहीं, बल्कि बहुत नेचुरल और सूक्ष्म तरीके से जवान बनाती है। लोग अपनी उम्र के साथ आने वाली झुर्रियों, ढीली त्वचा और थकी हुई लुक से छुटकारा पाना चाहते हैं। इस तकनीक को भारत में आगे बढ़ाने वाले दिल्ली के मशहूर फेशियल प्लास्टिक सर्जन डॉ. प्रतीक शर्मा, जो पहले अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से जुड़े थे और आजकल राजधानी के एक अस्पताल में कार्यरत हैं, ने एक सेमिनार में बताया कि गहरी लेयर्स को लिफ्ट करने से रिजल्ट ज्यादा लंबे समय तक रहते हैं और चेहरा ज्यादा नैचुरल और संतुलित दिखता है। वे कहते हैं, "ये सिर्फ झुर्रियां मिटाने की बात नहीं है। ये लोगों को आत्मविश्वास वापस लौटाने और दुनिया के सामने नए जोश के साथ खड़े होने में मदद करता है।"

डीप प्लेन फेसलिफ्ट आखिर है क्या? साधारण फेसलिफ्ट सर्जरी में सिर्फ ऊपरी स्किन को खींचा जाता है, लेकिन डीप प्लेन फेसलिफ्ट उससे कहीं आगे जाती है। इसमें उम्र के साथ ढीले पड़ चुके मसल्स, फैट पैड्स और कनेक्टिव टिश्यू को भी ध्यान से संभाला जाता है। सर्जन इन सबको एक साथ एक यूनिट के रूप में ऊपर उठाता है। इसमें मिड-फेस, जबड़ा, गाल और गर्दन सब शामिल होते हैं। इससे चेहरा स्मूद हो जाता है, नाक से मुंह तक की गहरी लकीरें कम हो जाती हैं और चेहरे में फिर से जवानी वाली चमक लौट आती है। यह प्रक्रिया चेहरे की गहराई में काम करती है, इसलिए नतीजा बहुत प्राकृतिक लगता है। वहीं एक अन्य प्लास्टिक सर्जन बताती हैं कि यह प्रोसीजर अब अमीरों की लग्जरी नहीं रह गई है। अब

लोअर मिडिल क्लास परिवारों की महिलाएं और पुरुष भी इसे करवा रहे हैं। खास बात यह है कि बदलाव बहुत सूक्ष्म, लेकिन असरदार होता है। आत्मविश्वास बढ़ता है, लेकिन कोई यह नहीं कह पाता कि "इन्होंने कुछ करवाया है"। दोस्त और परिवार वाले बस इतना कहते हैं कि आप बहुत तरोताजा और खुश दिख रहे हैं। विशेषज्ञों के पास परामर्श के लिए हर वर्ग से लोग आ रहे हैं। सरकारी नौकरी वाले, प्राइवेट सेक्टर के मैनेजर, बिजनेसमैन और घरेलू महिलाएं सभी इसमें रुचि ले रहे हैं। लोग अब कॉस्मेटिक सर्जरी को दिखावा नहीं, बल्कि अपने इमेज, करियर और वेल-बीइंग में निवेश मानते हैं। उम्र तो सबको लगती है, यह सर्जरी बस उस मैदान को थोड़ा बराबर कर देती है।

इसके अलावा, यह सर्जरी गर्दन की त्वचा को भी टाइट करती है, जिससे डबल चिन जैसी समस्या कम हो जाती है। चेहरे पर थकान का भाव कम होता है और आंखों के नीचे की सूजन भी घटती है। रिकवरी का समय भी अब पहले से काफी कम हो गया है। ज्यादातर लोग 10-14 दिनों में सामान्य कामकाज पर लौट आते हैं। सर्जरी से पहले डॉक्टर पूरी जांच करते हैं। ब्लड टेस्ट, हार्ट चेकअप और मेडिकल हिस्ट्री देखी जाती है। सर्जरी जनरल एनेस्थीसिया में होती है और इसमें दो से चार घंटे लगते हैं। बाद में हल्का सूजन और चोट के निशान रह सकते हैं, जो धीरे-धीरे ठीक हो जाते हैं।

अमेरिका और यूरोप में यह हॉलीवुड और फैशन जगत की कई हस्तियों का पसंदीदा विकल्प बन चुका है। सोनजा मॉर्गन, रिकी लेक, मैकेंजी वेस्टमोर, जैकी हैरी जैसी सेलिब्रिटीज ने भी इसके नेचुरल रिजल्ट्स की तारीफ की। क्रिस जेनर जैसी हस्तियों के साथ भी इसकी चर्चा रहती है। भारत में भी कई बड़े सितारों ने इस सर्जरी को करवाया है, पर वे इस बात को अज्ञात कारणों से सार्वजनिक नहीं करते। अमेरिका और यूरोप में अधेड़ और उम्र दराज लोग डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी का लाभ लंबे समय से ले रहे हैं। वहां बहुत सारे हॉलीवुड सितारे भी इस सर्जरी को करवाने के बाद अपने करियर को चमका रहे हैं।

भारत में भी अब जागरूकता बढ़ रही है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ जैसे शहरों में अच्छे अस्पताल उपलब्ध हैं। डॉक्टर सलाह देते हैं कि सर्जरी चुनने से पहले हमेशा योग्य और अनुभवी सर्जन से ही संपर्क करें। आज के समय में दिखावे और आत्मविश्वास का महत्व बहुत बढ़ गया है। डीप प्लेन फेसलिफ्ट सर्जरी उन लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प बनकर उभरी है, जो अपनी उम्र को महसूस नहीं करना चाहते। यह सर्जरी सिर्फ चेहरे को नहीं, बल्कि जीवन के नए अध्याय को खोलती है। अगर आप भी 45 साल के पार हैं और लगता है कि चेहरा थका हुआ दिख रहा है, तो एक अच्छे सर्जन से सलाह जरूर लें। सही निर्णय से आपका आत्मविश्वास नया जोश पा सकता है।

आरबीआई के पास 2,000 के 98.47% नोट वापस आए

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि चलन में रहे 2,000 रुपये मूल्य के 98.47 प्रतिशत बैंक नोट अब तक वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने 19 मई 2023 को 2,000 रुपये के नोटों को चलन से हटाने की घोषणा की थी। उस समय चलन में इन नोटों का कुल मूल्य 3.56 लाख करोड़ रुपये था, जो 30 अप्रैल, 2026 को घटकर 5,451 करोड़ रुपये रह गया है।

अमृत विचार
लखनऊ, शनिवार, 2 मई 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

व्हीलचेयर और बैसाखी जैसे उत्पादों के लिए नए सुरक्षा मानक

नई दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एल्बो क्रच (बैसाखी) से लेकर पोर्टेबल व्हीलचेयर रैंप जैसे सहायक उत्पादों के लिए छह नए मानक जारी किए हैं। इसका मकसद देश में दिव्यांगों की सहायता के लिए उत्पाद बनाने वाले उद्योग को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाना है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक ये मानक भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की आवश्यक सहायक उत्पादों की राष्ट्रीय सूची पहल के तहत तैयार किए गए हैं। इनमें आवाजाही के लिए मददगार उपकरण, टेक्टाइल नक्शों और ब्रेल साइनेज के लिए सुलभ डिजाइन एवं व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं के लिए पोर्टेबल रैंप शामिल हैं।

अप्रैल में कोल इंडिया के उत्पादन में 9.7 प्रतिशत की बड़ी गिरावट

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लि. का कोयला उत्पादन अप्रैल में 9.7 प्रतिशत घटकर 5.61 करोड़ टन रहा। इससे देश की तेजी से बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। कोयला उत्पादन में यह गिरावट काफी अहम है, क्योंकि यह ईंधन देश में बिजली उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है और कुल बिजली उत्पादन में इसका हिस्सा 70 प्रतिशत से भी अधिक है। उद्योग जगत का कहना है कि गर्मियों में बिजली की मांग अपने चरम पर होने से बिजली की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ऐसे में उत्पादन में आई यह कमी तापीय बिजलीघरों और उद्योगों को होने वाली कोयले की आपूर्ति पर दबाव डाल सकती है।

भर्ती गतिविधियां अप्रैल में छह प्रतिशत बढ़ीं, बीमा क्षेत्र शीर्ष पर

मुंबई। देश में दफ्तरों में नौकरी करने वालों की नियुक्तियों में चालू वित्त वर्ष के अप्रैल महीने में सालाना आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स नामक रिपोर्ट के अनुसार, बीमा क्षेत्र 21 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ नियुक्तियों के मामले में सबसे आगे रहा। इसके बाद बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ)/ सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम सेवाएं (आईटीईएस) (15 प्रतिशत), रियल एस्टेट (12 प्रतिशत), स्वास्थ्य सेवा (11 प्रतिशत) और शिक्षा (नौ प्रतिशत) का स्थान रहा। रिपोर्ट के अनुसार, दूरसंचार और बैंकिंग क्षेत्रों में पिछले चार महीनों से जारी गिरावट का सिलसिला बना रहा।

भारत पर अमेरिकी दबाव... आईपीआर पर प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा बरकरार

व्यापार समझौते के लिए जारी वार्ता के बीच नया तनाव, दवा क्षेत्र पर पड़ेगा विशेष असर

वॉशिंगटन, एजेंसी

भारत के साथ व्यापार समझौते पर चल रही वार्ता के बीच अमेरिका ने उसे इस बार भी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) संरक्षण और प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों पर प्राथमिकता निगरानी सूची में बरकरार रखा है। इसे भारत पर अमेरिका की ओर से दबाव बनाए रखने के एक और हथकंडे के तौर पर देखा जा रहा है। भारत के दवा क्षेत्र, विशेषकर जेनरिक दवाओं के निर्यात पर इसका खास असर पड़ेगा। भारत के आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अमेरिकी रिपोर्ट के बाद कहा है कि भारत की बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटीओ के अनुरूप है।

किसी देश को प्राथमिकता निगरानी सूची या निगरानी सूची में रखने का मतलब है कि वहां बौद्धिक संपदा संरक्षण, प्रवर्तन या बाजार पहुंच से जुड़े गंभीर मुद्दे मौजूद हैं। यह विशेष 301 रिपोर्ट अमेरिका की ओर से हर साल जारी की जाती है जिसमें 100 से अधिक व्यापारिक साझेदार देशों में बौद्धिक संपदा अधिकारों की स्थिति का आकलन किया जाता है। रिपोर्ट में बौद्धिक संपदा के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत को दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक करार दिया गया है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर ने कहा, अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटने के लिए हमारे सभी प्रवर्तन साधनों का उपयोग करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस रिपोर्ट में यूरोपीय संघ, तुर्किये और पाकिस्तान सहित 19 देशों को निगरानी सूची में रखा गया है।

• जीटीआरआई ने किया प्रतिवाद, कहा- भारत की बौद्धिक संपदा व्यवस्था डब्ल्यूटीओ के अनुरूप

नीतिगत संप्रभुता के लिए अपने सिद्धांतों का बचाव करे भारत

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, कुल मिलाकर जहां अमेरिका कमजोर आईपी संरक्षण की बात करता है, वहीं भारत का रुख है कि वह पूरी तरह विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अनुरूप है और वास्तविक अंतर तो सख्त ट्रिप्स-प्लस (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलू) मानकों को अपनाने से इन्कार करने में निहित है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की लगभग 20 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है और ये दवाएं आमतौर पर दामों को 80-90 प्रतिशत तक कम कर देती हैं। श्रीवास्तव ने कहा, धारा 3(डी) और अनिवार्य लाइसेंसिंग जैसे प्रावधान इसलिए आवश्यक हैं। सस्ती स्वास्थ्य सेवा और नीतिगत संप्रभुता की रक्षा के लिए भारत को इन सिद्धांतों का बचाव जारी रखना चाहिए। कहा कि भारत 2025 और 2024 में भी प्राथमिकी निगरानी सूची में था। मतलब साफ है कि अमेरिका भारत पर दबाव बनाए रखना चाहता है। इससे दवा क्षेत्र में बौद्धिक संपदा नीति को लेकर अमेरिका के साथ लंबे समय से चले आ रहे मतभेद भी स्पष्ट होते हैं।

वियतनाम पर अमेरिका की सबसे कड़ी नजर, सूची में रूस-चीन भी

प्राथमिकता निगरानी सूची में अमेरिका ने भारत के साथ चीन, रूस, इंडोनेशिया, चिली और वेनेजुएला सहित छह देशों को बरकरार रखा है। संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की 2026 की विशेष 301 रिपोर्ट में वियतनाम को प्राथमिक विदेशी देश (पीएफसी) के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। यह 13 वर्ष में पहली बार है जब किसी देश को इस श्रेणी में रखा गया है। यह श्रेणी उन देशों के लिए होती है जिनकी नीतियां और प्रथाएं अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि वियतनाम बौद्धिक संपदा अधिकारों की पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्थक प्रगति नहीं कर रहा है और न ही वह प्रभावी वार्ताओं में पर्याप्त सहयोग कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका वियतनाम के खिलाफ 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत जांच शुरू करने पर 30 दिन के भीतर फैसला करेगा। अगर जांच शुरू होती है तो वियतनाम के साथ बातचीत कर मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।

वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उपजे राजकोषीय दबाव के बावजूद आर्थिक वृद्धि की रफ्तार कायम रखने के लिए चालू वित्त वर्ष में निर्धारित 12.22 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय पर टिके रहने का फैसला किया है। व्यय विभाग के सचिव वी वुअलनाम ने कहा कि देश के सामने बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है और आने वाली कुछ तिमाहियां तथा नया साल काफी तनाव से भरे हो सकते हैं। मार्च के अंत में पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती से कर संग्रह पर असर पड़ सकता है।

वुअलनाम ने अशोका यूनिवर्सिटी के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, राजकोषीय दबाव वास्तविकता है, लेकिन पूंजीगत व्यय हमारी प्राथमिकता रहेगा और हम इसे बजट स्तर पर बनाए रखने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में राजमार्ग, रेलवे, पोत परिवहन, बंदरगाह और शहरी विकास जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। सचिव ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत के पेट्रोलियम उत्पादों का शुद्ध आयातक होने के कारण देश के समक्ष बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति है। सरकार हालात से निपटने के लिए सक्रिय और लचीले ढंग से काम कर रही है, जबकि राजकोषीय सूझबूझ ने देश को मौजूदा अनिश्चितताओं में मजबूत स्थिति में रखा है। बजट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटा को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.3 प्रतिशत पर सीमित रखने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि जीडीपी आकलन की नई श्रृंखला जारी होने के बाद अब यह 4.5 प्रतिशत माना जा रहा है।

• केंद्रीयव्यय सचिव ने कहा- राजकोषीय दबाव में भी पूंजीगत व्यय जारी रखेंगे

तेल पर उत्पाद शुल्क कटौती से 7,000 करोड़ रुपये का नुकसान

पश्चिम एशिया में 28 फरवरी से जारी संघर्ष के बाद कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 126 डॉलर प्रति बैरल के चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं, जो संघर्ष के पहले करीब 73 डॉलर थी। ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती की है, जिससे राजकोष पर दबाव बढ़ा है। इस कटौती से 15 दिनों में करीब 7,000 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होने का अनुमान है। व्यय सचिव ने कहा कि कर संग्रह की स्थिति पर भी करीबी नजर रखी जा रही है, क्योंकि इससे राजकोषीय गुंजाइश और सीमित हो सकती है। उन्होंने बताया कि भारत अपनी एलपीजी खपत का 60 प्रतिशत आयात करता है और इसमें से 90 प्रतिशत आपूर्ति होर्मुज जलडमरूमध्य के मार्ग से होती है। लेकिन इस समुद्री मार्ग के बंद होने से स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए डीजल पर 23 रुपये प्रति लीटर और विमानन ईंधन (एटीएफ) पर 33 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया है।

कमजोर वैश्विक कीमतों के कारण चीनी निर्यात में सरकार ने की कटौती

नई दिल्ली। देश का चीनी निर्यात प्रतिकूल वैश्विक मूल्य स्थिति के कारण चालू 2025-26 विपणन सत्र में केवल 7.5 से आठ लाख टन रहने का अनुमान है। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक होता है।

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक है जो निर्यात को कोटा प्रणाली के जरिये नियंत्रित करता है। इससे चीनी मिल को अनुपात के आधार पर कोटा दिया जाता है। विपणन सत्र 2025-26 के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। इसके बाद पांच लाख टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से अब तक केवल 87,587 टन की ही मंजूरी दी गई है।

• चालू विपणन सत्र में 7.5 से 8 लाख टन रह सकता है निर्यात

एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा, पूरे सत्र में वास्तविक निर्यात 7.5 से आठ लाख टन के करीब रहने के आसार हैं। वर्तमान में निर्यातों के लिए वैश्विक कीमतों में कोई समानता नहीं है। उन्होंने बताया कि तीन मार्च तक भारत पांच लाख टन चीनी का निर्यात कर चुका है लेकिन सत्र की शुरुआत में तेजी रहने के बावजूद मिल पूरे निर्यात कोटे का उपयोग नहीं कर पाएंगी।

देश में बिजली खपत चार प्रतिशत बढ़कर 154 अरब यूनिट पर

नई दिल्ली। देश में बिजली खपत अप्रैल में 4.04 प्रतिशत बढ़कर 153.99 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। पिछले महीने असामान्य बारिश के कारण बिजली मांग कम रहने के बावजूद खपत बढ़ी है।

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अप्रैल 2025 में देश की कुल बिजली खपत 148.01 अरब यूनिट थी। तापमान बढ़ने और लू जैसी स्थिति बनने के कारण महीने के अंत में बिजली मांग में तेजी आई। अधिकतम बिजली मांग (एक दिन में सबसे अधिक) बढ़कर पिछले महीने 256.11 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई जो अप्रैल 2025 में 235.32 गीगावाट थी। इससे पहले मई 2024 में अधिकतम बिजली मांग करीब 250 गीगावाट के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। विद्युत मंत्रालय के अनुसार, 2026 की गर्मियों में अधिकतम बिजली मांग 270 गीगावाट तक पहुंच सकती है। पिछले वर्ष गर्मियों में अधिकतम मांग जून 2025 में 242.77 गीगावाट रही थी जो सरकार के 277 गीगावाट के अनुमान से कम थी।

मिर्जापुर के एक कार्यस्थल पर काम कर रहे मजदूरों ने शुक्रवार को केक काटकर मजदूर दिवस मनाया।

फिर भी खुश रहते हैं हम...

• 8 घंटे काम के अधिकार का मानक 1 मई 1886 को शिकागो (अमेरिका) में हुए ऐतिहासिक आंदोलन की देन है। उस समय मजदूरों से 12 से 16 घंटे तक काम कराया जाता था।

• भारत में मजदूर दिवस सबसे पहले 1 मई 1923 को चेन्नई में मनाया गया था। इसका आयोजन 'लेबर किसान पार्टी ऑफ हिंदुस्तान' के नेता सिंगारवेलु चेट्टियार ने किया था।

64% श्रमिकों को न्यूनतम वेतन नहीं

फाउंडेशन फॉर इकोनॉमिक डेवलपमेंट की अप्रैल 2026 में जारी रिपोर्ट कहती है कि भारत के 14 सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 64% श्रमिक वैधानिक न्यूनतम मजदूरी से कम कमा रहे हैं। कारण बताया गया है कि तय सरकारी न्यूनतम वेतन का स्तर देश की औसत आय की तुलना में बहुत अधिक है, जिससे श्रमिक औपचारिक क्षेत्र से बाहर होकर असुरक्षित और अनौपचारिक काम करने को मजबूर हो जाते हैं।

सरकार ने अप्रत्याशित लाभ कर घटाया, डीजल पर 23 रुपये और एटीएफ पर 33 रुपये लीटर किया

नई दिल्ली। सरकार ने डीजल के निर्यात शुल्क यानी अप्रत्याशित लाभ कर को घटाकर शुक्रवार से 23 रुपये लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले कर को कम करके 33 रुपये लीटर कर दिया है।

वित्त मंत्रालय ने बताया कि घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर मौजूदा उत्पाद शुल्क दरों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। डीजल का निर्यात शुल्क 55.5 रुपये से घटाकर 23 रुपये लीटर कर दिया गया है। विमान ईंधन पर यह शुल्क 42 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 33 रुपये प्रति लीटर किया गया है। डीजल के निर्यात पर सड़क एवं अवसंरचना उपकर एक मई से शुरू हो रहे पखवाड़े के लिए शून्य रहेगा। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार देर रात जारी बयान में बताया कि पेट्रोल के निर्यात पर शुल्क की दर शून्य बनी रहेगी।

भारतीय शेयर बाजारों से विदेशी निवेशकों का हुआ मोह भंग

इस साल चार माह में ही टूटा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड 1.92 लाख करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली, एजेंसी

वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के चलते विदेशी निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजारों से मुंह मोड़ रहे हैं। वर्ष 2026 के पहले चार महीनों ने 2025 में पूरे साल का का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इन चार महीनों में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 1.90 लाख करोड़ रुपये की निकासी की है। वर्ष 2025 में यह 1.66 लाख करोड़ रुपये ही थी।

विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजारों में लगातार बिकवाली जारी रखते हुए अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये (करीब 6.5 अरब डॉलर) की निकासी की। दुनिया में भूराजनीतिक तनाव का बढ़ना और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण जोखिम लेने की क्षमता पर असर पड़ना इसका मुख्य कारण बताया जा रहा है। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 में फरवरी को छोड़कर सभी महीनों में एफपीआई शुद्ध विक्रेता रहे। जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई जबकि फरवरी में 22,615 करोड़ रुपये का निवेश आया जो 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक निवेश था। मार्च में हालांकि रुख अचानक बदला और रिकॉर्ड 1.17 लाख करोड़ रुपये की निकासी हुई जो अप्रैल में भी 60,847 करोड़ रुपये की निकासी के साथ जारी रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निरंतर बिकवाली वैश्विक आर्थिक दबावों और बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिमों का परिणाम है।

• वैश्विक आर्थिक अनिश्चतता का असर, अप्रैल 2026 में 60,847 करोड़ रुपये की निकासी

• मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के प्रमुख प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव कहते हैं कि अप्रैल की शुरुआत में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया जिससे वैश्विक स्तर पर महंगाई को लेकर चिंताएं फिर बढ़ गईं। इससे ब्याज दरों में जल्द कटौती की उम्मीदें कम हुईं और वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल ऊंचे बने रहे, जिसका असर भारत सहित उभरते बाजारों पर पड़ा। कहा, यदि डब्ल्यूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आता है तो विदेशी निवेश फिर स्थिर हो सकता है।

भारत में एप्पल के तिमाही राजस्व में 17 प्रतिशत वृद्धि

न्यूयॉर्क। एप्पल के सीईओ टिम कुक तिमाही राजस्व में 17 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि होने के बाद कहा कि वह भारत को लेकर बेहद उत्साहित हैं और इसे कंपनी के लिए एक बड़ा अवसर मानते हैं। एप्पल की 2026 की दूसरी तिमाही का आय विवरण देते हुए उन्होंने कहा, भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार और तीसरा सबसे बड़ा पीसी बाजार है।

कुक ने भारतीय बाजार को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में स्वीकार किया कि कंपनी का भारत में प्रदर्शन अच्छा रहने के बावजूद उसकी हिस्सेदारी अभी सीमित है। कुक ने भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग और उसकी संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कंपनी के अधिकतर ग्राहक अभी ब्रांड के लिए नए हैं जो विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाता है। उन्होंने कहा, कुल मिलाकर मैं भारत को लेकर बेहद उत्साहित हूं।

स्क्वायर याड्र्स का राजस्व 48% बढ़कर 2,086 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। परामर्श समेत विभिन्न सेवाएं देने वाली स्क्वायर याड्र्स की वित्त वर्ष 2025-26 में आय 48 प्रतिशत बढ़कर 2,086 करोड़ रुपये हो गई। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की आय 1,410 करोड़ रुपये थी।

स्क्वायर याड्र्स ने कहा कि आय में भारत के कारोबार का योगदान 88 प्रतिशत रहा, जबकि शेष 12 प्रतिशत विदेशी परिचालनों से आया। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का सकल लाभ 49 प्रतिशत बढ़कर 476 करोड़ रुपये हो गया, जो 2024-25 में 321 करोड़ रुपये था।

उम्मीद कम होने के बाद भी अप्रैल में यात्री वाहनों की बिक्री में तेज उछाल

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में भी सालाना आधार पर कार और वैन जैसे यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी की बिक्री में अप्रैल में 33 प्रतिशत का जबर्दस्त उछाल दर्ज किया गया और यह 2,39,646 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई।

इसमें घरेलू बिक्री में 35 प्रतिशत का इजाफा हुआ और यह 1,91,122 इकाई पर पहुंच गई। इसके अलावा उसने भारत में दूसरी कंपनी के भी 8,470 वाहन बेचे। मारुति सुजुकी का निर्यात 40,054 इकाई रहा जो अप्रैल 2025 की तुलना में 44 प्रतिशत अधिक है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स की यात्री वाहनों की कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी और 59,701 इकाई रही। इसमें घरेलू बिक्री 31 फीसदी बढ़कर 59 हजार पर और निर्यात 111 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 701 इकाई पर रही। इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 72 फीसदी का इजाफा हुआ और यह 9,150 इकाई हो गई।

महिंद्रा एंड महिंद्रा के उपयोगी वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 56,331 इकाई पर रही। तिपहिया की बिक्री में 81 फीसदी की इजाफा हुआ और यह 9,899 इकाई हो गयी। दो टन से हल्के वाणिज्यक वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 2,984 इकाई और दो से 3.5 टन तक के हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री सात फीसदी बढ़कर 20,443 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी का कुल निर्यात 47 फीसदी बढ़ा और 4,970 इकाई दर्ज किया गया। रेनो इंडिया की बिक्री अप्रैल 2025 के 2,602 से बढ़कर 5,413 इकाई हो गयी। निसान की घरेलू बिक्री 75 प्रतिशत बढ़कर 3,203 इकाई दर्ज की गयी। निर्यात भी 2,185 इकाई पर रहा। इस प्रकार कुल बिक्री 5,388 इकाई रही।

दो पायलटों की मौत से उभरी विश्राम के नियमों का पालन न होने पर चिंता

नई दिल्ली, एजेंसी

पायलटों के संगठन एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन ऑफ (एएलपीए) इंडिया ने शुक्रवार को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से विमानन कंपनियों के लिए थकान से जुड़े मानकों में किसी भी तरह की ढील न देने की मांग की। यह मांग पिछले दो दिन में दो पायलट की दिल का दौरा पड़ने से हुई मौत के बाद की गई है।

संगठन ने कहा कि डीजीसीए को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों के पूर्ण क्रियान्वयन के लिए समयबद्ध खाका तैयार करना चाहिए। साथ ही पायलटों की थकान की सूचना देने संबंधी प्रणाली पारदर्शी और जवाबदेही तय करने वाली हो तथा इसकी हर तिमाही सार्वजनिक जानकारी भी दी जाए। एएलपीए इंडिया ने कहा कि हाल की घटनाओं के बाद उड़ान सुरक्षा, नियामकीय विश्वसनीयता और पायलट के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। एयर इंडिया और अकासा एयर के एक-एक पायलट की हाल ही में दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई। दोनों उस समय ड्यूटी पर नहीं थे। एयर इंडिया के पायलट की बाली में निर्धारित विश्राम के दौरान और अकासा एयर के पायलट की प्रशिक्षण के दौरान मौत हुई।

• पायलटों के संगठन ने डीजीसीए से की नियमों में ढील न देने की मांग

संशोधित एफडीटीएल नियम में पायलटों के लिए अधिक विश्राम समय का प्रावधान है लेकिन यह अभी पूरी तरह लागू नहीं हुए हैं।

शुरुआत | अमित शाह ने रखी आधारशिला, कहा– पिछले 10 साल में देश में 70% बढ़ा दूध का उत्पादन

करगिल में स्थापित होगा 10,000 लीटर क्षमता का डेयरी प्लांट

लेह/जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने करगिल में 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले डेयरी संयंत्र की शुक्रवार को आधारशिला रखी। इसके साथ लद्दाख के लिए डेयरी विकास से जुड़ी कई पहल भी ऑनलाइन माध्यम से पेश कीं। इनमें मोबाइल दूध परीक्षण प्रयोगशालाएं, आधुनिक दूध शीतलन प्रणाली और डेयरी अवसंरचना को मजबूत करना शामिल है, ताकि यहां आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिल सके।

अधिकारियों ने बताया कि 10,000 लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण संयंत्र लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी इंडियन डेयरी मशीनरी कंपनी द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह परियोजना मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत लागू की जा रही है, जिसमें 12.74 करोड़ रुपये का अनुदान, 10 करोड़ रुपये की सहायता राष्ट्रीय डेयरी विकास फाउंडेशन से और शेष राशि एलयूटीडीसीएफ फंड के माध्यम सेउपलब्ध कराई जा रही है।

करगिल में लेह मिल्क प्लांट के नए उत्पादों के स्टॉल का निरीक्षण करते अमित शाह।

लद्दाख में डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए कदम

अधिकारियों ने कहा कि ये कदम लद्दाख के डेयरी क्षेत्र के आधुनिकीकरण, किसानों की आय बढ़ाने और खरीद प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं। साथ ही बिजली से जुड़ी चुनौतियों को दूर करने, दूध संग्रह को सुव्यवस्थित करने और किसानों को समय पर डिजिटल भुगतान सुनिश्चित करने के उपाय भी किए गए हैं। भारतीय सेना के साथ नियमित दूध आपूर्ति व्यवस्था से इस क्षेत्र में डेयरी गतिविधियों को स्थिर बाजार मिला है जिससे संचालन की विश्वसनीयता बढ़ी है।

वर्ल्ड ब्रीफ

पूर्व सीईए सुब्रमण्यम शिकागो में सम्मानित

वॉशिंगटन। भारत के पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार के.वी. सुब्रमण्यम को शिकागो विश्वविद्यालय द्वारा व्यावसायिक उपलब्धि के लिए प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुब्रमण्यम 1941 में प्रतिष्ठित पूर्व छात्र पुरस्कार की स्थापना के बाद से यह सम्मान प्राप्त करने वाले पहले भारतीय अर्थशास्त्री बन गए हैं। यह पुरस्कार विश्वविद्यालय के बृहस्पतिवार से शुरू हुए पूर्व छात्र सप्ताहांत समारोह में प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय ने कहा कि भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में, सुब्रमणयम ने कोविड-19 के दौरान प्रमुख रूप से कार्य किया। इसमें सुब्रमण्यम द्वारा लिखित आर्थिक सर्वेक्षणों को ऐतिहासिक बताया गया

स्पीयर्स पर नशे में गाड़ी चलाने का आरोप

लॉस एंजिलिस। अमेरिकी गायिका ब्रिटनी स्पीयर्स पर कैलिफोर्निया में मादक पदार्थ और शराब के नशे में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वेंचुरा काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय ने बताया कि 44 वर्षीय पॉप गायिका पर शराब पीकर और मादक पदार्थ के नशे में गाड़ी चलाने का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया गया। इस मामले में स्पीयर्स के प्रतिनिधि ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की।

भारतीय राजदूत को ढाका में तलब किया

ढाका। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त पवन बधे को तलब किया और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की कुछ टिप्पणियों पर औपचारिक विरोध दर्ज कराया। शर्मा ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा था कि असम में 20 विदेशी नागरिकों को पकड़ा गया और उन्हें बांग्लादेश वापस भेज दिया गया। शर्मा ने कहा था, अशिष्ट लोग प्यार की भाषा नहीं समझते। जब हम असम से उन घुसपैठियों को निकालते हैं जो खुद वापस नहीं जाते।

गुटेरेस ने बुद्ध जयंती की शुभकामनाएं दीं

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुद्ध जयंती के अवसर पर दुनिया भर के बौद्ध समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए वैश्विक शांति और एकजुटता का आह्वान किया है। गुटेरेस ने 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि वैसाख दिवस पर दुनिया भर के बौद्ध भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और उनके महापरिनिर्वाण का स्मरण करते हैं।

असम के सीएम की पत्नी से जुड़े मामले में खेड़ा को सुप्रीम कोर्ट ने दी अग्रिम जमानत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा-मामला राजनीतिक प्रतिशोध से जुड़ा प्रतीत होता है

उच्चतम न्यायालय ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की पत्नी पर लगाए गए आरोपों से संबंधित मामले में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत दे दी और कहा कि मामला राजनीतिक प्रतिशोध से जुड़ा प्रतीत होता है। न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए. एस. चंदूरकर की पीठ ने कुछ शर्तों के साथ खेड़ा को अग्रिम जमानत देने का आदेश दिया।

अदालत का आदेश शुक्रवार को वेबसाइट पर अपलोड किया गया। इससे पहले बृहस्पतिवार को दिन में अदालत ने इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा था। खेड़ा ने आरोप लगाया था कि शर्मा की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। अदालत ने कहा, व्यक्तिगत आजादी एक बहुत महत्वपूर्ण मौलिक अधिकार है, और इससे वंचित किए जाने के लिए बहुत ठोस और मजबूत कारण होना जरूरी है, खासकर तब जब आसपास की परिस्थितियां यह दिखाती हों कि मामले में राजनीतिक पहलू छुपा हो सकता है।

अदालत ने कहा कि यदि अपराध शाखा थाने में दर्ज मामले में अपीलकर्ता (खेड़ा) की गिरफ्तारी हुई है तो उन्हें अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। अदालत ने कहा कि रिहाई जांच अधिकारी द्वारा उचित समझी गई शर्तों और नियमों पर आधारित होगी।

सीजीएचएस की अपर निदेशक घूस लेने में गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने रिश्वतखोरी के एक मामले में केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) मेरठ (उप्र), की अपर निदेशक नताशा वर्मा और उनके पीए सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। सीबीआई ने बताया कि वर्मा के निजी सहायक सन्नी के खिलाफ गुरुवार को मामला दर्ज किया गया था। उसने एक सीजीएचएस कर्मचारी के मुरादाबाद से मेरठ में तबादले के एवज में स्वास्थ्य भवन, सीजीएचएस, मेरठ के अधिकारियों की ओर से 80,000 रुपये रिश्वत मांगी थी।

फिल्म निर्माता की ऑस्कर ट्रॉफी गुम, हवाई अड्डे पर हथियार मानकर कार्गो में भेजा था

लॉस एंजिलिस, एजेंसी

- न्यूयॉर्क से फ्रैंकफर्ट पहुंचने पर नहीं मिली डिब्बे में रखी ट्रॉफी

अकादमी पुरस्कार प्राप्त वृत्तचित्र 'मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन' के सह-निर्देशक एवं रूसी फिल्म निर्माता पावेल तालांकिन की ऑस्कर ट्रॉफी तब गुम हो गई जब न्यूयॉर्क हवाई अड्डे पर सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें इसके साथ उड़ान भरने से रोक दिया। इस साल के अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फीचर वृत्तचित्र का पुरस्कार जीतने वाली फिल्म मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन में मुख्य भूमिका निभाने वाले तालांकिन ने बताया कि बुधवार को जॉन एफ केनेडी हवाई अड्डे पर एक अधिकारी ने उनसे कहा कि वह लगभग 3.8 किग्रा वजनी ट्राफी को विमान में अपने साथ नहीं रख सकते। उन्होंने कहा कि मार्च में ऑस्कर जीतने के बाद से वह बिना किसी घटना के एक दर्जन से अधिक बार ट्रॉफी के साथ हवाई यात्रा कर चुके हैं। लुफ्थांसा की उड़ान से बृहस्पतिवार सुबह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुचे तालांकिन ने कहा कि यह बात पूरी तरह से समझ से परे है कि वे ऑस्कर (ट्रॉफी) को हथियार कैसे मानते हैं... (मैंने) इसे अपने साथ कैबिन में लेकर यात्रा की है, और कभी कोई समस्या नहीं हुई। तालांकिन को पुरस्कार को कार्गो के रूप में दर्ज करने के लिए कहा गया। अपने सामान की पहले ही जांच करा चुके फिल्म निर्माता को एयरलाइन अधिकारियों द्वारा गत्ते का डिब्बा दिया गया, और फिर दो एजेंटों ने ऑस्कर ट्रॉफी को 'बबल रैप' में लपेटा तथा उसे परिवहन के लिए ले गए। इस पूरी प्रक्रिया को तालांकिन ने अपने फोन में रिकॉर्ड किया। हालांकि, जब फिल्म निर्माता फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो वह डिब्बा कहीं नहीं मिला।

ईरान के खिलाफ युद्ध 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया

अमेरिकी संसद से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने को ट्रंप प्रशासन का तर्क

वॉशिंगटन, एजेंसी

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को स्पष्ट किया है कि अमेरिका और ईरान के बीच कोई युद्ध नहीं चल रहा है। ईरान के खिलाफ युद्ध तो 60 दिन की तय समय सीमा से पहले ही समाप्त हो गया। ट्रंप प्रशासन कांग्रेस (अमेरिकी संसद) से युद्ध की मंजूरी लेने की आवश्यकता से बचने के लिए तर्क दे रहा है कि अप्रैल में शुरू हुए युद्धविराम समझौते के बाद ईरान में युद्ध समाप्त हो गया है। यह बयान रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ द्वारा बृहस्पतिवार को सीनेट के समक्ष दिए गए बयान की पुष्टि करता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि युद्धविराम ने प्रभावी रूप से युद्ध को रोक दिया है।

यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका में इस बात पर बहस छिड़ गई है कि क्या सैन्य अभियानों के लिए तय 60 दिनों की कानूनी समय सीमा खत्म हो गई है। इस विवाद ने अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में नए कानूनी और संवैधानिक सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने तर्क दिया कि फिलहाल इस सैन्य अभियान के लिए संसद से अलग से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि अभी कोई सक्रिय लड़ाई नहीं हो रही है। उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा, मुझे नहीं लगता कि अभी कहीं बमबारी या गोलीबारी जैसी कोई सक्रिय सैन्य गतिविधि चल रही है। फिलहाल हम शांति समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं, हम युद्ध में नहीं हैं। दरअसल, अमेरिका में 1973 का 'वॉर पावर्स रेजोल्यूशन' लागू है। यह कानून राष्ट्रपति को पाबंद करता है कि अगर वह कहीं सैन्य कार्रवाई शुरू करते हैं, तो उन्हें 60 दिनों के भीतर सेना वापस बुलानी होगी, जब तक कि संसद उस कार्रवाई को आगे बढ़ाने की विशेष अनुमति न दे दे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दो मार्च को इस अभियान के बारे में संसद को जानकारी दी थी, जिसके हिसाब से एक मई को 60 दिन पूरे हो रहे हैं। हालांकि, सांसदों के बीच इस बात को लेकर मतभेद हैं कि समय सीमा खत्म हुई है या नहीं। विवाद का मुख्य कारण यह है कि क्या युद्ध के बीच में आए अस्थायी ठहराव या शांति के समय को भी इन 60 दिनों में गिना जाना चाहिए। व्हाइट हाउस का कहना है कि बीच में हुए संघर्ष विराम की वजह से यह समय सीमा प्रभावी रूप से रुक गई थी। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सीनेट में सुनवाई के दौरान कहा कि युद्धविराम के दौरान 60 दिनों की इस अवधि को 'रोका' जा सकता है।



साठ दिन से अधिक पर संसद की मंजूरी आवश्यक

इस आधार पर ट्रंप प्रशासन 1973 के कानून द्वारा अनिवार्य उस शर्त को पूरा नहीं कर रहा है जिसके तहत 60 दिनों से अधिक की सैन्य कार्रवाई के लिए संसद से औपचारिक स्वीकृति आवश्यक है। नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उस कानून के हिसाब से28 फरवरी शनिवार को शुरू हुआ युद्ध समाप्त हो गया है।'' अधिकारी ने कहा कि सात अप्रैल से शुरू हुए दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद से अमेरिकी सेना और ईरान के बीच गोलीबारी नहीं हुई है। हालांकि युद्धविराम के समय को बढ़ा दिया गया है और ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा है वहीं ईरान के तेल टैंकर को समुद्र में जाने से रोकने के लिए अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। राष्ट्रपति की सैन्य शक्तियों को नियंत्रित करने वाले कानून 'वॉर पावर्स रिजोल्यूशन' के तहत, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास शुक्रवार तक संसद से अनुमति लेने या युद्ध रोकने का समय था। यह कानून प्रशासन को इस समय सीमा को 30 दिन तक बढ़ाने की अनुमति भी देता है।

राष्ट्रपति ट्रंप बोले-अमेरिका से समझौता करने के लिए बेताब है ईरान

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता करने को बेताब है और उन्होंने हवाई हमलों को फिर से शुरू करने की संभावना को लगभग खारिज कर दिया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार दोपहर ओवल ऑफिस में मीडिया से बातचीत में ये टिप्पणियां ऐसे समय में कीं जब ईरान ने धमकी दी है कि यदि अमेरिका ने फिर हमले किए तो वह भी हमले कर जवाबी कार्रवाई करेगा। अमेरिका और ईरान ने आठ अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी तब से युद्ध अस्थायी रूप से रुका हुआ है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह पुन: हमले करेंगे तो उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें इसकी जरूरत है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने दावा किया कि सैन्य कार्रवाई ने ईरान की क्षमताओं को काफी हद तक कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा, उनकी नौसेना खत्म हो गई है। उनकी वायुसेना खत्म हो गई है उनके करीब 82 प्रतिशत ड्रोन कारखाने ठप हो गए हैं। उनके मिसाइल उत्पादन पर भी असर पड़ा है। उनके मिसाइल कारखाने लगभग 90 प्रतिशत तक ठप हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि हमने उनकी परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया है और होर्मुज जलडमरूमध्य की अमेरिकी नाकाबंदी के परिणामस्वरूप ईरानी अर्थव्यवस्था चरमरा रही है।

मृतक संख्या बढ़कर नौ हुई 28 लोगों को बचाया गया

मध्य प्रदेश क्रूज हादसा

जबलपुर, एजेंसी

- बरगी बांध में डूबे छह अन्य लोगों की तलाश कर रही हैं बचाव-राहत में लगीं एजेंसियां

मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में बरगी बांध में क्रूज नाव पलटने की घटना में मृतकों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर नौ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि डूबी हुई नाव से पांच और शव बरामद किए गए हैं, जबकि छह अन्य लोगों की तलाश अभी जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक 28 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया है। सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीमें लापता लोगों की तलाश में अभियान तेज कर रही हैं।

मध्यप्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने बातचीत में कहा कि बृहस्पतिवार को चार शव मिले थे, जबकि शुक्रवार तड़के बचाव अभियान के दौरान पांच और शव बरामद हुए, जिससे मृतकों की संख्या नौ हो गई। उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी और एक जीवित बचे व्यक्ति द्वारा लाइफ जैकेट के मुद्दे को उठाने की भी पड़ताल की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा बृहस्पतिवार शाम नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में अचानक आए तूफान के दौरान हुआ, जिससे क्रूज नाव पलट गई।

जबलपुर के पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह ने कहा कि आशंका है कि कुछ शव अभी भी नाव के भीतर फंसे हो सकते हैं, लेकिन कम दृश्यता के कारण सटीक स्थिति का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने बताया कि सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें संयुक्त रूप से बचाव और तलाश अभियान चला रही हैं। इसके अलावा जल संसाधन और लोक निर्माण विभाग के साथ-साथ पास स्थित एक जल संयंत्र की निर्माण एजेंसी भी तकनीकी सहयोग दे रही है। सिंह ने बताया कि स्थानीय निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और नाव से निकलकर बाहर आए लोगों को सुरक्षित किनारे तक पहुंचाने में मदद की। उन्होंने कहा कि जब तक नाव के अंदर की पूरी तरह से जांच नहीं हो जाती और यह सुनिश्चित नहीं कर लिया जाता कि कोई और शव नहीं बचा है, तब तक डूबी हुई नाव को बाहर नहीं निकाला जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज हवा के कारण पानी में लहरें उठीं, जिससे नाव में सवार लोगों ने शोर मचाकर चालक दल से नाव को किनारे की ओर ले जाने की अपील की, लेकिन चालक दल तक आवाज नहीं पहुंच सकी और नाव बहते हुए पलट गई। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानीय लोगों ने रस्सी की मदद से लाइफ जैकेट पहने यात्रियों को बचाया।

हादसे की जांच के आदेश क्रूज के संचालन पर रोक

भोपाल। मध्यप्रदेश सरकार ने जबलपुर जिले के बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे की जांच का शुक्रवार को आदेश दिया और राज्य में क्रूज के संचालन पर रोक लगा दी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मृतकों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हादसे के दौरान लोगों की जान बचाने के लिए जोखिम उठाने वाले स्थानीय निवासियों को उनकी बहादुरी के लिए स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी घटना पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

चीन अपने अंतरिक्ष स्टेशन का और विस्तार करेगा

- नासा के आईएसएस बंद करने की योजना के बीच तैयारी

बीजिंग। चीन पृथ्वी की कक्षा में स्थित अपने अंतरिक्ष स्टेशन का विस्तार करने की योजना बना रहा है, जिससे इसका आकार संभावित रूप से दोगुने से भी अधिक हो जाएगा। यह कदम ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) को वर्ष 2031 तक चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बना रही है। वर्तमान में, चीन का तियांगोंग और आईएसएस कक्षा में मौजूद हैं, जो नासा के साथ-साथ रूस, यूरोप, जापान और कनाडा की अंतरिक्ष एजेंसियों की एक सहयोगी परियोजना है। नासा की योजना अंतरिक्ष में मानव निर्मित सबसे बड़ी संरचना 'आईएसएस' को बंद करने की है। इससे चीनी अंतरिक्ष स्टेशन पृथ्वी की परिक्रमा करने वाला अपनी तरह का एकमात्र स्टेशन बन जाएगा। चीन ने अपना अंतरिक्ष स्टेशन तब बनाया जब उसे आईएसएस से कथित तौर पर बाहर कर दिया गया। चीन वर्तमान में एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास एक अंतरिक्ष स्टेशन है जो 2022 में चालू हुआ था। यह स्टेशन फुटबॉल कोर्ट के आकार के अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की तुलना में अपेक्षाकृत छोटा है, जिसमें कई अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्रियों ने 1998 में इसके संचालन शुरू होने के बाद से 3,000 से अधिक प्रयोग किए हैं।

एनसीबी ने मुंबई में 1745 करोड़ की 349 किलो कोकीन जब्त की

नई दिल्ली। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो(एनसीबी) ने संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ऑपरेशन व्हाइट स्ट्राइक के अंतर्गत बड़े अंतरराष्ट्रीय कोकीन तस्करी सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है और मुंबई एवं आसपास के लॉजिस्टिक्स कॉरिडोर से लगभग 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है जिसकी अवैध बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1,745 करोड़ रुपये है। ब्यूरो ने शुक्रवार को बताया कि यह सफलता उसके छह महीने लंबे उच्च स्तरीय ऑपरेशन के तहत निरंतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करने और निगरानी से मिली है। ब्यूरो की कई टीमों ने विशिष्ट और विश्वसनीय सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए कलंबोली-भिवंडी कॉरिडोर (नवी मुंबई - ठाणे क्षेत्र) में समन्वित छापेमारी की और गोदामों की अवसंरचना तथा छिपे हुए परिवहन तंत्र का उपयोग करने वाले एक अत्यधिक संगठित अंतर्राष्ट्रीय ड्रग सप्लाई नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में इस सफलता के लिए ब्यूरो को बधाई देते हुए कहा, हम नशीले पदार्थों के कार्टेल को बेरहमी से कुचलने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मुंबई में एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय नशीले पदार्थों के रिंग पर सख्त कार्रवाई करते हुए 349 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन जब्त की है, जिसकी कीमत 1,745 करोड़ रुपये है। यह 'बॉटम टू टॉप' अप्रोच का एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसमें एजेंसी ने एक छोटी खेप को ट्रेस करते हुए एक विशाल नेटवर्क को पकड़ा। टीम एनसीबी को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई। यह सफल ऑपरेशन नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है।

ईयू देशों में एक हो दुष्कर्म की परिभाषा

ब्रसेल्स। यूरोपीय संसद के सांसदों ने मांग की है कि पूरे यूरोपीय संघ में बलात्कार की एक जैसी परिभाषा लागू होनी चाहिए। उनका कहना है कि बलात्कार के मामलों में केवल शारीरिक हिंसा को ही आधार न माना जाए, बल्कि सहमति के अभाव को मुख्य आधार बनाया जाए।

सू की को जेल से घर में किया नजरबंद

नेपीडा। म्यांमार की सैन्य अधिकारियों ने देश की प्रमुख नेता आंग सान सू की को जेल से निकाल कर घर में नजरबंद कर दिया है। कैदियों को दी गई माफी के तहत उनकी सजा में कटौती के बाद यह फैसला लिया गया है। देश में सत्तासीन जुंटा प्रमुख मिन आंग हलिंग ने कथित तौर पर 80 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता सू की की सजा का कुछ हिस्सा कम कर दिया है और आदेश दिया है कि शेष सजा एक तयशुदा निवास स्थान पर काटी जाएगी। सू की लगभग पांच वर्षों से जेल में थीं। उन्हें एक फरवरी, 2021 को उस समय गिरफ्तार किया गया था जब सेना ने उनको सत्ता से हटाकर देश का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया था।

कारोबारी से ठगी : खरात को चार दिन की पुलिस हिरासत

- आठ अन्य मामलों में खरात पर हैं महिलाओं से शोषण के आरोप

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक की एक अदालत ने शुक्रवार को स्वयंभू 'बाबा' अशोक खरात को पुणे के एक कारोबारी से पांच करोड़ रुपये से अधिक की ठगी के मामले में चार मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। खरात से जुड़े मामलों की जांच कर रहे एसआईटी ने 30 अप्रैल को अदालत में आवेदन दायर कर इस ठगी मामले में उनकी हिरासत मांगी थी। स्वयंभू बाबा के खिलाफ दर्ज यह नौवां मामला है। अन्य आठ मामलों में खरात पर महिलाओं के यौन शोषण के आरोप हैं। सुरक्षा कारणों से अदालत की कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये हुई। पुलिस ने सुनवाई के दौरान स्वयंभू बाबा की हिरासत की मांग की, लेकिन बचाव पक्ष ने इसका कड़ा विरोध करते हुए कहा कि एसआईटी हर बार पुलिस हिरासत के लिए एक जैसा कारण देती है और हिरासत के लिए कोई मजबूत आधार नहीं है। हालांकि, अदालत ने अभियोजन पक्ष की यह दलील स्वीकार कर ली कि यह अलग (ठगी से जुड़ा) मामला है और इसमें बड़ी धनराशि शामिल होने के कारण आगे की जांच आवश्यक है। इसके बाद अदालत ने खरात को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। शिकायत में पुणे के कारोबारी ने आरोप लगाया कि उसने अशोक खरात की म्यांमा, ग्रीनलैंड और अमेरिका की यात्राओं का खर्च उठाया।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज मित्रों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा करेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। तकनीकी कौशल दिखाने का अवसर मिलेगा।

तुला — आज का दिन नए अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने के लिए शुभ है। व्यापारिक साझेदारों के साथ संबंध प्रगाढ़ होंगे।

वृष — आज आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। निवेश के लिए विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।

वृश्चिक — आज का दिन आपके पराक्रम में वृद्धि लाएगा। कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। पुराने रोगों से राहत मिलेगी।

मिथुन — आज संपर्कों का दायरा बढ़ेगा। नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा के योग बन रहे हैं, जो सुखद और लाभदायक रहेंगे।

धनु — आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता के योग हैं। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। आपकी रचनात्मकता नए रास्ते खोलेगी।

कर्क — आज आप आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करेंगे। रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। संतान पक्ष से कोई सुखद समाचार मिल सकता है।

मकर — आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। स्वयं पर भरोसा रखें। घरेलू मोर्चे पर कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं।

सिंह — आज सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट की कमान मिल सकती है। उधार के लेन-देन से दूरी बनाए रखें।

कुंभ — आज व्यावसायिक यात्राएं सफल होंगी। संचार के माध्यमों से कोई खुशखबरी मिल सकती है। साहस के साथ नए कदम बढ़ाएं।

कन्या — आज कोई भी निर्णय भावनाओं में बहकर न लें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। वाणी पर संयम रखें।

मीन — आज धन संचय के प्रयास सफल होंगे। व्यवहार में सौम्यता बनाए रखें। परिवार में मांगलिक आयोजन की चर्चा हो सकती है।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 2 मई, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा 3 मई 00 .49 तक तत्पश्चात द्वितीया।

दिशाशूल-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा पूर्ण रात्रि।

सुडोकू - 136 का हल

4	5	8	3	1	6	2	9	7
9	3	1	5	7	2	6	8	4
6	7	2	4	9	8	1	5	3
7	2	9	8	6	3	5	4	1
1	8	5	2	4	9	7	3	6
3	6	4	7	5	1	8	2	9
2	9	3	1	8	7	4	6	5
8	4	7	6	3	5	9	1	2
5	1	6	9	2	4	3	7	8

सुडोकू -137

		9	5	4				
2	3				9			
4				6				
8			9					
	7						5	
			1		7			
	1			9		6		4
	9		4					8
5				3	2	7		

डेटा चोरी

अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरे का दिया हवाला

चीन में निर्मित एआई मॉडलों की जांच कर रही अमेरिकी संसद

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संसद की दो शक्तिशाली समितियों ने चीन से जुड़ी कंपनियों द्वारा बनाए गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल की एक बड़ी जांच शुरू की है। सांसदों को डर है कि इन चीनी एआई मॉडलों से अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा और साइबर सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है, जिसमें डेटा की चोरी और रणनीतिक रूप से चीन पर बढ़ती निर्भरता शामिल है।

होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी के अध्यक्ष एंड्रयू आर. गारबारिनो और चीन मामलों की कमेटी के अध्यक्ष जॉन मूलनार ने इस जांच का ऐलान किया। उनका मुख्य ध्यान डीपसीक, अलीबाबा, मूनशॉट एआई और मिनीमैक्स जैसी चीनी कंपनियों पर है, जिनके सस्ते एआई सिस्टम दुनिया भर में बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं। जांच में सबसे बड़ा आरोप यह है कि चीनी कंपनियां मॉडल डिस्टिलेशन नाम की तकनीक का प्रयोग कर रही हैं।

आसान भाषा में कहें तो, ये कंपनियां अवैध तरीकों और फर्जी खातों के जरिए अमेरिका के महंगे और आधुनिक एआई सिस्टम की खूबियां चुरा लेती हैं। फिर वे उन्हीं खूबियों को अपने सस्ते एआई मॉडल में डाल देती हैं, लेकिन उनमें वो सुरक्षा घेरे (सेफगार्ड्स) नहीं होते जो अमेरिकी सिस्टम में अनिवार्य हैं। सांसदों ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी कंपनियां शोध में अरबों डॉलर खर्च करती हैं, जबकि चीनी कंपनियां बहुत कम लागत में उस मेहनत को चुरा रही हैं। उन्होंने कहा कि बिना सुरक्षा मानकों वाले इन मॉडलों का इस्तेमाल आतंकी संगठन, अपराधी या दुश्मन देश गलत कामों के लिए कर सकते हैं। जांच के पहले चरण में एनीस्फीयर और एयरबीएनबी जैसी कंपनियों से जवाब मांगा गया है। एयरबीएनबी से पूछा गया है कि वह अपनी ग्राहक सेवा के लिए अलीबाबा के एआई मॉडल पर क्यों निर्भर है।

चीन ने अमेरिका-चीन संबंधों में ताइवान को बताया सबसे बड़ा खतरा

ताइपे। ताइवान ने चीन के उस बयान पर शुक्रवार को चिंता जताई, जिसमें उसने कहा है कि स्वशासित ताइवान, चीन-अमेरिका संबंधों के लिए सबसे बड़ा जोखिम है। ताइवान की सरकार ने यह चिंता चीन और अमेरिका के शीर्ष राजनयिकों के बीच हुई बातचीत के कुछ घंटे बाद बीजिंग के संबंधित बयान के बाद जताई। ताइवान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ताइवान का विदेश मंत्रालय चीन के बयान को लेकर चिंतित है जिसमें एक बार फिर ताइवान मुद्दे पर धमकी भरी बातें की गई हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ हुई बातचीत में कहा कि अमेरिका को ताइवान के मुद्दे पर सही विकल्प चुनना चाहिए, ताकि दोनों देशों के बीच स्थिरता बनी रहे। यह जानकारी चीनी विदेश मंत्रालय के बयान में दी गई। यह बातचीत उस बहुप्रतीक्षित शिखर सम्मेलन से लगभग दो हफ्ते पहले हुई है, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात होने की उम्मीद है। इस बैठक में ताइवान प्रमुख मुद्दों में से एक माना जा रहा है। चीन, ताइवान को अपना अलग हुआ प्रांत मानता है और आवश्यकता पड़ने पर बल प्रयोग से उसे फिर से अपने नियंत्रण में लेने की बात करता है।

दक्षिण अफ्रीका के पाठ्यक्रम में रखें भारतीय इतिहास

जोहानिसबर्ग। साउथ अफ्रीकन हिंदू धर्म सभा ने दक्षिण अफ्रीका में संशोधित किए जा रहे स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त स्थान देने की मांग की है। एक खुले पत्र में सभा के अध्यक्ष राम महाराज ने कहा कि भारतीय समुदाय के इतिहास को पाठ्यक्रम में समुचित रूप से शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1981 में डरबन में आयोजित पहले राष्ट्रीय हिंदू सम्मेलन में हिंदू धर्म सभा ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर स्कूल पाठ्यक्रम में भारतीयों के इतिहास को पर्याप्त रूप से शामिल करने की मांग की थी।

“मुझे तो पता भी नहीं चला कि मैं रन बनाने के मामले में माही भाई से आगे निकल गया हूं। व्यक्तिगत उपलब्धियां अच्छी होती हैं। इनसे भरोसा होता है कि मैं सही दिशा में आगे बढ़ रहा हूं। लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी धोनी जितनी ट्रॉफियां जीतने से होगी।
– केएल राहुल

स्टेडियम

लखनऊ, शनिवार, 2 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

समय - शाम 7:30 बजे

पराग और फरेरा ने राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 225 रनों तक पहुंचाया

आईपीएल-2026 : खराब शुरुआत के बाद दिल्ली कैपिटल्स के सामने रखा विशाल लक्ष्य

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स ने कप्तान रियान पराग (90 रन) के अर्धशतक और अंत में डोनोवन फरेरा (14 गेंद में नाबाद 47 रन) की ताबड़तोड़ पारी की बदौलत शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट पर 225 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

पराग ने आठ चौके और पांच छक्के जड़ित 50 गेंद की पारी से अपने आस पास की कई चिंताओं को दूर कर दिया क्योंकि वह इस सत्र में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उनकी मैदान पर ही मुश्किल काफी नहीं थीं कि उन्हें डगआउट में 'वेपिंग' करते हुए कैमरे में कैद कर लिया गया जिससे बीसीसीआई ने उन पर 25 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा दिया। इसलिए उन्हें बहुत कुछ साबित करना था और इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में ऐसा करते हुए आईपीएल 2026 में अपना पहला पचासा बनाया।

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते राजस्थान रॉयल्स के डोनोवन फरेरा। एजेंसी

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद राजस्थान रॉयल्स ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल के विकेट जल्दी गंवा दिए। इससे पराग पर काफी दबाव था, उन्होंने और ध्रुव जुरेल (42 रन) ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 59 गेंद में 102 रन की साझेदारी निभाकर इस बड़े स्कोर की नींव रखी। इसके बाद शानदार फॉर्म में चल रहे फरेरा ने 14 गेंद में दो चौके और छह छक्के जड़कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दिल्ली कैपिटल्स के लिए सत्र का पहला मैच खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 40 रन देकर तीन विकेट झटके। सूर्यवंशी को काइल जैमीसन ने यॉर्कर गेंद पर आउट किया जबकि जायसवाल भी स्टार्क को रिटर्न कैच दे बैठे। मेजबान टीम ने दो ओवर में 12 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे।

खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाज पराग की स्टार्क के खिलाफ घबराहट साफ झलक रही थी। लेकिन पराग ने छठे ओवर में जैमीसन की जमकर धुनाई की और लगातार छक्का, चौका और छक्का जड़कर आत्मविश्वास हासिल किया। इससे राजस्थान रॉयल्स ने पावर प्ले का अंत दो विकेट 56 रन पर किया। लय में आने के बाद पराग की बल्लेबाजी में भी आत्मविश्वास साफ दिखाई दिया। उन्होंने बाएं हाथ के तेज गेंदबाज टी नटराजन के खिलाफ कवर्स के ऊपर से 'टेनिस स्टाइल' के फोरहैंड छक्का जड़ दिया। इस तरह पराग ने 32 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और जुरेल के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। पर जुरेल ने अक्षर पटेल की गेंद को पुल करते हुए सीधे डीप में खड़े ट्रिस्टन स्टब्स के हाथों में थमा दिया था। उनके जाने के बावजूद पराग रुके नहीं, उन्होंने रविंद्र जडेजा (20) के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई। हालांकि तब कुछ देर के लिए खेल धीमा पड़ गया था, लेकिन पराग ने जैमीसन की गेंदों पर लगातार तीन बाउंड्री लगाकर रन गति को इजाफा दिया, इनमें एक शानदार अपरकट भी शामिल था।

जडेजा के स्टार्क की गेंद का शिकार होने से पहले उन्होंने और पराग ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़े। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्टार्क ने पराग की पारी का भी अंत कर दिया जो कवर्स के ऊपर से खेलने की कोशिश में सीधे गेंद अक्षर के हाथों में दे बैठे। फरेरा ने फिर उपयोगी योगदान दिया जिसमें उन्होंने स्टार्क की गेंदों पर लगातार एक चौका और एक छक्का भी जड़ा।

राजस्थान रॉयल्स

225/6 (20 ओवर)

यशस्वी जायसवाल का एवं बो स्टार्क	06
वैभव सूर्यवंशी बो जैमीसन	04
ध्रुव जुरेल का स्टब्स बो पटेल	42
रियान पराग का अक्षर बो स्टार्क	90
रविंद्र जडेजा का आशुतोष बो स्टार्क	20
डोनोवन फरेरा नाबाद	47
शुभम दुबे का आशुतोष बो नटराजन	06
जोफ्रा आर्चर नाबाद	01

अतिरिक्त : 09, **विकेट पतन** : 1-6, 2-12, 3-114, 4-167, 5-168, 6-208

गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-40-3, जैमीसन 4-0-48-1, अक्षर 4-0-39-1, कुलदीप 4-0-41-0, नटराजन 4-0-54-1

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	पंजाब किंग्स	8	6	1	1	13	1.043
2.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	9	6	3	0	12	1.420
3.	सनराइजर्स हैदराबाद	9	6	3	0	12	0.832
4.	राजस्थान रॉयल्स	9	6	3	0	12	0.617
5.	गुजरात टाइटंस	9	5	4	0	10	-0.192
6.	चेन्नई सुपर किंग्स	8	3	5	0	6	-0.121
7.	दिल्ली कैपिटल्स	8	3	5	0	6	-1.060
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	8	2	5	1	5	-0.751
9.	मुंबई इंडियंस	8	2	6	0	4	-0.784
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	8	2	6	0	4	-1.106

ऑरेंज कैप

- अभिषेक शर्मा हैदराबाद - 425 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद- 414 रन
- वैभव सूर्यवंशी राजस्थान- 404 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु- 17 विकेट
- इशान मलिंगा हैदराबाद- 15 विकेट
- जोफ्रा आर्चर राजस्थान- 14 विकेट

मैदान से इतर के विवाद टीम के लिए सकारात्मक संकेत नहीं : संगकारा

जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा ने कहा कि मैदान से बाहर की दो घटनाओं के लिए कप्तान रियान पराग और सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य पर लगाए गए जुर्माने से टीम की छवि पर बुरा असर पड़ता है। पराग पर पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान गुरुवार को ड्रेसिंग रूम में ई-सिगरेट का सेवन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। उन्हें खेल की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का दोषी पाया गया। इससे पहले टीम मैनेजर रोमी भिंडर पर डगआउट में फोन के इस्तेमाल से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच से पहले संगकारा ने कहा मुझे लगता है कि इससे निश्चित रूप से टीम पर सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है, फिर चाहे वह किसी भी तरह का विवाद हो। उन्होंने कहा मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और फ्रेंचाइजी ने दोनों ही मामलों पर ध्यान दिया है। जहां तक संस्कृति की बात है, हम हमेशा सकारात्मक और स्वस्थ संस्कृति बनाए रखने की कोशिश करते हैं। हमारे अपने मूल्य हैं जिनका हम पालन करते हैं। खिलाड़ियों को लगातार याद दिलाया जाता है कि वे फ्रेंचाइजी और हमारी संस्कृति और मूल्यों के प्रति जिम्मेदार रहें। बीसीसीआई ने गुरुवार को बयान जारी करके कहा था कि पराग को दंडित करने के बाद वह राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है। पराग को इस सत्र के लिए राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया है लेकिन वह अभी तक बल्लेबाजी में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, लेकिन संगकारा ने उनका बचाव किया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि उन्होंने कप्तान के तौर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

हाईलाइट

एथेंस के पास पिराएस में ओलंपियाकोस और एएस मोनाको के बीच यूरोलीग प्लेऑफ बास्केटबॉल प्रतियोगिता देखते टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच (बाएं) व मिल्वौकी बक्स के जियानिस एंटेटोकोउनम्पो। एजेंसी

ब्लॉक्स ने चौंकाया किशोरी एंड्रीवा मैड्रिड ओपन के फाइनल में

मैड्रिड। अलेक्जेंडर ब्लॉक्स ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन के क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन कैस्पर रूड को 6-4, 6-4 से हराकर एक बड़ा उलटफेर कर दिया। ब्लॉक्स करीब दो महीने पहले ही दुनिया के शीर्ष 100 खिलाड़ियों में शामिल हुए थे। 21 वर्षीय बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने मैड्रिड में चार वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से बाहर किया है, जिसमें तीसरी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम भी शामिल हैं। जीत के बाद बात करते हुए, ब्लॉक्स ने माना कि उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि वे अपने पहले एटीपी 1000 सेमीफाइनल तक पहुंच पाएंगे। महिलाओं के सेमीफाइनल में, मिरा एंड्रीवा ने 30वीं वरीयता प्राप्त हेली बैपटिस्ट के दूसरे सेट में ज़ोरदार वापसी के बावजूद 6-4, 7-6 (8) से जीत हासिल की; यह बुधवार को 19 साल की होने के बाद उनके लिए जन्मदिन का एक देर से मिला तोहफ़ा था।

भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

दुबई। सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में टॉप दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा। ऑस्ट्रेलिया नंबर 1 पर अपना दबदबा बनाए हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुँचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नंबर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फ़ायदा मिला है और वह 119 अंकों पर पहुँच गई है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुँच गया है, और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 23 अप्रैल, 2023 से पहले के नतीजों का वेटेज अब रैंकिंग में शामिल नहीं है। इन नतीजों में न्यूज़ीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ़ घरेलू सीरीज़ में मिली जीत, और पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल थी। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फ़ायदा मिला है। वेस्ट इंडीज़, बांग्लादेश और ज़िम्बाब्वे टॉप 10 में शामिल हैं, वहीं आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि में जरूरी मैच नहीं खेले हैं।

फेड कप में हिस्सा नहीं लेने पर प्रतिबंधित हो सकते हैं एथलीट

- एएफआई ने ठोस वजह बताने के दिए निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने घोषणा की है कि कोई भी एथलीट जो 22-25 मई तक रांची में होने वाले राष्ट्रीय सीनियर एथलेटिक्स फेडरेशन कप में प्रविष्टि मिलने के बाद बिना किसी ठोस वजह के शामिल नहीं होता है तो उसे बाद की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से प्रतिबंधित किया जा सकता है।

पिछले कुछ साल से एएफआई को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है कि एथलीट अपनी स्पर्धा के लिए नाम तो दर्ज करवा लेते हैं, लेकिन मुकाबले के दौरान आते नहीं हैं। इसकी वजह शायद यह डर है कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी उनका डोप परीक्षण कर सकती है, या फिर कोई और वजह हो सकती है जिसके चलते किसी खास स्पर्धा में बहुत कम एथलीट ही हिस्सा लेते हैं।एएफआई ने फेडरेशन कप के संबंध में हाल में जारी एक सर्कुलर में कहा अगर कोई एथलीट बिना किसी ठोस वजह के प्रविष्टि भेजने के बाद भी मुकाबले में हिस्सा नहीं लेता है तो उसे बाद की किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। महासंघ के पास यह अधिकार है कि वह बिना कोई वजह बताए किसी भी प्रविष्टि को खारिज कर सकता है। इसके अलावा फेडरेशन कप में सिर्फ वही एथलीट हिस्सा ले पाएंगे जिन्होंने इस साल के दौरान एएफआई द्वारा आयोजित कम से कम दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया हो। इस बीच एएफआई ने यह भी कहा कि जिन खिलाड़ियों ने अपनी निलंबन की अवधि पूरी कर ली है, वे अगर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहते हैं तो वे उस तारीख से ठीक एक साल पहले की अवधि में हासिल किए गए अपने प्रदर्शन का सबूत जमा कर सकते हैं, जिस तारीख को उन पर यह निलंबन लगाया गया था।

शॉटगन विश्व कप में भाग लेगी भारत की 12 सदस्यीय टीम

नई दिल्ली। कजाकिस्तान के अल्माटी में होने वाले इस साल के दूसरे आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में भारत की 12 सदस्यीय निशानेबाजी टीम भाग लेगी। भारतीय टीम शनिवार को आयोजन स्थल पर पहुंचेगी। दस दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 42 देशों के 284 खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम के आठ सदस्य भी आरपीओ (केवल रैंकिंग अंक के लिए) निशानेबाज के रूप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता सोमवार (चार मई) को पुरुषों और महिलाओं के स्कीट क्वालीफायर के साथ शुरू होंगी। इस स्पर्धा के फाइनल पांच मई को होंगे। ट्रैप स्पर्धा के दो फाइनल नौ मई को जबकि ट्रैप मिश्रित टीम का फाइनल अगले शनिवार यानी 10 मई को होगा।

चीनी ताइपे को हराकर भारत सेमीफाइनल में

होर्सेंस (डेनमार्क), एजेंसी

देश के शीर्षस्थ एकल शटलर लक्ष्य सेन की शानदार वापसी के बाद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी की ख्यातिनाम जोड़ी और फिर युवा आयुष शेट्टी के दमदार प्रदर्शन से पूर्व चैम्पियन भारत ने शुक्रवार को यहां चीनी ताइपे पर 3-0 की निर्णायक बढ़त हासिल की और थॉमस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश के साथ पुरुषों की टीम बैडमिंटन चैम्पयनशिप में पदक पक्का कर लिया।

थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जीत दर्ज करने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

लक्ष्य की मैच अंक से असाधारण वापसी फोरम होर्सेंस के कोर्ट नंबर दो पर सेमीफाइनल का पहला रबर खेलने उतरे विश्व नंबर 11 लक्ष्य ने दो मैच प्वॉइंट बचाते हुए असाधारण वापसी की और विश्व के छठे नंबर के शटलर चोउ टिएन चेन को हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। 24 वर्षीय लक्ष्य अधिकतर समय तक पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने गजब का जुझारूपन दिखाया तथा एक घंटा 28 मिनट तक खिंची मैराथन कश्मकश में 18-21, 22-20, 21-17 से जीत दर्ज की। सात्विक-चिराग भी तीन गेमों के संघर्ष में जीते वहीं सात्विक व चिराग की विश्व नंबर चार जोड़ी ने चियू सियांग चिएह व वांग ची-लिन को एक घंटा 15 मिनट में 23-21, 19-21, 21-12 से हराकर भारत की बढ़त दुगुनी कर दी।

पहला गेम कड़े संघर्ष में जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरा गेम गंवा बैठी। लेकिन निर्णायक गेम में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 14 जोड़ी ज्यादा संघर्ष नहीं कर सकी। आयुष शेट्टी ने विश्व नंबर 8 लिन चुन-यी को स्तब्ध किया

- थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में लक्ष्य और आयुष ने एकल जीते

> यह यादगार प्रदर्शन वर्ष 2022 में खिताब जीतने के अलावा 1952, 1955 और 1979 में भी कांस्य पदक जीत चुकी भारतीय टीम के पूर्व कोच विमल कुमार ने इस जीत पर कहा, 'यह यादगार प्रदर्शन है। इससे भारतीय बैडमिंटन में बढ़ते आत्मविश्वास, तैयारी और ताकत का पता चलता है।

भारतीय टीम ने दूसरे एकल में विश्व नंबर 18 आयुष शेट्टी को उतारा और तेजी से उभर रहे इस युवा शटलर अपने शानदार प्रदर्शन से वाहवाही लूट ली।

पिछले ही माह बैडमिंटन एशिया चैम्पियनशिप के फाइनल तक पहुंचे मेंगलुरु के 20 वर्षीय शेट्टी विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर पर काबिज व मौजूदा ऑल इंग्लैंड ओपन चैम्पियन लिन चुन-यी को सिर्फ 48 मिनट में 21-16, 21-17 से स्तब्ध कर 3-0 की निर्णायक बढ़त के साथ भारत को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। भारत की फाइनल में प्रवेश के लिए अब जापान या फ्रांस से टक्कर होगी।

नेक विचार

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार तेज गेंदबाज ने कहा- 'व्यक्तिगत उपलब्धियों पर ध्यान नहीं देते'

सिर्फ टीम के लक्ष्यों पर ध्यान करता हूं केंद्रित : भुवनेश्वर

अहमदाबाद, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने कहा कि वह अपने करियर के उस मुकाम पर पहुंच गए हैं जहां उनके लिए टीम की सफलता व्यक्तिगत उपलब्धियों से अधिक महत्वपूर्ण है। यह 36 वर्षीय तेज गेंदबाज इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में सर्वाधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज है और इस कारण उनके पास पर्पल कैप है। उन्होंने आरसीबी की तरफ से गुजरात टाइटंस के खिलाफ 28 रन देकर तीन विकेट लिए। उनकी टीम को हालांकि इस मैच में हार का सामना करना पड़ा।

भुवनेश्वर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा पर्पल कैप मिलना अच्छी बात है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उस दौर से आगे निकल चुका हूं जहां मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हासिल करना चाहता था। आरसीबी की टीम का लक्ष्य का पीछा करने में अच्छा रिकॉर्ड रहा है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसे पहले बल्लेबाजी करनी पड़ी और उसकी टीम 155 रन पर आउट हो गई।

भुवनेश्वर ने स्वीकार किया कि इस सत्र में सभी मैदानों पर लक्ष्य का पीछा करना आसान रहा है। उन्होंने कहा अगर आप इस बार आईपीएल को देखें तो किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो गया है। हमने टॉस नहीं जीता। हमें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया था। हमने गेंदबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश की। अब नतीजा यह है कि हम हार गए। भुवनेश्वर ने आगे कहा हम रन बचाकर मैच नहीं जीत सकते थे। हम विकेट लेकर जीत सकते थे और जिन गेंदबाजों ने गेंदबाजी की वे विकेट लेने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। आप हर मैच में हर विभाग में परफेक्ट नहीं हो सकते। हमने पूरे टूर्नामेंट में अब तक अच्छी बल्लेबाजी की थी। गुजरात टाइटंस की तरफ से वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने 29 रन देकर दो विकेट लेने के अलावा तीन कैच भी लिए। उन्होंने 12 रन भी बनाए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा जब हम नीलामी में जेसन को अपनी टीम में शामिल करने की कोशिश कर रहे थे तो हमारा मकसद यही था कि वह बल्ले और गेंद दोनों की भूमिका निभा सके। उन्होंने पिछले कुछ समय में पांचवें और छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया है।

पुरस्कार जीतने की चाह नहीं

भुवनेश्वर कुमार ने कहा निश्चित रूप से मैं कुछ हासिल करना चाहता हूं। लेकिन अब यह टीम से जुड़ा हुआ है। अब मैं युवा नहीं हूं। जब आप युवा होते हैं तो पुरस्कार जीतना चाहते हैं और यह अच्छा प्रदर्शन करने पर ही आपको मिलते हैं। भुवनेश्वर ने कहा लेकिन जब आप टीम के लक्ष्य को ध्यान में रखकर काम करते हैं और तब आपको कोई व्यक्तिगत पुरस्कार या इनाम मिलता है, तो अच्छा लगता है। लेकिन सच कहूं तो मैं बस अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।

उम्मीदें जीवंत रखने के लिए टकराएंगे चेन्नई और मुंबई

चेन्नई, एजेंसी

अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस की टीमों के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां करो या मरो का मुकाबला होगा, जिसमें दोनों का लक्ष्य प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने की उम्मीद जीवंत रखना होगा। आईपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीम का अब तक का अभियान निराशाजनक रहा है और वे लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही हैं।

सीएसके के लिए एमए चिदंबरम स्टेडियम की परिस्थितियां अनुकूल रही हैं लेकिन उनके प्रदर्शन में वह प्रभाव देखने को नहीं मिला है जो वर्षों से उसकी पहचान रही है।

अभ्यास सत्र के दौरान मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या (बाएं) और चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

सीएसके की बल्लेबाजी में निरंतरता का अभाव रहा है। विशेषकर उसके बल्लेबाज बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उसके गेंदबाज भी दबाव वाली परिस्थितियों में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए जूझ रहे हैं।

मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन भी इस सत्र में उतार-चढ़ाव वाला रहा है। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, पांच बार की चैंपियन टीम को कमजोर मध्य क्रम और गेंदबाजों ने निराश किया है। उसके गेंदबाज स्कोर का बचाव करने और महत्वपूर्ण मौकों पर विपक्षी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। अब टूर्नामेंट अपने निर्णायक चरण में पहुंच गया है तो इन दोनों टीम के लिए अपने प्रदर्शन में सुधार करने के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। उन्हें अपनी किस्मत पलटने के लिए इस मैच से ही अच्छा प्रदर्शन करना होगा।